देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा शनिवार 23 सितम्बर 2023 वर्ष 39 अंक 37 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

## परिणीति–राघव शादी के लिए उदयपुर रवाना

मुंबई (ईएमएस)। राघव चड्ढा और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा शादी करने के लिए उदयपुर रवाना हो गए हैं। इस जोड़े को शुक्रवार सुबह दिल्ली हवाईअड्डे पर पपराज़ी ने देखा। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में परिणीति एयरपोर्ट में प्रवेश करती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने लाल रंग का सूट पहना था। थोड़ी देर बाद उनके होने वाल दूल्हे राघव चड्ढा भी एयरपोर्ट पहुंचे। राघव के साथ उनके परिवार के कुछ सदस्य भी थे। कपल की शादी 24 सितंबर को राजस्थान में होगी। उनकी भव्य शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। बता दें कि हाल ही में नई दिल्ली में कपल ने अपनी शादी से पहले प्री–वेडिंग फंक्शन्स शुरुआत की जो सूफी रात और अरदास के साथ शुरू हुआ। इसके बाद अब 23 सितंबर को कपल की संगीत और 'डी–डे' होगा। 24 सितंबर कपल शादी के बंधन में बंध जाएगा। कपल की शादी की तैयारी के बीच खबर ये भी है कि परिणीति की शादी में उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी संग शामिल होंगी। हालांकि उनके पति निक जोनस इस शादी को अडेंट नहीं कर पाएंगे।

## सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर हमला करने वाला आरोपी एनकाउंटर में ढेर

अयोध्या संवाददाता

अयोध्या। सावन मेले के दौरान सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी पर हमला हुआ था। महिला को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा है। सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी पर हमले के मामले में पुलिस ने एक अपराधी अनीस को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। एसटीएफ और अयोध्या पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एनकाउंटर में अपराधी नसीम ढेर हुआ है। उसके दो अन्य साथी भी घायल हुए हैं।

मुठभेड़ में एसओ पुराकलंदर रतन शर्मा व दो अन्य सिपाही के भी घायल होने की सूचना है। क्षेत्र के थाना पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल मार्ग पर मुठभेड़ हुई है। इसी मामले में थाना इनायत नगर से दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। सावन मेले के दौरान सरयू एक्सप्रेस में महिला मुख्य आरक्षी पर हमला हुआ था। महिला को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के खुलासे के लिए एसटीएफ व जीआरपी को लगाया गया था। घटना 30 अगस्त को हुई थी। इस मामले में कोर्ट ने भी संज्ञान लिया था और आधी रात को कोर्ट खोलकर सुनवाई की गई थी।

जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में मारा गया अनीस महिला कांस्टेबल से छेड़खानी करने लगा था। महिला ने बदमाश को पटक दिया तो तीनों बदमाशों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। ट्रेन की खिड़की से सिर लड़ाकर महिला को घायल कर दिया था। अयोध्या से पहले ट्रेन धीमी हुई थी तो तीनों बदमाश फरार हो गए थे।

यूपी एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने वाले एक बदमाश को मार गिराया है। मारे गए बदमाश अनीस के दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल उर्फ लल्लू घायल है।

*स्पेशल डीजी ने कही ये बात*

स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा, सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी अयोध्या के पूरा कलंदर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। उसके दो अन्य साथियों को मुठभेड़ के बाद इनायत नगर से गिरफ्तार किया गया है।

# नए भवन में यात्रा सहित 160 प्रतिशत कार्य निष्पादन वाला 13वां विशेषसत्र ऐतिहासिक–ओम बिरला

नई दिल्ली (ईएमएस)। विशेषसत्र (तेरहवें सत्र) के दौरान दौरान लोकसभा में 160 प्रतिशत काम हुआ। सत्र के दौरान लोकसभा की चार बैठकें हुईं, जो 31 घंटे तक चलीं। महिला आरक्षण से जुड़े संविधान (128वां संशोधन) विधेयक पर सदन में 9 घंटे और 57 मिनट तक चर्चा हुई। इस बिल पर बहस में 60 सांसदों ने भाग लिया, जिनमें 32 महिला सांसद शामिल रहीं। सदन ने बुधवार को भारी बहुमत से महिला आरक्षण से जुड़े बिल को पारित कर दिया। 18 सितंबर से शुरू हुए सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कहा कि नए भवन में यात्रा आरम्भ वाला यह सत्र संसदीय इतिहास में ऐतिहासिक सत्र के रूप में याद किया जाएगा। सदन के कामकाज के संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभा को सूचित किया कि 18 सितंबर, 2023 को शुरू हुआ सत्र, जिसमें 4 बैठकें थीं, लगभग 31 घंटे तक चला। बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 160 प्रतिशत रही। सत्र के दौरान एक सरकारी विधेयक पेश किया गया और एक विधेयक पारित किया गया। 19 सितंबर, 2023 को पेश किए गए संविधान (128वां संशोधन) विधेयक पर चर्चा 9 घंटे और 57 मिनट तक चली। चर्चा में 60 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें 32 महिला सदस्य शामिल हैं।

विधेयक को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप दो–तिहाई बहुमत से पारित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई संविधान सभा से लेकर 75 वर्षों की संसदीय यात्रा – उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख विषय पर चर्चा 6 घंटे और 43 मिनट तक चली, जिसमे 36 सदस्यों ने भाग लिया। 21 सितंबर, 2023 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान–3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे देश की अन्य उपलब्धियों विषय पर चर्चा शुरू की जो 12 घंटे और 25 मिनट तक चली और 87 सदस्यों ने इसमें भाग लिया। अध्यक्ष ने सदन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि लोकसभा की विभाग–संबंधित स्थायी समितियों ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। सत्र के दौरान, 20 सितंबर, 2023 को निर्देश 73ए के तहत एक वक्तव्य दिया गया और लगभग 120 कागजात सदन के पटल पर रखे गए।



## प्रधानमंत्री आज करेंगे अटल विद्यालय का शुभारंभ

निज संवाददाता

गोण्डा। उप श्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि आगामी 23 सितंबर को प्रधानमंत्री प्रदेश के श्रमिकों के बच्चों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। प्रदेश के 18 मंडलों में श्रमिकों के बच्चों के लिए बनाये गये मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 23 सितंबर को किया जाएगा। इसके बाद अटल विद्यालयों में औपचारिक तरीके से पठन–पाठन प्रारंभ हो जाएगा।

नवोदय विद्यालय की तर्ज पर बनाए गए अटल आवासीय विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे कक्षा 6 से कक्षा 12 तक पढ़ाई करेंगे। देवीपाटन मंडल में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण तहसील मनकापुर के ग्राम सिसवा में किया गया है। विद्यालय में 80 सीट पर छात्रों का चयन किया गया जिसमें गोंडा के 58, बहराइच के 13, बलरामपुर के सात और श्रावस्ती के दो बच्चे शामिल हैं। इन सभी छात्रों को निशुल्क शैक्षिक आवासीय विद्यालय की सुविधा, अनुभवी अध्यापक, छात्रावास, भोजन, पाठ्य पुस्तक, आवास यूनिफॉर्म तथा खेल की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## डकैती सहित 18 मामले का आरोपी सुक्खा की कनाडा में हत्या

नई दिल्ली (ईएमएस)। पंजाब के मोस्ट वांटेड अपराधियों में से एक गैंगस्टर सुखदुल सिंह उर्फ सुक्खा दुनेके की अज्ञात लोगों ने कनाडा के विनिपेग शहर में हत्या कर दी। वहीं अब कनाडा पुलिस ने गैंगस्टर सुक्खा हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने सुक्खा हत्याकांड की खबर दी। उन्होंने इसे कुछ गैंग के बीच आपसी दुश्मनी का परिणाम बताया ।

सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर पर हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती सहित कम से कम 18 मामले थे। उसकी हत्या कनाडा के समयानुसार बुधवार रात को हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दुनेके पंजाब के मोगा जिले के दुनेके कलां गांव से था और वह दिसंबर 2017 में कनाडा भाग गया था। दुनेके दविंदर बंबीहा गिरोह का सक्रिय सदस्य था और कनाडा में गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्श दल्ला, गैंगस्टर लकी पटिआल, मलेशिया के गैंगस्टर जकपाल सिंह उर्फ लाली तथा अन्य अपराधियों का करीबी था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में राजनयिक विवाद खड़ा हो गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया है। सूत्रों ने बताया कि खुंखार गैंगस्टर दुनेके विदेशी धरती से अपना गिरोह चला रहा था। साथ ही वह उगाही का रैकेट चलाने, स्थानीय सहयोगियों की मदद से पंजाब और आस–पास के इलाकों में विरोधी गिरोह के सदस्यों की हत्या कराने तथा विदेशों में बसे सहयोगियों के नेटवर्क के प्रबंधन में भी शामिल था। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में पंजाब और आसपास के इलाकों में दुनेके की ओर से वसूली के लिए फोन करने की घटनाएं बढ़ी थीं। जनवरी में दुनेके के दो सहयोगियों–कुलविंदर सिंह उर्फ किंडा और परमजीत सिंह पम्मा को काउंटर–इंटेलिजेंस विंग (बठिंडा) ने गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से तीन पिस्तौल और कारतूस जब्त किए गए थे। ये दोनों लोग दुनेके के उगाही गिरोह का हिस्सा थे। दुनेके के पिता की 1990 में मौत हो गई थी और उसे अनुकंपा के आधार पर मोगा के उपायुक्त कार्यालय में चपरासी की नौकरी मिल गई थी।

उन्होंने बताया कि दुनेके ने आठ वर्ष तक नौकरी की थी और इस दौरान वह नशे का आदी हो गया था। उसके खिलाफ 2022 में लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। पिछले साल मार्च में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप नांगल अंबियां की हत्या मामले में भी उसका नाम आया था।

### जिलाधिकारी ने की आकांक्षात्मक ब्लाकों की समीक्षा

# आकांक्षात्मक ब्लॉकों को सभी योजनाओं से किया जाए संतृप्त–जिलाधिकारी

○ आकांक्षात्मक ब्लाकों में पहुंचे सभी योजनाओं का लाभ



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा (DM Neha Sharma) ने जनपद के आकांक्षात्मक विकासखण्डों बभनजोत, पण्डरी कृपाल व रूपईडीह में संचालित योजनाओं की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, कौशल विकास, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बैंकिंग आदि कई विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि इन सभी ब्लॉकों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति को बढ़ाया जाए। सभी लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किया जाए व सभी स्वास्थ्य योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व केसीसी का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवीओ को पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण करने गौशाला में गोवंशों का बेहतर संरक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की प्रगति स्टेट की औसत प्रगति से खराब है उसमें तत्काल सुधार लाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कोई भी रिपोर्टिंग गलत नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी आकांक्षात्मक ब्लॉकों को सभी योजनाओं से संतृप्त किया जाए। अधिकारी इन ब्लॉकों में विशेष रूप से अपनी योजनाओं के निगरानी करें। अधिकारी भ्रमण कर गांव की समस्याओं से निराकरण करायें। इस मौके पर सीडीओ, सीएमओ, परियोजना निदेशक, सम्बन्धित ब्लॉकों के सीडीपीओ, बीडीओ एमओआईसी अधीक्षक व अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना में मिलेगा 80 हजार का अनुदान–डीएम

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में 卐नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत तीन योजनाएं लागू हैं। जनपद में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना और प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की योजना संचालित है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना के अन्तर्गत अधिकतक 80 हजार का अनुदान दिया जायेगा। प्रथम चरण में यह योजना देवीपाटन मण्डल के गोण्डा जनपद में संचालित की गई है। इसमें अन्य प्रदेश से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों (गिर साहीवाल थानपारकर, गंगातीरी एवं हरियाणा प्रजाति) के क्रय पर 80 हजार का अनुदान दिया जायेगा। महिला दुग्ध उत्पादकों को 50 प्रतिशत वरीयता दी जायेगी। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ब्यांत की होनी चाहिए। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नस्ल की गायें को पालन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना। योजना स्वदेशी नस्ल की गाय यथा गिर साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थारपारकर प्रजातियों पर लागू होगी। एक गाय की उच्च उत्पादकता हेतु उसके जीवनकाल में केवल एक बार इस योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को दिया जायेगा। यह योजना गायों के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ब्यांत के लिए ही लागू होगी। प्रगतिशील पशुपालक का अधिकतम 02 गायों के लिए केवल एक बार इस योजना का लाभ देय होगा।

प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहित करने हेतु पशुपालकों को चयनित कर 10 हजार से 15 हजार प्रति गाय की दर से नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। साहीवाल गाय, गिर गाय एवं थारपारकर गाय हेतु 08 से 12 किग्रा0 तक दस हजार एवं 12 किग्रा से अधिक 15 हजार एवं हरियाणा गाय हेतु 07 से 10 किग्रा तक दस एवं 10 किग्रा से अधिक 15 हजार तथा गंगातीरी हजार गाय हेतु 07 से 08 किग्रा तक दस हजार एवं 8 किग्रा से अधिक 15 हजार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। आवेदन प्रारम्भ की तिथि 18 सितंबर एवं आवेदन की अन्तिम तिथि 17 अक्टूबर है। तीसरी योजना प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की योजना है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक–एक दुग्ध समिति का गठन किया जायेगा।

उन्होंने बताया की समस्त योजनाओं आवेदन पत्र का प्रारूप एवं सम्बन्धित शासनादेश विभागीय पोर्टल पर तथा सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी महाप्रबन्धक दु उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या रोड गोण्डा एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा महासंघ गोण्डा भी उपस्थित रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## बाइक सवार एक युवक को दो सगे भाईयों ने मारा चाकू, हालत गंभीर

बलिया। दुबहर निवासी रितेश यादव चचेरे भाई संग शहर स्थित बुआ के घर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते मे उसकी मुलाकात विशुनी डेरा निवासी सगे भाइयों से हो गई। दुबहर थाना क्षेत्र के बुलापुर चट्टी के समीप बुधवार को बाइक सवार एक युवक को दो सगे भाईयों ने चाकू मार कर फरार हो गए। गम्भीर रूप से घायल युवक को चचेरे भाई ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गम्भीर देख भर्ती कर लिया है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी राजेश मिश्रा घटना की जानकारी कर आरोपियों की तलाश में जुट गए है। दुबहर निवासी रितेश यादव चचेरे भाई संग शहर स्थित बुआ के घर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते मे उसकी मुलाकात विशुनी डेरा निवासी सगे भाइयों से हो गई। एक भाई से एक दिन पूर्व रितेश इंस्टाग्राम पर लाइव था तो गाली गलौज हुई थी। रितेश उक्त युवक से गाली देने का कारण पूछने लगे। इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते ही देखते गाली देने वाला युवक अपने भाई संग रितेश की पिटाई कर चाकू से हमला कर फरार हो गए। कमर के पास पीठ में चाकू लगने से रितेश वही वेसुध होकर गिर पड़ा। उसके चचेरे भाई ने आसपास के लोगों की मददत से अस्पताल पहुंचाया। वहां हालत गम्भीर बनी हुई है।

## छात्रसंघ चुनाव की तिथि दो अक्टूबर से पूर्व घोषित करने की मांग

बलिया। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति द्वारा छात्रसंघ चुनाव बहाल और महाविद्यालय द्वारा अवैध वसूली के विरोध में छात्रों की बैठक नगर के टीडी कॉलेज परिसर में मंगलवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नागेंद्र बहादुर सिंह झून्नू ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की नर्सरी है और इसे रोक कर लोकतंत्र समाप्त कर कुठाराघात किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा इसे रोककर छात्र राजनीति करने वाले विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि सभी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जिला प्रशासन को तिथि और नियमावली दोनों उपलब्ध करा दिया गया हैं। फिर भी जिला प्रशासन द्वारा चुप्पी साधना फिर एक प्रश्न चिन्ह बन गया है। अगर छात्रसंघ चुनाव सरकार व जिला प्रशासन दो अक्टूबर से पहले तिथि घोषित नहीं करते है तो हम छात्रनेता और विद्यार्थी दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन जयप्रकाश नगर बैरिया से लेकर सभी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से पदयात्रा के माध्यम से संपर्क करते हुए मिनी पीएमओ कार्यालय वाराणसी को पत्रक सोपेंगे। बैठक में आदित्य प्रताप सिंह योगी, नंदन सिंह, मदनी नसीम, अमित यादव, आशीष प्रकाश यादव, सुमित कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा, प्रफुल राज, दुर्गेश अम्बेडकर, अजय अम्बेडकर, विराम यादव, रोहित कुमार, शिवम चौबे आदि छात्रनेता आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष नितेश कुमार यादव ने किया।

## मासूम संग तालाब में कूदी मां, बच्चे की मौत

बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बेहड़ ककरहिया गांव में मानसिक रूप से बीमार महिला अपने साल भर के मासूम बच्चे को लेकर तालाब में कूद गई। आसपास मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद महिला की जान तो बचा ली मगर मासूम की डूबकर मौत हो गई। महिला का पति भी मानसिक रूप से बीमार है। देवर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि महिला पर शैतान आता है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बेहड़ ककरहिया में कंजड़ बिरादरी की बस्ती है। यहां का निवासी ताहिर व उसकी पत्नी रकीसुन ( 26 ) दोनों मानसिक रूप से बीमार है। दोनों से एक साल का बेटा अजमत था। ग्रामीणों के अनुसार महिला अक्सर अजीबोगरीब हरकत करती रहती है। घर वाले अंधविश्वास के कारण उसका इलाज कराने की बजाय झाड़फूंक करा रहे हैं। मंगलवार शाम रकीसुन अपने बेटे अजमत को लेकर घर के सामने स्थित तालाब के पास पहुंची और छलांग लगा दी। यह देख आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़ पड़े। कुछ ग्रामीणों ने तालाब में कूदकर महिला को निकाल लिया मगर उसका बेटा गहरे पानी में लापता हो गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। बुधवार सुबह तालाब में बच्चे का शव उतराता मिला। एसओ संतोष कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। महिला व उसका पति दोनों मानसिक रूप से बीमार हैं।

## असलहाधारी बदमाशों ने बाइक सवार से 30 हजार लूटे

बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात बदमाशों ने एक व्यक्ति की कनपटी पर असलहा लगाकर 30 हजार रुपये लूट लिए और उसे पिटाई कर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में धकेल दिया। घटना को अंजाम देकर भागे तीन बदमाशों का पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ पीछा किया तो वे बिना नंबर की बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार हन्नैहिया मजरे सैंदर गांव निवासी पप्पूराम क्लीनिक चलाते हैं। मंगलवार रात करीब आठ बजे वे बजगहनी गांव के एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर बाइक से घर के लिए निकले थे। सोहीपुर गांव के पास सड़क पर तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। एक ने उनकी कनपटी पर असलहा लगा दिया तो दूसरे ने 30 हजार रुपयों से भरा पर्स छीन लिया। इसके बाद बदमाशों ने उनकी पिटाई करते हुए बाइक समेत गड्ढे में धकेल दिया। इसके बाद बदमाश असलहा लहराते हुए भाग गए। पप्पू ने साहस दिखाया और तत्काल पास ही स्थित अपने गांव पहुंचे और पिता, भाई व अन्य परिजनों के साथ बाइक से जिस ओर बदमाश गए थे पीछा करना शुरू कर दिया। खिझना गांव के पास बदमाश दिखे तो उन्हें दौड़ाया। बदमाश तालाब के पास जल्दी में अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। पप्पू ने परिजनों के साथ पहुंचकर घुंघटेर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बिना नंबर की काले रंग की अपाचे बाइक कब्जे में लेकर रात भर की। एसओ घुंघटेर शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि बदमाशों का सुराग मिल गया है। जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

## 50 दिनों में 30 किमी. भी नहीं पहुंच पाए दो फ्रीजर

बाराबंकी। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पिछले तीन माह से प्लेटलेट्स और प्लाजमा बनाने वाली मशीनें पड़ी-पड़ी खराब हो रही हैं। ऐसे में डेंगू से ग्रसित और प्लेटलेट्स की कमी वाले मरीज इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वहीं मशीनों के इंस्टालेशन के लिए जिन दो फ्रीजर का इंतजार किया जा रहा है, वो पिछले 50 दिनों से लखनऊ से बाराबंकी की दूरी तय नहीं कर पाए हैं। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स और प्लाजमा बनाने वाली लगभग सभी मशीनें तीन माह पहले आ गई थीं। बनाने के बाद प्लेटलेट्स और प्लाजमा को सुरक्षित रखने के लिए दो फ्रीजर भी आने थे। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन की ओर से जारी सूची में यह दावा किया जा रहा है कि दोनों फ्रीजर बीते 31 जुलाई को ही डिस्पैच कर दिए गए हैं। जबकि जिले में अबतक कोई फ्रीज नहीं पहुंचा है। वहीं, जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जैसे ही फ्रीजर पहुंचेंगे बिना देरी किए मशीनों की इंस्टालेशन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस खींचतान में मरीज भुगत रहे है। जिले में डेंगू का प्रकोप है। ऐसे में प्लेटलेट्स की जरूरत वाले मरीज अधिक हैं। लेकिन यहां कोई व्यवस्था न होने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर प्लेटलेट्स खरीदनी पड़ रही है। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. वीपी सिंह के अनुसार प्लेटलेट्स और प्लाजमा को सुरक्षित रखने के लिए -40 डिग्री और -80 डिग्री सेल्सियस के दो डीप फ्रीजर की आवश्यकता होती है। इसकी मांग की गई थी। जहां से फ्रीजर आने थे उनका दावा है कि 31 जुलाई को डिस्पैच कर दिया गया है। लेकिन 50 दिन बीत चुके हैं, फ्रीजर अबतक नहीं पहुंचे हैं। इसके चलते सारा काम रुका हुआ है। फ्रीजर आने के बाद इंस्टालेशन जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

## साढ़े छह करोड़ से होगा राजस्व अभिलेखागार का कायाकल्प

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट में बने राजस्व अभिलेखागार के दिन बहुरने जा रहे हैं। करीब साढ़े छह करोड़ रुपये से नया अभिलेखागार भवन बनाया जाएगा। इसके साथ ही फाइलों का रखरखाव भी हाईटेक होगा। हर ब्लॉक के अभिलेखों की अलग सूची होगी, जिससे किसी भी पत्रावली को आसानी से खोजा जा सके। कलेक्ट्रेट में बना राजस्व अभिलेखागार का भवन जर्जर हो चुका है। जबकि यहां पर जिले भर के राजस्व से संबंधित पुराने अभिलेख रखे हुए हैं। गत वर्षों में हुई बारिश का पानी अभिलेखों तक पहुंच गया था। जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने इसकी मरम्मत करा अभिलेखों को सुरक्षित कराया था। तभी से इसके कायाकल्प की योजना बननी शुरू हो गई थी। नए भवन और अभिलेखों के रखरखाव के लिए करीब छह करोड़ 42 लाख 38 हजार रुपये की आवश्यकता है। इसका प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए सितंबर में शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही नए भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखागार का नया भवन बनाया जाना है। इसका प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा गया है। नया राजस्व अभिलेखागार पूरी तरह से हाईटेक होगा। अभी अभिलेखों को खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, मगर जब नया भवन बनेगा तो इसमें हर ब्लॉक का विवरण अलग होगा। इसकी एक सूची होगी, जिसमें ब्लॉकवार पूरा ब्योरा दर्ज होगा। जिससे किसी भी प्रकार के अभिलेखों को आसानी से खोजा जा सके।

# लोगों को अखर रहा अकरम का चुनौतियों के आगे हथियार डाल देना

बस्ती। खैर ट्रस्ट के पूर्व मुतवल्ली, बेगम खैर इंटर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद अकरम खां की मौत का रहस्य सुसाइड नोट मिलने के बाद भले ही धुंधला पड़ गया, लेकिन लोग अब भी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि उनके जैसा शख्स इतनी आसानी से चुनौतियों के आगे हथियार डाल देगा। लोगों को इस पर भी संदेह है कि सटाकर गोली चलाई गई होती तो कनपटी के आरपार चली गई होती। जबकि सिर की हड्डी में वह फंस गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान एक्स-रे के बाद गोली ढूंढी जा सकी। पुलिस के पास भी इसका सटीक जवाब नहीं था। मगर सुसाइड नोट ने किसी भी आशंकाओं की बुनियाद को खड़ा नहीं होने दिया। घटना के दूसरे दिन परिवार के लोग खासे सदमे में रहे। घटना के बारे में वे बात नहीं करना चाहते थे। हालांकि अकरम खां के जानने वालों में पूरे दिन कुछ न कुछ चर्चा होती रही। सबसे ज्यादा चर्चा सुसाइड नोट में लिखी बात का लोग जिक्र करते रहे। लोग कह रहे थे कि अकरम को आखिर अपने किन फैसलों पर सबसे ज्यादा पछतावा था, जिसका वह अपने सुसाइड नोट में जिक्र करना चाह रहे थे। किन गलत फैसलों के बारे में इशारा कर रहे थे। मुश्किल वक्त में करीबी मित्रों के साथ छोड़ देने की बात को भी लोग तवज्जों दे रहे थे।

अकरम खां को करीब से जानने वालों का कहना है कि वह कुछ दिनों से दोहरा किरदार निभाने लगे थे। इसलिए कई करीबी उनसे दूर होने लगे थे। लोगों का इशारा शायद उनके दूसरी शादी करने की तरफ था। आसपास ऐसे तमाम लोगों ने पहली पत्नी होने के बावजूद दूसरी शादी कर रखी है और उनकी पारिवारिक जिंदगी आसानी से चल रही है। इसलिए सिर्फ इसे लेकर तनावग्रस्त होना गले नहीं उतर रहा है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि उनके ऊपर लोगों का बकाया काफी बढ़ गया था। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों से वह ब्याज पर बड़ी रकम ले रखे थे। इसमें कुछ चर्चित लोगों का नाम बताया जा रहा है। हालांकि अभी किसी ने खुलकर नहीं बताया है कि उन्होंने अकरम खां को रुपये दे रखे थे।

## सड़क के किनारे खड़े ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

बस्ती। रामजानकी रोड़ पर रूपगढ़ गांव के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रक में बाइक घुस गई। गति तेज होने के कारण बाइक का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के अयोध्या ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। छावनी थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी रामबहादुर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह बाइक से अपने घर जा रहे थे। रात में नौ बजे के करीब रामजानकी मार्ग पर रूपगढ़ के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रक में उनकी बाइक घुस गई।

## निजी अस्पताल सील, भर्ती मरीजों को भेजा सीएचसी

बस्ती। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कुछ ही दूरी पर पब्लिक हॉस्पिटल के नाम से संचालित निजी अस्पताल का निरीक्षण करने एसडीएम आशुतोष तिवारी दल-बल पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सक, संचालक एवं प्रबंधन से जुड़े अन्य जिम्मेदार मौजूद नहीं मिले। पंजीकरण से संबंधित कोई प्रपत्र उपलब्ध न होने पर एसडीएम ने संबंधित अस्पताल को सील करा दिया। तहसीलदार पंकज गुप्ता, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सचिन चौधरी और प्रभारी निरीक्षक शैलेष सिंह के साथ एसडीएम अचानक पब्लिक हॉस्पिटल के नाम से संचालित निजी अस्पताल में पहुंचे। यहां तीन मरीज भर्ती पाए गए। उनकी देखभाल के लिए चार महिला और एक पुरुष कर्मचारी मौजूद मिले। चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं अन्य जिम्मेदार नहीं मिले। मामला संदिग्ध देख एसडीएम ने नाराजगी जताई। अस्पताल को सील कराते हुए यहां भर्ती मरीजों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी भेजवाया। निर्देश दिए कि अस्पताल के संचालक शीघ्र ही वैध कागजात लेकर प्रस्तुत हों।

# नाबालिग बेटी के मां बनने पर माता-पिता के सामने खड़ा हुआ चुनौतियों का पहाड़

बस्ती। दरिंदगी की शिकार नाबालिग बेटी के मां बनने के बाद उसके माता-पिता के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा हो गया है। नवजात को पालने, बेटी को इंसाफ दिलाने, कानूनी दांवपेच का सामना करना आसान नहीं होगा। आरोपी तो जेल भेज दिए गए, लेकिन उनके मुकरने की स्थिति में क्या होगा, इन सबके अलावा 14 साल की उम्र में मां बनी लड़की का भविष्य क्या होगा यह बड़ा सवाल है। पीड़िता की मां कहती हैं कि इस मासूम को उससे न अपनाते बन रहा है और न ठुकराते बन रहा है।

13 साल की उम्र में मां बनी दरिंदगी की शिकार किशोरी का बुधवार को मेडिकल कराया गया। न्यायालय में उसका कलमबंद बयान भी हुआ। उसने करीब साढ़े नौ महीने की आपबीती बयां की। साथ में 11 दिन के नवजात को गोद में लिए पीड़िता की मां, उसके पिता और भाई मौजूद रहे। उन लोगों ने काफी कुरेदने पर बताया कि इस बच्चे को वह लोग पाल-पोस कर बड़ा करेंगे। हालांकि बेटी के भविष्य को लेकर उन लोगों के मन में तमाम आशंका है।

अभी उसके बालिग होने में चार साल का समय बाकी है। मां कहती है कि वह उसके बालिग होने पर कहीं शादी करने का प्रयास करेगी। अभी वह केस में उलझी है, इसलिए ज्यादा सोच भी नहीं पा रही है। सनद रहे, दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी दो युवकों की दरिंदगी का शिकार हो गई। किशोरी के गर्भ ठहर जाने के कई महीने बाद परिवार वालों को इस बात की जानकारी हुई।

11 दिन पहले किशोरी ने घर पर बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद पीड़िता के परिवार ने चुप्पी तोड़ी और बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसकी मां ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया। मंगलवार को पुलिस ने उसी के आरोपी दुर्गेश निषाद व शिव कुमार निषाद को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था।

# सड़क जाम करने के मामले में 17 नामजद व 40 अज्ञात पर मुकदमा

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर में चाकूबाजी में मृत सुदीप भारती का शव रख कर सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 17 नामजद व 40 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक कमलेश पाठक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। नामजद लोगों में पिंटू प्रधान, गुड्डू राम, गोविंद कुमार, संतोष कुमार, आजाद राम, राम कुमार ठाकुर, सुभाष राम, राजेश राम, प्रमोद राम, योगेंद्र राम, राजू राम, हरेंद्र राजभर, हरेंद्र वर्मा, लाल बहादुर, प्रेमचंद राम, सुरेश राम निवासी हजौली व 40 अज्ञात हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस की कार्रवाई के दर्जनों लोग गांव छोड़कर फरार हैं।

उपनिरीक्षक ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि सुदीप की हत्या के बाद आक्रोशित परिजनों संग ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फेफना-रसड़ा मार्ग को जाम कर दिया। रास्ता अवरुद्ध होने से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जाम लगाने वालों से सड़क से हटने की अपील करते हुए कहा गया की आप सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। उसके बावजूद लोग नहीं हटे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दी है। शाम होते ही क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ने से दुकानें जल्दी बंद कर लोग बाहर नहीं निकल रहे हैं।

## छत के सहारे आंगन में उतर चोरों ने की चोरी

बलिया। नगरा थाना क्षेत्र के लखवलियां गांव में मंगलवार की देर रात छत के सहारे आंगन में उतरकर चोरों ने लाखों का माला पर कर दिया। घटना की जानकारी गृह स्वामी को बुधवार की सुबह हुई। पुलिस ने पहुंचकर जांच की। लखवलिया गांव में रवीन्द्र पान्डेय के घर की छत पर पीछे मंगलवार की देर रात बांस लगाकर चोर घर के अंदर प्रवेश कर गए।बिजली न होने से लोग घर के बाहर सो रहे थे। छत के पीछे से आंगन में उतरकर चोरों ने एक एक कर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी व सूटकेस में रखे गहने, कीमती साड़ियां व 15 हजार नगदी पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार दिन में गांव से कुछ दूर रह मदारी दिखाने वालों ने घर के बगल में कला दिखाई थी। रात में चोरी होने पर लोग उन्हीं पर अंगुली उठा रहे हैं।

# धर्मांतरण कर प्रेम विवाह करने वाली मुस्कान ने बताया अपनी जान को खतरा, पुलिस से मांगी सुरक्षा

बरेली। प्रेमी की खातिर धर्म बदलकर मुस्कान अली से मुस्कान सागर बनी युवती ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसने अपनी और पति की जान को खतरा बताया है। दोनों ने हाल ही में प्रेम विवाह किया था। बरेली में धर्म परिवर्तन कर प्रेम विवाह करने वाली मुस्कान ने अपनी जान को खतरा बताया है। प्रेमी की खातिर धर्म बदलकर मुस्कान अली से मुस्कान सागर बनी युवती सुरक्षा की मांग करने बुधवार को आईजी कार्यालय पहुंची। दोनों की शादी कराने वाले आचार्य केके शंखधार ने भी खुद के लिए सुरक्षा की मांग की। आचार्य शंखधार ने आईजी को बताया कि वह सनातन धर्म के लिए काम कर रहे हैं, उनकी जान को खतरा है। बीते दिन एक कार्यक्रम से लौटते वक्त किला पुल के पास लोगों ने उन्हें रोककर धमकाया। वहीं बदायूं से आए अर्जुन और उसकी पत्नी मुस्कान ने भी अपनी जान को खतरा बताया। आईजी ने उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया।

अर्जुन-मुस्कान की प्रेम कहानी

बदायूं के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी अर्जुन सागर टेंपो ड्राइवर है। चार साल पहले उसकी मुलाकात उझानी के गांव गुराई निवासी मुस्कान अली से हुई। ये मुलाकात प्यार में बदल गई, लेकिन उनकी मुहब्बत के आड़े महजब आ गया। मुस्कान अली के घरवाले अर्जुन सागर के साथ शादी कराने के लिए तैयार नहीं हुए।

मुस्कान पर बंदिशें लगा दी गईं, लेकिन फिर भी दोनों चोरी छिपे बात करते रहे। दोनों ने घर छोड़कर शादी करने का फैसला कर लिया। दोनों घर छोड़कर बरेली पहुंचे और आचार्य केके शंखधार के सामने अर्जुन सागर ने मुस्कान अली को हमसफर बना लिया। पहले मुस्कान का शुद्धिकरण कर उसे मुस्कान सागर नाम दिया गया।

फिर अग्नि को साक्षी मानकर अर्जुन और मुस्कान ने सात फेरे लिए। आचार्य ने बताया कि दोनों के बालिग होने और विवाह संबंधी सभी औपचारिकता पूरी होने पर विवाह कराया गया। प्रेम विवाह के बाद अर्जुन और मुस्कान ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की। उधर, दोनों का विवाह करने वाले केके शंखधार ने खुद को खतरा बताया।

# गंगा पुल के निर्माण में घपले से जुड़े जरूरी दस्तावेज गायब, बलिया में 18 करोड़ का घपले का मामला

बलिया। बलिया में गंगा पुल के निर्माण में 18 करोड़ के घपले से जुड़े दस्तावेज ही गायब हैं। इस मामले में जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। कहा है कि जिस मद में घपला बताया जा रहा है, उस पर शासन की परियोजना मूल्यांकन समिति का भी कमेंट लिया जाए। बलिया में गंगा पुल के निर्माण में 18 करोड़ के घपले से जुड़े दस्तावेज ही गायब हैं। इस मामले में जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। कहा है कि जिस मद में घपला बताया जा रहा है, उस पर शासन की परियोजना मूल्यांकन समिति का भी कमेंट लिया जाए। इससे गड़बड़ियां किए जाने का शक और भी गहरा गया है।

बलिया में श्रीरामपुर घाट पर गंगा पर करीब 2.5 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कराया गया है। यह काम वर्ष 2014 में मंजूर हुआ था। 2016 में संशोधित एस्टीमेट और 2019 में पुनः संशोधित एस्टीमेट मंजूर किया गया। पुनः संशोधित एस्टीमेट 442 करोड़ रुपये रखा गया, जबकि नियमानुसार यह 424 करोड़ रुपये का होना चाहिए था। इस मामले का खुलासा सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक ( वाणिज्य ) ने किया था। पुनः पुनरीक्षित स्वीकृति में बिल ऑफ क्वांटिटी ( बीओक्यू ) में 16.71 करोड़ का डिजाइन चार्ज के मद में अतिरिक्त प्रावधान किए जाने से निगम और शासन को यह नुकसान हुआ। जीएसटी लगाकर यह राशि करीब 18 करोड़ रुपये बनती है। मुख्य परियोजना प्रबंधक ( वाणिज्य ) ने मामले की जांच उच्चस्तरीय एजेंसी से कराने की संस्तुति की थी। बाद में यह जांच सेतु निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक को सौंपी गई। लेकिन, डिजाइन चार्ज से संबंधित दस्तावेज न तो आजमगढ़ में मुख्य परियोजना प्रबंधक के कार्यालय से उपलब्ध कराए जा सके और न ही यह सेतु निगम मुख्यालय में उपलब्ध हैं। ऐसे में जांच हो पाना मुमकिन नहीं हो सका। इसलिए संयुक्त प्रबंध निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह प्रस्ताव शासन की व्यय वित्त समिति में भी गया था। इसलिए इस पर परियोजना मूल्यांकन समिति का राय ले लेना भी उचित रहेगा, ताकि सही स्थिति सामने आ सके।

## जहरखुरानों ने व्यापारी को लूटा, बेहोशी के हालत में मिला

बलिया। पटना शहर से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे व्यापारी को बदमाशों ने छपरा जिले में जहरखुरानी का शिकार बनाकर समान व नकदी लूट ली। बेहोशी के हालात में रोड किनारे फेंक दिया। बेहोशी के हालात में एक राहगीर ने व्यापारी को देखा। दवा इलाज कराकर होश में लाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन घर लाए। दोकटी थाना क्षेत्र के लालगंज गांव निवासी राजकुमार केशरी ( 60 ) सोमवार को पटना शहर में कुछ खरीदारी करने गए थे। एक अटैची में लगभग 50 हजार की खरीदारी कर वापस अपने घर आने के लिए पटना बस स्टैंड पहुंचे। बस छूट गई। वहीं पर खड़े एक बदमाश ने अपने को भी छपरा जाने की बात कह एक बोलेरो मंगवाई। उसी पर वे भी बैठ गए। रास्ते में बदमाशों ने उन्हें कोल्डड्रिंक पिलाई, जिससे वे बेहोश हो गए।

# अधेड़ व्यक्ति ने बेजुबान पशु के साथ किया दुष्कर्म, घिनौनी करतूत का वीडियो वायरल

बरेली। अधेड़ व्यक्ति ने झोपड़ी में बेजुबान के साथ दुष्कर्म किया। किसी ने उसका वीडियो बना लिया। मामला एक महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उत्तर प्रदेश के बरेली में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। एक अधेड़ व्यक्ति ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। उसने बेजुबान पशु को अपनी हवस का शिकार बना डाला। अधेड़ ने कुतिया के साथ दुष्कर्म किया। उसकी घिनौनी करतूत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह शर्मनाक मामला भोजापुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति ने झोपड़ी में बेजुबान के साथ दुष्कर्म किया। किसी ने उसका वीडियो बना लिया। मामला एक महीने पुराना बताया जा रहा है।

वीडियो वायरल होने के बाद करणी सेना के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह ने भोजीपुरा थाना पुलिस से शिकायत की थी। करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने बताया कि अधेड़ व्यक्ति ने बेजुबान के साथ दरिंदगी की। एक महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। जबकि उन्होंने खुद पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया था। उधर, आरोपी शख्स का कहना है कि उसने सिर्फ बेजुबान को सिर्फ पीटा था। उसने दुष्कर्म से इनकार किया।

# घर में प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में था पति, पत्नी पहुंची तो कर दी पिटाई

बरेली। बरेली में पत्नी ने पति को उसकी प्रेमिका के साथ घर में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इस पर पति और उसकी प्रेमिका ने महिला की पिटाई कर दी। बरेली में एक महिला ने अपने पति को प्रेमिका के साथ घर में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इस पर पति और उसकी प्रेमिका ने महिला की पिटाई कर दी। धमकी भी दी। पीड़िता ने मढ़ीनाथ चौकी में शिकायत की। मामले में कोई कार्रवाई न होने पर महिला ने बुधवार को एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति और उसकी प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला सुभाषनगर थाना क्षेत्र का है। मढ़ीनाथ में मौर्या आवास के पास रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति के एक युवती से अवैध संबंध हैं। कुछ दिन पहले उसने पति को प्रेमिका के साथ घर में ही आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पत्नी ने पति की हरकतों का विरोध किया। इस पर बौखलाए पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर लात-घूंसों से पत्नी की पिटाई कर दी। महिला की तहरीर पर पति और उसकी प्रेमिका के खिलाफ सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

चूहा मार दवा लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची विवाहिता

ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान विवाहिता बुधवार को चूहा मार दवा लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गई। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर उसने आत्महत्या की धमकी दी। एसएसपी ने इज्जतनगर पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया।

## निर्माण में देरी का खामियाजा भुगत रहे दुकानदार

बरेली। 105 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे कुतुबखाना पुल का निर्माण जून 2023 तक पूरा होना था। सेतु निगम ने निजी फर्म को काम सौंपा है। फर्म ने साइट खाली न मिलने की बात कहते हुए दिसंबर 2023 तक का समय मांगा है। निर्माण की सुस्ती को देखकर ऐसा लग नहीं रहा। काम मार्च तक खिंचेगा। अभी कागजों पर समयावधि नहीं बढ़ाई गई है। इससे जहां बंद रास्तों पर जोखिम लेकर लोग आ-जा रहे हैं, वहीं व्यापार भी चौपट हो रहा है। दुकानों पर काम कर रहे सेल्समैन, श्रमिकों और पटरी दुकानदारों का जीवन प्रभावित हो रहा है। बिक्री घटने से रोजमर्रा के खर्चे नहीं निकल पा रहे हैं। काम में देरी होने पर कार्यदायी फर्म पर 76 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। सेतु निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि काम में और देरी हुई तो फिर जुर्माना लगाएंगे।

# बरेली-मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नौ आरोपी गिरफ्तार, 300 ग्राम स्मैक और 2.68 किलो अफीम बरामद

बरेली। बरेली में मादक तस्करी के मामले थम नहीं रहे। बृहस्पतिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में नौ तस्कर गिरफ्तार किए गए। इनमें चार तस्करों से 300 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जबकि नौ तस्करों के पास से अफीम मिली है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ और बरेली की यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 300 ग्राम स्मैक के साथ बरेली और शाहजहांपुर के दो-दो लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उधर, कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने अफीम तस्करी में पांच आरोपी पकड़े गए हैं। बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की रजऊ चौकी के सामने एक पेट्रोल पंप के पास से इनको गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर 300 ग्राम स्मैक बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र यादव, अभिषेक यादव फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव रजनापुर निवासी हैं।

लक्ष्मण यादव और अश्वनी यादव शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव मंसूरपुर निवासी हैं। इनके पास से एक बाइक भी मिली है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने स्मैक शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति से खरीदी थी। उस व्यक्ति का नाम पता वह नहीं जानते।

अफीम तस्करी में पांच गिरफ्तार

कैंट थाना क्षेत्र में भोलापुर हिंडोलिया मार्ग किनारे खंडहर में अफीम की तस्करी कर रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक तस्कर फरार हो गया। भोलापुर हिंडोंलिया मार्ग के सामने खंडहर में अफीम तस्करों के होने की सूचना पुलिस को मिली थी। कैंट थाना प्रभारी बलवीर सिंह के साथ पहुंची पुलिस ने खंडहर से भोलापुर हिंडोलिया के जितेंद्र कश्यप, महेशपाल, भुता के दिनेश, सुभाषनगर के राकेश और शाही के राजपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से 2.68 किलोग्राम अफीम, दो बाइक, एक स्कूटी और पांच मोबाइल बरामद कर लिए। थाने लाकर इनसे पूछताछ की गई। तस्करों ने बताया कि अशोक यह अफीम झारखंड से लाया था जो फरार हो गया। सभी के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मच्छरों का बढ़ा हमला-बरेली के जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड के सभी बेड फुल, अब तक 95 मरीज मिले

बरेली। बरेली में डेंगू के तीन नए मरीज मिलने के बाद संख्या 95 पहुंच गई। जिला अस्पताल का डेंगू वार्ड फुल हो गया है। मरीज और बढ़ने की आशंका के चलते तीन सौ बेड अस्पताल में भी 20 बेड का वार्ड बनाया गया है। बरेली में मलेरिया और डेंगू के मरीज हर दिन बढ़ते जा रहे हैं। हालत यह है कि जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड के सभी बेड फुल हो गए हैं। लिहाजा, बढ़ते मरीजों को भर्ती करने के लिए तीन सौ बेड अस्पताल में भी डेंगू वार्ड बनाया गया है। जिला अस्पताल में बुखार के गंभीर मरीजों को इलाज के लिए पहले इमरजेंसी वार्ड में रखा जाता है। फिर रिपोर्ट पॉजिटिव मिलने के बाद उन्हें डेंगू-मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर रहे हैं। मंगलवार की देर रात तक डेंगू के छह नए मरीज मिलने के बाद संख्या 92 जा पहुंची। वहीं, बुधवार को तीन नए मरीज मिलने के बाद तादाद 95 पहुंच गई। 24 घंटे में नौ मरीज मिलने के बाद अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बनाए गए 12 बेड के नए वार्ड में अब एक भी बेड खाली नहीं है। जिन मरीजों की प्लेटलेट्स काउंट और बुखार सामान्य स्तर पर पहुंच गया, उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया और उनकी जगह नए मरीज भर्ती किए गए। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि वायरल बीमारियों के कई मरीज के साथ उल्टी, दस्त, डायरिया आदि के रोगी बढ़े हैं। इमरजेंसी वार्ड में बेड खाली होने के बावजूद डेंगू, मलेरिया के पॉजिटिव मरीज भर्ती नहीं किए जा सकते। जरूरत पड़ने पर बेड बढ़ाए जा सकते हैं।

पहले पर्चे बने फिर बनाई गई आभा आईडी

सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह के निरीक्षण के बाद बुधवार को जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं। पर्चा काउंटर पर मरीजों के पर्चे बनवाने के लिए सभी काउंटर खुले। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता ( आभा आईडी ) पर पंजीकरण के लिए अलग से स्टाफ तैनात रहा। पूर्व में आभा आईडी से पंजीकृत रहे लोगों ने ऑनलाइन पर्चे भी बनाए। जो लोग स्वयं आईडी बनवाने पहुंच रहे थे, उन्हीं को प्रक्रिया की जानकारी देते हुए टीम नजर आई।

एक नजर में मरीजों के आंकड़े

3,971 एनएस-1 कार्ड टेस्ट में 96 पॉजिटिव

3,446 एलाइजा टेस्ट में 95 डेंगू पॉजिटिव

1.53 लाख घरों का डीबीसी ने किया सर्वे

3,037 घर, 6,112 कंटेनर में मिले लार्वा

12 वार्ड शहरी, 11 ब्लॉक में मिले हैं मरीज

40 मरीज शहरी, गांवों के 55 मरीज चपेट में

स्टाफ की लगाई ड्यूटी

शहर समेत ग्रामीण इलाकों में अब डेंगू के मरीज बढ़ने की आशंका के चलते तीन सौ बेड अस्पताल में भी 20 बेड का वार्ड बनाया गया है। इसके लिए स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई है। सीएमएस एसीएमओ डॉ. भानु प्रकाश के मुताबिक अस्पताल में डेंगू, मलेरिया, टायफाइड जांच की सुविधाएं हैं। स्टाफ का ड्यूटी चार्ट बन चुका है। अगर कोई मरीज भर्ती होगा तो रात्रिकालीन स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी।

## पुलिस ने नकली सिपाही को किया गिरफ्तार, वर्दी के सहारे करता था वसूली

बाराबंकी। पुलिस ने बाराबंकी से एक नकली सिपाही को गिरफ्तार किया है। वह पुलिस की वर्दी का इस्तेमाल कर वसूली करता था। युवक से पूछताछ की जा रही है। बाराबंकी शहर कोतवाली पुलिस ने लोगों पर रौब गांठकर वसूली करने वाले नकली सिपाही को दबोचा है। बावर्दी मिले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस पूछताछ में जुटी है। बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि लखनऊ अयोध्या हाईवे पर रामनगर तिराहे के पास कोई विवाद हो रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां एक युवक वर्दी में मौजूद था। युवक के हावभाव देखकर पुलिस कर्मियों को शक हुआ। उससे पूछताछ शुरू की तो कुछ ही देर में पता लग गया कि वह नकली पुलिसकर्मी है। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि युवक ने गत दिनों में कई जगह वसूली की। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। युवक पर सिपाही की फर्जी वर्दी पहनकर वसूली का आरोप है।

# गन्ना मूल्य के बकाया भुगतान फिर आश्वासन, संतुष्ट नहीं किसान

बरेली। विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने अधिकारियों के सामने बहेड़ी चीनी मिल के बकाया गन्ना मूल्य का मुद्दा उठाया। जिला गन्ना अधिकारी ने भुगतान की कार्ययोजना प्रस्तुत की और बकाया देने का फिर आश्वासन दिया, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं हुए। इस दौरान शोर-शराबे का माहौल बन गया। इस दौरान किसानों ने डीएम व सीडीओ के प्रतिनिधि अधिकारी भेजे जाने पर आपत्ति जताई।

बैठक शुरू होने के आधा घंटे बाद तक जब डीएम और सीडीओ नहीं पहुंचे तो किसानों ने आपत्ति की। कहा कि पिछली बैठक में भी अफसर नहीं आए थे। कई बार किसान दिवस से जिम्मेदार अफसर परहेज कर जाते हैं। किसान अपनी समस्या तो सुनाते हैं, लेकिन समाधान के बगैर ही लौट जाते हैं। संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सीडीओ नीति आयोग की वीडियो कॉन्फ्रेंस में तथा डीएम किसी जरूरी काम की वजह से नहीं आ पाए हैं, लेकिन जो समस्याएं सामने आई हैं उनका समाधान कराएंगे। इसके बाद बहेड़ी व नवाबगंज चीनी मिल पर गन्ना मूल्य के बकाया का मुद्दा उठा। किसानों ने कहा कि बहेड़ी की केसर शुगर मिल ने 26 अप्रैल को पेराई बंद कर दी, लेकिन 142 करोड़ रुपये अभी तक नहीं दिए। बकायेदार मिल को गन्ना न दिए जाने की मांग उठा रहे किसान बोले कि मीरगंज की मिल को क्रय केंद्र आवंटित किए जाएं। जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने कहा कि यदि किसान प्रार्थनापत्र देते हैं तो वह गन्ना आयुक्त को संस्तुति करेंगे। अंतिम निर्णय आयुक्त ही लेंगे। छुट्टा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठा। सीवीओ डॉ. मेघश्याम ने कहा कि नए गो-आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं। सहभागिता योजना में 30 के स्थान पर भरण-पोषण के लिए 50 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौधरी और कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी का प्रतिनिधित्व डीसी एनआरएलएम बलवंत सिंह ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## निषादराज बोट सब्सिडी योजना से खुशहाल होगा मछुआ समुदाय

बहराइच । मत्स्याखेट, नदियों एवं जलाशयों में मत्स्य प्रबन्धन व संरक्षण के माध्यम से मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों को अधिक से अधिक से रोज़गार एवं आजीविका के अवसर पर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ''निषादराज बोट सब्सिडी योजना'' संचालित की जा रही है। इस नवीन राज्य योजना के तहत मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय को जलाशयों, तालाबों, नदियों एवं अन्य जल संसाधनों में बिना इंजन की नाव (नॉन मोटोराइज्ड), जाल, लाइफ जैकेट एवं आईसबाक्स इत्यादि उपकरणों हेतु 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार ने बताया कि ''निषादराज बोट सब्सिडी योजना'' के अंतर्गत रू. 0.67 लाख की अधिकतम सीमा तक की वुडेन फिशिंग बोट अथवा फाइबर रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक बोट (एफ.आर.पी.बोट.), जाल, लाइफ जैकेट एवं आईस बॉक्स आदि पर 40 प्रतिशत अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना अन्तर्गत मत्स्य पालन करने वाले 0.4 हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल के तालाब के पट्टाधारक, निजी तालाबों के स्वामित्व धारक एवं मत्स्य आखेट के साथ नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति (जैसा कि राजस्व संहिता 2016 में परिभाषित है) योजना हेतु पात्र होंगे। इसके अलावा ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास पूर्व से नाव न हो, वह भी आवेदन के अर्ह होंगे। इच्छुक व्यक्ति 04 अक्टूबर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## ग्राम अदालत का आयोजन 25 सितम्बर को

बहराइच । बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि ग्राम गुजरा, परगना इकौना, तहसील पयागपुर के सार्वजनिक स्थान गुजराघाट बाज़ार में ग्राम अदालत का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एसओसी ने बताया कि ऐसे कृषक जिनका चकबन्दी से सम्बन्धित वाद सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दी अधिकारी अथवा उप संचालक चकबन्दी के न्यायालय में विचाराधीन हो, नियम तिथि व स्थान पर उपस्थित आकर ग्राम अदालत का लाभ उठायें।

## जिला पोषण समिति की बैठक 25 सितम्बर को

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 25 सितम्बर, 2023 को अपरान्ह 03:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति व आदर्श ऑगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए डीपीओ राज कपूर द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

## सीएम दर्पण डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक 29 सितम्बर को

बहराइच । ''यूपी सीएम दर्पण डैशबोर्ड'' की समीक्षा हेतु 29 सितम्बर 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार अपरान्ह 04:00 बजे से बैठक आहूत की गई है। जिसमें आईजीआरएस के संदर्भो के डिफाल्टर होने तथा असंतोष फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज किये जाने पर रैकिंग प्रभावित होने, सीएमआईएस पोर्टल की केपीआई कार्यदायी संस्था द्वारा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के सम्बन्ध में की गयी फीडिंग के अनुरूप विभागीय अधिकारियों द्वारा डाटा फीडिंग किये जाने इत्यादि कार्यों की सघन समीक्षा की जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की केपीआई की जानकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी से प्राप्त कर अधीनस्थ कर्मचारी/कम्प्यूटर आपरेटर, जिसके द्वारा डाटा की फीडिंग की जाती है, के साथ उपस्थित आयेगे। सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन योजनाओं में बी, सी एवं डी ग्रेडिंग की गयी है, के सम्बन्ध कारण सहित स्पष्ट आख्या के साथ बैठक में उपस्थित होंगे।

## सिपाही की वर्दी पहनकर वसूली करता था युवक, दबोचा गया

बाराबंकी। सिपाही की वर्दी पहनकर लोगों पर रौब गालिब कर वसूली करने वाले एक फर्जी युवक पुलिस को बुधवार को दबोच लिया। नकली सिपाही तब पकड़ा गया जब एक युवक से रुपये छीनने के दौरान उसका आधार कार्ड गिर गया। आधार के जरिए पुलिस उस तक पहुंच गई। शहर कोतवाली में युवक के खिलाफ लूट व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस पूछताछ कर रही है। दो सिपाहियों से उसकी जान-पहचान होने की बात भी सामने आई है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के गोड़ारी गांव के निवासी चांदबाबू गांव के ही विमलेश के साथ मंगलवार रात बाइक से लखनऊ की ओर जा रहे थे। इस दौरान शहर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर रामनगर तिराहे के पास उन्हें एक सिपाही ने रोका। सिपाही ने हेलमेट तो लगाया था मगर नेमप्लेट नहीं लगा रखी थी। उसने चेकिंग के दौरान कमियां बताकर चांदबाबू से 470 रुपये छीन लिए। बताते हैं कि इसी दौरान फर्जी सिपाही का आधार कार्ड गिर गया। विमलेश ने शिकायत की बात कही तो उन्हें धमकाया। जिसके बाद विमलेश ने इसकी सूचना शहर कोतवाली में दी।

## 10 दिन का बिजली बिल 6,230 रुपये

बाराबंकी। पावर कॉरपोरेशन के खेल निराले हैं। मीटर रीडर्स की मनमानी हो या सर्वर की खामी, इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। बुधवार को बदोसराय में कैंप लगा तो कई उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर पहुंचे। ग्राम पंचायत बदोसराय के पंचायत भवन में आयोजित पावर कॉरपोरेशन के मेगा कैंप में बदोसराय निवासी आसिफ का 37 यूनिट का बिल 17 हजार रुपए आ गया। कई बार उपकेंद्र गए लेकिन अधिकारी मिले नहीं तो बिल संशोधित नहीं हो सका। आमिना का बिजली बिल औसतन 800 रुपये प्रति माह आता है। बताया कि हैरत की बात है कि इस बार 10 दिन का बिजली बिल 6,230 रुपए आया है। जिसमें 750 यूनिट अधिक दिखाया गया है। किंतूर गांव के रहने वाले नफीस का चार माह का 34 हजार रुपये का बिजली बिल आया है। कैंप में आए उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली बिल की रीडिंग दुरुस्त करने के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। परंतु कहीं पर सुनवाई नहीं हुई। एसडीओ रामगोपाल का कहना है कि सभी उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया जाएगा। कैंप में करीब आठ लाख रुपये का बिजली बिल जमा कराया गया है।

## बरेली- बाइक मैकेनिक ने की आत्महत्या, कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला शव

बरेली। गांव फतेहपुर के रहने वाले 18 वर्षीय लालू ने फंदा लगाकर जान दे दी। वह अपनी बुआ के घर रहता था। बृहस्पतिवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। बरेली के हरुनगला में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी बुआ के घर रहता था। बृहस्पतिवार सुबह कमरे में फंदे से उसका शव लटका मिला। इससे घर में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना बिथरी चैनपुर के गांव फतेहपुर के रहने वाले 18 वर्षीय लालू पुत्र रामकुमार ने फंदा लगाकर जान दे दी। लालू के फूफा लखपत सिंह ने बताया कि पिछले 10 साल से वह (लालू) हरुनगला में उनके घर पर ही रहता था। सतीपुर चौराहे पर गाड़ी रिपेयरिंग का काम करता था। बुधवार देर रात काम करके घर आया।

## भाजपा पर भड़कीं डिंपल यादव, बोलीं- ये नहीं चाहते पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद पहुंचे

आगरा। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव ने सवाल उठाते हुआ कहा कि आप 10 साल सरकार में ओबीसी मतदाताओं के दम पर ही हैं, तो फिर आप ओबीसी महिलाओं को राजनीतिक अधिकार क्यों नहीं देना चाहते ? लोकसभा में बुधवार को महिला आरक्षण बिल पास हो गया। इससे पहले सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। सदन से बाहर आने के बाद मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने एक ट्वीट करते हुआ कि भाजपा की नीति और नीयत पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लिखा है कि %भाजपा का अस्तित्व पिछड़ी, अति पिछड़ी जातियों पर निर्भर है। ये नहीं चाहते पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद पहुंचे। ये नहीं चाहते महिलाएं विधानसभा में देश की आवाज बनें। सांसद डिंपल यादव ने सवाल उठाते हुआ कहा कि जब आप यह आरक्षण लेकर आए हैं और जब आपका अस्तित्व और वर्चस्व ओबीसी मतदाताओं पर आधारित है

## मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजने पर केस

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने अश्लील मैसेज भेजने के एक मामले में आरोपी कार्तिक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके गांव का कार्तिक सिंह उनकी नाबालिग बेटी के मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजता है। इसका विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने आईटी और धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आधार पंजीकरण केन्द्र का डीएम ने किया उदघाटन



त्रिगुट संवाददाता

बहराइच। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को आधार कार्ड में अभाव में गोल्डेन कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में स्थापित किये गये आधार पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीसी एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आमजनमानस विशेषकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की अर्हता रखने वाले ऐसे व्यक्तियों जिनका आधार कार्ड के अभाव में आधार कार्ड नहीं बन रहा है, से अपील की है कि आधार पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से अपना आधार कार्ड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनवाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि आधार पंजीकरण केन्द्र में शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जा सकता है। इसी प्रकार 05 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आनलाइन निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार प्रमाण-पत्र बनवाया जा सकता हे। इसके अलावा जिन लोगों का आधार कार्ड 10 वर्ष से अधिक समय का है ऐसे लोग अपना आधार अपडेट करा सकते हैं। आधार पंजीकरण केन्द्र पर आधार कार्ड से सम्बन्धित किसी प्रकार का संशोधन भी कराया जा सकता है।

## कार्रवाई से संतुष्ट नहीं परिजन, दरोगा के साथी सिपाही पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

आगरा। आगरा में दरोगा द्वारा युवती से दुष्कर्म करने के मामले में परिजन कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दरोगा के साथी सिपाही पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

ताजनगरी आगरा के बरहन थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म के आरोपी दरोगा की ग्रामीणों ने पिटाई की। आरोपी की गिरफ्तारी और जेल जाने के अब परिजन सहयोगी सिपाही और दोनों दरोगाओं पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजन अब तक हुई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। दोनों दरोगाओं को लाइन हाजिर करने और दुष्कर्मी दरोगा के साथ गए सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर सिस्टम सुधार संगठन ने बुधवार दोपहर करीब तीन बजे तहसील एत्मादपुर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर ने बताया कि सोमवार को थाने पर धरना प्रदर्शन के दौरान एसीपी एत्मादपुर सौरभ सिंह ने एसआई पतंजलि को लाइन हाजिर करने और एसआई अंकित कुमार के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अगले दिन पता चला कि लाइन हाजिर करने की जगह दोनों को हटाकर थाना मलपुरा भेज दिया गया है। इससे नाराज होकर संगठन के अध्यक्ष मंगलवार देर रात पीड़िता के घर पहुचे और इसके बाद समर्थकों के साथ थाना बरहन पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने का इरादा था। जानकारी होने पर पुलिस बल की तैनात की गई। देर रात करीब दो बजे वह वापस गए।

## चीनी मिल परिसर चिलवरिया में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वावधान में श्रमिक/मजदूरो के हितार्थ सिम्भावली शुगर मिल यूनिट चिलवरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान, चीनी मिल के सहायक महाप्रबन्धक महेश सिंह तथा बड़ी संख्या में श्रमिक व मिल के कार्मिक मौजूद रहे। शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज श्री शिरोमणि ने बताया कि भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसके अधीन प्रत्येक जिलों में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गो को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री शिरोमणि ने श्रमिकों का आहवान किया विधिक रूप से साक्षर बनकर श्रमिक हित में बनाएं कानूनों एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने।

श्री शिरोमणि ने नालसा द्वारा यौन शोषण पीड़ितों, नशा पीड़ितों एवं नशा उन्मूलन एवं दिव्यांग व्यक्तियों को विधिक सहायता जैसी 10 स्कीमों व किशोर न्याय अधिनियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति नालसा के हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर सम्पर्क कर विधिक सहायता एवं विधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मौजूद लोगों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे जानकारी देते हुए कहा कि उ.प्र. पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2014 अन्तर्गत तेजाब, दुर्घटना व बलात्कार जैसे अपराध पीड़ित व्यक्ति मुफ्त चिकित्सा एवं क्षतिपूर्ति के लिए पीड़ित अथवा उसके आश्रित द्वारा संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया जा सकता है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री खान द्वारा बाल श्रम अधिनियम 2016, बंधुआ श्रम अधिनियम 1976, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, उ.प्र. भवन एवं श्रम कल्याणकार बोर्ड अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के लिये संचालित योजनाओं जैसे संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मृत्यु एवं अंत्येष्ठी सहायता योजना के बारे में जानकारी देते हुए विभाग में पंजीकरण कराकर संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि इच्छुक श्रमिक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी अथवा पंजीकरण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अन्त में मिल के सहायक महाप्रबन्धक महेश सिंह मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारियों एवं मौजूद श्रमिकों का आभार ज्ञापित किया गया।

## सियासी विद्वेष की भावना से कार्रवाई करने का आरोप

लखनऊ। अमेठी के मुंसीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस रद्द होने से बवाल मचा है। कांग्रेस ने सियासी विद्वेष की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। मरीजों के हितों में तत्काल अस्पताल की व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि मरीज की मौत मामले की कमेटी बनाकर जांच कराई जाए। लेकिन अस्पताल में मरीजों का उपचार नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल के पंजीकरण के निरस्तीकरण आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। बताया कि अस्पताल कई दशक से स्थानीय और आसपास के जनपदों के लोगों को न्यूनतम शुल्क पर बिना लाभ के स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा है।

यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं की लाइफ लाइन है। यहां बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), आंतरिक रोगी विभाग एवं शल्य चिकित्सा (सर्जरी) के लिए आने वाले लोग अत्यंत निम्न व्यय पर चिकित्सा सेवाएं लेते हैं। सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं में कार्डिओलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रो सहित अन्य विभाग हैं। सीटी स्कैन, रेडियोलॉजी, ब्लड बैंक, दवाखाना सहित सभी सुविधा है। ऐसे में अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया जाना मरीजों के साथ अन्याय है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि 14 को आपरेशन थियेटर में महिला की हालत गंभीर हुई। वेंटीलेटर पर लिया गया। 16 को लखनऊ रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद हार्ट की पैथोलॉजिकल जांच कराई जा रही है। बिसरा सुरक्षित किया गया है। सीएमओ को तत्काल लाइसेंस रद्द करने का अधिकार है।

## द्वाराहाट में तेंदुए ने महिला को किया घायल

अल्मोड़ा। जिले में नगर से लेकर गांवों तक पहले से ही तेंदुए की दहशत से लोग परेशान हैं। द्वाराहाट के बेढ़ूली में बुधवार को करीब सुबह सात बजे एक बुजुर्ग महिला पर घर के पास तेंदुए ने हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों और अन्य ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया जिससे वृद्धा की जान बच गई। बेढ़ूली गांव की 70 वर्षीय रुकमा देवी पत्नी स्व. मान सिंह अपने घर के पास ही खेत में जा रही थीं। इसी बीच खेत में घात लगाए तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और अन्य ग्रामीण शोर मचाते हुए घटनास्थल की ओर दौड़े जिस पर तेंदुआ भाग गया। इस घटना में महिला घायल हो गई और तेंदुए ने पंजों से उनके हाथ, पांव और पीठ में गहरे घाव कर दिए। ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि शंकर सिंह ने बताया कि अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। सुबह के उजाले में ही तेंदुए के हमले की इस घटना से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में दहशत है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गश्त करते हुए तेंदुए की सक्रियता का पता लगाने में जुटी रही। ग्रामीणों की मांग के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रात भर तेंदुआ गांव के आसपास ही रहा और उसकी गुर्राहट से लोगों में दहशत है।

छह घंटे में ही पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

द्वाराहाट। बेढ़ूली गांव में छह घंटे बाद ही तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। महिला पर हमला करने के बाद वन विभाग की टीम ने दोपहर 12 बजे के करीब गांव के नजदीक पिंजरा लगाया। देर शाम छह बजे के करीब ग्रामीणों को पिंजरे के भीतर से तेंदुए की गुर्राहट सुनाई दी।

## श्रीदाऊजी महाराज मंदिर पर आयोजन
## बधाई बाजे घर-घर मंगलाचार, बिरज में जन्मेंगे बलदेव कुमार दर्शन को उमड़ी भीड़

आगरा। मथुरा में दाऊजी के जन्म के मुख्य आयोजन बलदेव स्थित श्रीदाऊजी महाराज मंदिर पर होंगे। %बधाई बाजे घर-घर मंगलाचार, बिरज में जन्मेंगे बलदेव कुमार दाऊजी के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। तीर्थनगरी मथुरा ही नहीं पूरे ब्रज क्षेत्र में गुरुवार को श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। चारों ओर उत्सवों की धूम है। खुशियों का दौर जारी है। बधाई गायन हो रहे हैं। देशभर से भक्त यहां विशेष उत्साह के साथ उत्सव में शामिल होने पहुंचे हैं।

बलदेव के श्री दाऊजी महाराज मंदिर पर मुख्य आयोजन हो रहा है। सुबह से ही बलदाऊ जी महाराज के दर्शन को भीड़ उमड़ रही है। क्षीर सागर स्थित दाऊ दादा व देवकी मैया मंदिर में बलदाऊ का आभिषेक हुआ। मुख्य मंदिर श्रीदाऊजी महाराज में विशेष अभिषेक हुआ। इसके बाद हीरा जवाहरात से श्रृंगार हुआ। इसके बाद आरती उतारी गई। यहां पर दोपहर को नंदोत्सव के रूप में दधिकाधौं उत्सव मनाया गया। इसमें प्रसाद स्वरूप नारियल, फल, मेवा के साथ हल्दी, माखन, मिश्री, दही के रूप लाला की छीछी लुटाई गई। इसे लूटने के लिए मल्ल विद्या का प्रदर्शन हुआ।

मुख्य मंदिर श्री दाऊजी महाराज के जन्म की कथा

गर्ग संहिता के बलदेव खंड में शेषावतार बलदेव के जन्म की रोचक कथा का वर्णन है। लिखा है कि देवकी के सातवें गर्भ में भगवान अनंत का आगमन हुआ। वसुदेवजी की दूसरी पत्नी रोहिणी भी कंस के भय से नंदबाबा के यहां गोकुल में रहती थी। भगवान की आज्ञा पाकर योगमाया ने भगवान अनंत को देवकी के गर्भ से रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दिया। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को जो स्वाति नक्षत्र और बुधवार का दिन था, मध्याह्न के समय, तुला लग्न में पांच ग्रह उच्च होकर स्थित थे, रोहिणी के गर्भ से बलदेव का जन्म हुआ। बलदेव के नीरज पांडेय ने बताया कि प्रभु के चमत्कार के कारण इनका नाम संकर्षण पड़ा है।

कुषाण काल से पहले की प्रतिमा

शेषावतार बलराम की विशाल प्रतिमा भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र ब्रजनाभ ने अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में स्थापित कराई थी। यही प्रतिमा द्वापर युग के बाद कालशेष से भूमिस्थ हो गई। पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार बलदेव में स्थापित मूर्ति कुषाण काल से पूर्व की है। इसका निर्माण काल 3000 वर्ष या इससे अधिक है।

विग्रह के प्राकट्य का इतिहास भी रोचक है। मान्यता हे कि गोकुल में महाप्रभु वल्लभाचार्य के पौत्र गोस्वामी गोकुलनाथ को बलदेव ने स्वप्न दिया कि श्यामा गाय जिस स्थान पर प्रतिदिन दूध स्त्रवित कर जाती है। उस स्थान पर भूमि में उनकी प्रतिमा दबी हुई है। भूमि की खोदाई कराई गई तो श्रीविग्रह निकला। गोकुलनाथ ने विग्रह को तपस्वी कल्याण देवजी को पूजा अर्चना के लिए सौंप दिया और मंदिर का निर्माण कराया। तब से आज तक कल्याणदेव के वंशज ही मंदिर में नित्य प्रतिदिन पूजा सेवा कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन प्रारम्भ

बहराइच। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत रू. 10 हजार अथवा 15 हजार तक का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने का सुनहरा अवसर। योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू है योजना के तहत गिर, शाहीवाल, थारपारक, हरियाणा एवं गंगातेरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर का होने पर निर्धारित मानकों के अनुसार चयनित गौपालकों को रू. 10 हजार अथवा 15 हजार की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन 20 सितम्बर 2023 से शुरू है। आवेदन पत्र का प्रारूप यूपीडेरीडेबलामेण्ट डाट जीओवी डाट इन एवं एनीमलहस्ब डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन/ईएन पोर्टल पर उपलब्ध है।

इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, खण्ड पशु चिकित्साधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध है। इच्छुक पशुपालक अधिक जानकारी के लिए इन कार्यालयों से सम्पर्क कर सकते है। सीवीओ डॉ वर्मा ने बताया कि एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को प्राप्त होगा। पुरस्कार गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यात के लिए लागू है। प्रगतिशील गौपालक को अधिकतम 2 गाय प्रति पशुपालक के लिए केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ अनुमन्य होगा। योजना केवल व्यक्तिगत लाभार्थी हेतु अनुमन्य हैं। आवेदन पत्र गाय की ब्यात की तिथि से 45 दिन के अन्दर प्रस्तुत करना होगा। इस योजना के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप व सम्बन्धित शासनादेश विभागीय बेवसाइड पर है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं) हेतु विभागीय वेबसाइट स्कालरशिप डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन प्राप्त करने, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं के स्तर से अपेक्षित कार्यवाही हेतु समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है।

श्री गुप्त ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु विभागीय वेबसाइट पर 22 सितम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर-डाटाबेस अपडेट एवं नवीन संस्थाओं को सम्मिलित करने की कार्यवाही हेतु 21 सितम्बर से 19 दिसम्बर 2023 की तिथि निर्धारित है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी झंझरी-गोण्डा

पत्रांक - 1766/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त आयोग/2023-24 दिनांक : 21.09.2023

### अल्पकालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवा केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत झंझरी अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कार्ययोजना में अनुमोदित 2023-24 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है, निविदा बिक्री प्रपत्र दिनांक 21.9.2023 से 05.10.2023 तक कार्यालय कार्यविधि एवं विकास खण्ड कार्यालय पर नगद मूल्य देकर 04.00 अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदा 05.10.2023 तक अपरान्ह 03.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन 03.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | कार्य की लम्बाई (कि.मी./वर्ग मी./संख्या) में | जमानत की धनराशि परियोजना के अनुमानित लागत(रु. में) | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. आदि) रु. में | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **पंचम राज्य वित्त आयोग** | | | | | |
| 1. | ग्रा0पं0 हारीपुर में बाबा लखनदास कुटटी में हाईमास्ट लगाने का कार्य | 990000 | 01 नग | 19800 | 600 | 6 माह |
| 2. | ग्रा0पं0 सुल्तानजोत में हाईमास्ट लगाने का कार्य | 990000 | 01 नग | 19800 | 600 | 6 माह |
| 3. | ग्रा0पं0 मल्थुआ शाहजोत के नेवारी गांव में काली माता मन्दिर पर हाईमास्ट लगाने का कार्य | 990000 | 01 नग | 19800 | 600 | 6 माह |
| 4. | ग्रा0पं0 बभनी कानूनगो में हाईमास्ट लगाने का कार्य | 990000 | 01 नग | 19800 | 600 | 6 माह |
| 5. | ब्लाक परिसर में स्थित बैडमिंटन कोर्ट के सामने लाइट व ओपन जिम का निर्माण कार्य | 990000 | | 19800 | 600 | 6 माह |
| 6. | ग्रा0पं0 बालपुर जाट में सन्त प्रसाद चौबे के घर से महेश तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 920000 | 210 मी0 | 18400 | 600 | 6 माह |
| 7. | ब्लाक परिसर के मीटिंग हाल द्वितीय में ए0सी0 व जनरेटर लगाने का कार्य | 870000 | (1+1) नग | 17400 | 600 | 6 माह |
| 8. | ब्लाक परिसर में प्रमुख कक्ष से बी0डी0 ओ0 आवास होते हुए मीटिंग हाल द्वितीय तक सी0सी0 रोड मरम्मत कार्य | 898000 | 220 मी0 | 17960 | 600 | 6 माह |
| 9. | ब्लाक परिसर में आवास संख्या 05 से ए0डी0ओ0 पंचायत आफिस होते हुए प्रमुख कक्ष तक सी0सी0रोड मरम्मत कार्य | 890000 | 220 मी0 | 17800 | 600 | 6 माह |
| 10. | ब्लाक परिसर में पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र होते हुए मीटिंग हाल प्रथम तक सी0सी0 रोड मरम्मत कार्य | 999000 | 250 मी0 | 19980 | 600 | 6 माह |
| | **केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट)** | | | | | |
| 1. | ग्रा0पं0 मोकलपुर के प्रा0वि0 में वाटर सोलर प्लांट लगाने का कार्य | 996000 | 01 नग | 19920 | 600 | 6 माह |
| 2. | ग्रा0पं0 जानकी नगर में बेल्लही माता मन्दिर में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 996000 | 01 नग | 19920 | 600 | 6 माह |

1. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्त कालम 05 में अंकित धरोहर की धनराशि का 2 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी पक्ष में बाधक होगा शेष धरोहर राशि का 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय, अथवा बिल से कटौती कर ली जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको व शब्दो में लिखना अनिवार्य होगा।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किए अथवा निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. निविदा दाता को निविदा के साथ टी0-6 विद सिक्योरिटी पैन, आधार पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (100 रु. के स्टाम्प पेपर पर फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र के साथ) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा प्रपत्र कय करने के पहले निविदा दाताओं आगणनों को संज्ञान कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में लिया जा सकता है। धन उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश एवं नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
8. निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक अनुसार अनिवार्य रुप से होनी चाहिए।
9. न्यूनतम पाई गई दरों के आधार पर फर्म को कार्य प्रारम्भ करने हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।
10. किन्ही कारणों से यदि निविदा डालने/बिक्री की तिथि पर अवकाश घोषित हो तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगला कार्य दिवस माना जायेगा।
11. जी0एस0टी0, टी0डी0एस0, लेबर सेस आदि की कटौती नियमानुसार भुगतान के समय काट लिया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
झंझरी गोण्डा

त्रिगुट
शनिवार 23 सितम्बर 2023

## नहीं बच पा रही है चुनाव आयोग की साख

संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग पिछले कई वर्षों से विश्वसनीयता के संकट से गुजर रही है। इसके लिए चुनाव आयोग स्वयं जिम्मेदार है या सरकार के दवाब में चुनाव आयोग है, यह कहना बड़ा मुश्किल है। अभी तक जो घटनाएं सामने आई हैं। उसके अनुसार चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर सब जगह सवालिया निशान लगने शुरू हो गए हैं। चुनाव के दौरान जब विपक्ष कोई शिकायत चुनाव आयोग से करता है। उसे समय चुनाव आयोग तत्परता से शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेता है। लेकिन जो शिकायतें सत्ता पक्ष द्वारा की जाती है। उन पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। चुनाव के कार्यक्रम भी सरकार एवं सत्तारुण पार्टी के कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर जारी किये जाते हैं। सत्ताधारी नेताओं के खिलाफ यदि कोई शिकायत पर चुनाव आयोग के अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई की जाती है। तो चुनाव आयोग अपने ही अधिकारियों पर कार्यवाही कर देता है। कार्यवाही करने वाले चुनाव अधिकारी और शासकीय एजेंसियां आयुक्त की कार्यवाही का शिकार हो चुकी है। जिस तरह से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान की गई। उनकी नियुक्ति में जो प्रक्रिया अपनाई गई, उस नियुक्ति पर भी सवाल उठे और इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता भी प्रभावित हुई। हाल ही में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश से चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों के लिए एक कमेटी गठित की थी। जिसे सरकार ने कानून बनाकर बदल दिया। प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री तथा एक नेता प्रतिपक्ष को कमेटी का सदस्य बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार के इस ?नियम से बहुमत के आधार पर सरकार जिसे चाहेगी, उसे चुनाव आयोग के पद पर नियुक्ति कर देगी। चुनाव आयुक्त को सुप्रीम कोर्ट के जज की समकक्ष श्रेणी का माना जाता है। सरकार ने उसे घटाकर सचिव स्तर का किया जाना प्रस्तावित किया है। निश्चित रूप से यदि यह बदलाव किया गया तो चुनाव आयुक्त भी सरकार के अधीन होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कानून बनने तक जो कमेटी बनाई थी। उसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को रखा था। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से यह धारणा पुष्ट हुई थी कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति निष्पक्षता के साथ वरीयता ओर गुण दोष के आधार पर होगी।

चुनाव प्रक्रिया एवं निष्पक्षता के आधार पर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर यदि प्रश्न चिन्ह लग गया तो निष्पक्ष संभव ही नहीं होंगे। सरकार ने नए कानून में जो प्रावधान किया है। उसमें धारा 10 ( I ) के अनुसार चुनाव आयुक्त का दर्जा कैबिनेट सचिव के बराबर हो जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयुक्त को शक्तियां प्राप्त है। इन्हें महाभियोग के द्वारा ही हटाया जा सकता है। लेकिन जब इनका दर्जा बदल जाएगा। सरकार आयुक्तों पर प्रशा ?स ?निक कार्रवाई भी कर सकेगी। केंद्रीय चुनाव आयुक्त संवैधानिक संस्था है। जो संशोधन किए गए हैं। उसके बाद चुनाव आयोग की स्थिति सीआईसी, सीवीसी, केंद्रीय सूचना आयुक्त के समकक्ष हो जाने से उनके पास कोई संवैधानिक अधिकार नहीं होंगे। यदि यह हो गया तो चुनाव आयोग को लेकर आम जनता में जो विश्वास है वह खत्म हो जाएगा। निष्पक्ष चुनाव ही एक ऐसी प्रक्रिया है, जो लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। मतदाता 5 साल के लिए अपने लिए सरकार चुनता है। यदि चुनाव आयोग ही सरकार के अधीन हो जाएगा, तो फिर तो लोकतंत्र कायम रह पाना संभव नहीं होगा। यहां यह भी उल्लेख करना जरूरी हो गया है कि चुनाव आयोग की शक्तियों में कभी कोई परिवर्तन नहीं किया गया। लेकिन जब टी एन सेशन मुख्य चुनाव आयुक्त बने। उन्होंने अपनी संवैधानिक शक्तियों का उपयोग करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने का जो काम किया था, वह आज भी याद किया जाता है। वह कभी भी सरकार के प्रभाव में नहीं आए। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद उन्होंने निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराए। उनके समय में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया, राजनीतिक दलों के नेता और राजनीतिक दल सबको उन्होंने नियंत्रित कर लिया था।

## बेटी पर दोहे

डॉ. भरत मिश्र प्राची

1
बेटी देवी रूप है, जिसमें बसे त्रिकाल।
जो दया क्षमाशील है, जिसकी शक्ति विसाल।।
2.
बेटी अपने काम से, रखती कुल की लाज ।
जिस घर पांव पड़े जहां, उसको देती साज।।
3
जिस घर में बेटी नहीं, वह घर है कंगाल।
बेटी लक्ष्मी रूप है, कर दे मालामाल।।
4.
बेटी बेटा से सदा, रहे बुद्धि में तेज।
हर गलत व्यसन से सदा, करती है परहेज।।
5.
बेटी पढ़ने में सदा, हर तरह बुद्धिमान।
सेवा के हर क्षेत्र में , बने देश की शान ।।
6.
बेटी घर में आ गई, खुशियों की बौछार।
पढ़ लिख कर आगे.बढ़ी,चमक गया परिवार।।
7
बेटी दूर भले रहे, रखे सभी का ख्याल।
मां बाप के लिये सदा, सेवा बने मिसाल।।
8.
बेटा जब मां बाप को ,रखे न अपने धाम।
संकट के इस दौर में, बेटी आये काम।।
9.
बेटी जब होती बिदा, भरा घर सूनसान।
जिस घर में पग को रखे, बढ़ जाती है शान ।।
10.
बेटा पाने के लिये, बेटी का संहार।
कन्या भ्रूण की हत्या, हो रही बारम्बार।।
11.
बेटी - बेटा में भेद , करना है बेकार।
बेटी भी करने लगी, व्यापार -रोजगार।।
12.
बेटी घर में जन्म ले, करें न मन को उदास ।
जब भी संकट काल हो, बेटी रहती पास।।
13.
बेटा बेटी में कभी, नहीं करें मतभेद।
कन्या भ्रूण की हत्या, पर करे सभी खेद।।

# सनातन विवाद खालिस सियासी खुराफात

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

सनातन विवाद पर मद्रास हाईकोर्ट की टिप्पणी और अनेक शीर्ष संतों सहित समूचे हिंदू समुदाय की नाराजगी को देखते हुए क्या द्रमुक नेताओं की खोपड़ी में समझदारी का बीज अंकुरित होने की उम्मीद की जा सकती है? पिछले कुछ समय से द्रमुक के नेता सनातन, उत्तरी भारतीयों विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों और हिंदी को लेकर असभ्य अंदाज में टिप्पणियां करते आ रहे हैं। संदेह स्वाभाविक है कि इन हरकतों को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन की मौन स्वीकृति प्राप्त है। इधर, सनातन धर्म को लेकर चल रही बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एन.शेषशायी ने अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, 'सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का समूह है, जिसमें राष्ट्र, राजा, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्तव्य और गरीबों देखभाल शामिल है।' जस्टिस शेषशायी ने उस याचिका की सुनवाई के दौरान यह बात कही जिसमें एक गवर्नमेंट कालेज की ओर से जारी सर्कुलर को चुनौती दी गई थी। सर्कुलर में छात्रों से सनातन का विरोध विषय पर अपनी राय बताने के लिए कहा गया था। हालांकि याचिका दायर होने की जानकारी लगते ही कालेज प्रबंधन में सर्कुलर वापस ले लिया। माना जा रहा है कि द्रमुक नेताओं के आशीर्वाद के भरोसे ही कालेज प्रबंधन ने इस तरह का असंवैधानिक कृत्य करने का दुस्साहस किया होगा। एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि जस्टिस शेषशायी ने जोर देकर कहा है कि 'फ्री स्पीच फंडामेंटल राइट है लेकिन नफरत फैलाने वाले भाषण देने की इजाजत नहीं देता। खासकर जब यह धर्म से जुड़ा मामला हो।'

सनातन विरोधी ताजा विवाद की शुरूआत तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन के पुत्र और राज्य के युवा कल्याण एवं खेल मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा दो सितम्बर को चेन्नई में तथाकथित प्रगतिशील लेखकों और कलाकारों के एक संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से किए जाने से हुई थी। उदयनिधि ने कहा था कि 'इसका विरोध नहीं, बल्कि इसे पूरी तरह खत्म कर दिया जाना चाहिए।' विवाद बढने पर एम.के.स्टालिन नपे-तुले शब्दों में सफाई दी, 'उदयनिधि स्टालिन का इरादा किसी धर्म की मान्यताओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था।' स्वयं उदयनिधि की ओर से जो स्पष्टीकरण आया उसमें खेद या क्षमा भाव का रत्तीभर पुट नही दिखा। उसने कहा, 'हम किसी धर्म के दुश्मन नहीं हैं।' हिंदी, उत्तर भारतीयों और सनातन के प्रति असभ्य भाषा के प्रयोग का द्रमुक नेताओं का लंबा रिकार्ड है। चौतरफा आलोचनाओं से छोटे स्टालिन ने चुप्पी का स्वांग रचा तो द्रमुक के दूसरे नेता सक्रिय हो गए। इनमें एक नाम बड़बोले नेता ए.राजा है। ए. राजा ने सनातन की तुलना एडस और कुष्ठ रोग से की है। एक ताजा वीडियो देखने में आया जिसमें ए.राजा सनातन धर्म को पूरी दुनिया के लिए खतरा बता रहा है। 13 सितम्बर को इसका एक और भडक़ाऊ बयान आया। इसने कहा है, 'एक व्यक्ति तब तक शूद्र रहता है जब तक वह हिंदू है।' ए.राजा पहले भी आर.एस. एस. और प्रधानमंत्री के संदर्भ में अपमानजनक और असभ्य टिप्पणियां कर चुका है। जुलाई 2022 में ए.राजा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और गृह अमित शााह से कहा था कि 'तमिलनाडु को स्वायतत्ता दें। हमें स्वतंत्र तमिलनाडु देश मांगने पर विवश नहीं होने दें।' एक अन्य द्रमुक नेता के.पोनमुडी है। यह व्यक्ति तमिलनाडु का उच्च शिक्षा मंत्री है। पोनमुडी ने कहा है कि आईएनडीआईए को सनातन के खिलाफ लडने के लिए बनाया गया है। सनातन को खत्म करना है तो मतदाता चुनावों में आईएनडीआईए को वोट दे। जुलाई 2021 में तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता के.एन. नेहरू ने अपनी रंगभेदी टिप्पणी से खासा विवाद खड़ा कर दिया था। उसने कहा था, तमिलों की तुलना में बिहारियों में बुद्धि कम होती है। बिहारियों और उत्तर भारतीयों को तमिल और अंग्रेजी नहीं आती लेकिन वो तमिलों की नौकरियां छीन लेते हैं। द्रमुक नेताओं की नफरती बयानबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। द्रमुक का एक प्रवक्ता है सी. रविन्द्रन, उसने हाल ही में सनातन विवाद को और हवा दे दी। रविन्द्रन कहा है, 'यू.पी. और बिहार के लोगों का दिमाग कम होता है। ये लोग सनातन धर्म मानते हैं इसलिए इनमें बुद्धि और सामान्य बोध का अभाव होता है।' द्रमुक नेताओं की इन असभ्य और अपमानजनक टिप्पणियों से एक बात समझ में आती है कि इनकी रग-रग में उत्तर भारतीयों, हिंदी और सनातन के विरूद्ध जहर भरा है। यह राय बनने लगी है कि इनको चुपचाप सहन करने की कतई जरूरत नहीं है, उचित जवाब दिया जाना चाहिए। द्रमुक नेताओं का व्यवहार साबित कर रहा है कि तमिलनाडु में भाजपा के उभार से उनमें बेचैनी है। भडक़ाऊ और अपमानजनक बयानों का मकसद हिंदू वोट बैंक को जाति, नस्ल, भाषा और क्षेत्रीयता के आधार पर विभाजित करना है। आश्चर्य का विषय है कि सत्ता के मोह में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एकजुट हुए विपक्षी दल द्रमुक नेताओं के नफरती हथकंडों पर ना केवल चुप्पी साधे हुए हैं बल्कि कुछ नेताओं ने सनातन विवाद में उदयनिधि स्टालिन का बचाव करने की कोशिश की। विपक्षी गठबंधन, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस( आईएनडीआईए ) ने सनातन विवाद पर चुप्पी साध ली है। इसके दो कारण हो सकते हैं, या तो द्रमुक को नाराज करने की हिम्मत नही हो या फिर कोई सियासी खुराफात। आईएनडीआईए की समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद कहा गया है कि 'सनातन धर्म के मुद्दे से जुड़े विवाद पर गठबंधन से कोई बयान नहीं दिया जाएगा क्योंकि एम.के.स्टालिन इस मुद्दे पर गठबंधन का स्टैंड साफ कर चुके हैं।'

उदयनिधि के बयान को आईएनडीआईए के इक्का-दुक्का नेताओं ने ही खुलकर नापसंद किया है। इनमें एक नाम ममता बनर्जी है, जिन्होंने बड़े संतुलित अंदाज में उदयनिधि के बयान की निंदा की है। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने कहा, 'मैं सनातन धर्म से हू और ऐसे बयानों का विरोध करता हूं। यह विपक्षी गठबंधन का बयान नहीं है। किसी ने बहुत सही सवाल उठाया है, लालू यादव, नीतीश कुमार से लेकर हनुमान भक्त अखिलेश यादव और शिवभक्त राहुल गांधी सनातन के अपमान पर क्यों चुप हैं? कांग्रेस महासचिव के.सी. वेनुगोपाल ने अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ लेते हुए उदयनिधि का समर्थन यह कहते हुए किया कि 'सभी को अपनी बात कहने की आजादी है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने ज्ञान बांटा, 'ऐसा धर्म जो समानता को बढ़ावा नहीं देता या मनुष्यता के सम्मान को बढ़ावा नहीं देता वह एक धर्म नहीं है।' आचार्य प्रमोद एक मात्र ऐसे कांग्रेस नेता हैं जिन्होंने उदयनिधि के बयान को खुल कर नापसंद किया। इन दिनों जमानत पर जेल से बाहर आकर राजनीतिक देशाटन का आनंद उठा रहे राजद प्रमुख लालू यादव सनातन के अपमान के विरोध को भाजपा द्वारा अनावश्यक विवाद खड़ा किया जाना बताते हैं। खराब स्वास्थ्य और भौतिक जगत में खासे मान-मर्दन के बाद भी लालू के चेहरे पर शर्म की सिकन तक नहीं दिखती। यह गौर करने लायक बात है कि जातिगत भेदभाव के नाम पर सनातन का विरोध करने वाले द्रमुक नेताओं में नास्तिकों या मतांतरितों की भरमार है। उदयनिधि स्वयं को 'प्राउड क्रिश्चियन' कहता है। ऐसे व्यक्ति को किसी अन्य धर्म के बारे में बोलने का क्या अधिकार है? भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सी.टी.रवि ने सटीक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'धर्म और जातिवाद दो अलग-अलग विषय हैं।

उन्हें जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए।' जातिवाद और भेदभाव का आरोप लगा कर द्रमुक के नास्तिक या मतांतरित नेता सनातन को कोसते रहते हैं। इसका एक उद्देश्य उत्तर और दक्षिण के बीच खाई खोदना हो सकता है। उनके निशाने पर सनातन, हिंदी और उत्तर भारतीय ही क्यों रहते हैं? दुनियाभर से मतांतरितों के साथ भेदभाव के उदाहरण सामने आते रहते हैं। क्या ईसाई और मुस्लिम समाज में भेदभाव नहीं है? चलते-चलते एक ताजा खबर का उल्लेख जरूरी लग रहा है। तमिलनाडु पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नेता आरबीवीएस मणियन को गिरफ्तार कर लिया है। 11 सितम्बर को एक आध्यात्मिक कार्यक्रम में उन्होंने दलितों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। वाकई कमाल कर दिया। अब उत्सुकता है कि सनातन और उत्तर भारतीयों के विरूद्ध जहर उगलने वालों पर उसकी नजर कब पड़ेगी। फिलहाल सोशल मीडिया में छाए एक कमेंट पर नजर टिकी हुई है-' देसी स्टालिनों के राज्य में सनातन विरोधी विषवमन और वहां ओरिजनल स्टालिन के देश रूस में समूचा गांव सनातनी बन गया।' वाह।

# शांति की शुरुआत व्यक्तिगत होती हैं

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

हर युग में मनुष्य के द्वारा बहुत विकास किया गया और वह सुख शांति की खोज करता रहा और करता ही हैं, पर विकास और अशांति का चोली दामन का साथ हैं। जब तक मानव विकास के साथ कुछ समय धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में नहीं जायेगा तब तक वह दुखी होगा। आज विश्व युद्धों के कारण अशांति के मुंह में बैठा हैं और वह विध्वंश करने उतारू हैं, युध्य से किसी भी कालखंड में शांति स्थापित नहीं हुई, शांति वार्तालाप के साथ वैचारिक सकारात्मकता के कारण प्राप्त हो सकती हैं। शांति विश्व स्तरीय, देश स्तरीय, सामाजिक, पारिवारिक के साथ व्यक्तिगत अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। शांति व्यक्ति से शुरू होती हैं, व्यक्तिगत से मतलब राष्ट्र प्रमुख की विचारधारा पर निर्भर करता हैं। नित्य नए नए आधुनिकतम आयुध संसाधन अशांति के मुख्य कारण हैं, चीन द्वारा विस्तारवादी नीति के कारण,पाकिस्तान परपीड़क होने से और अन्य राष्ट्रों में प्रतिस्पर्धा के साथ प्रभुत्व की लड़ाई हैं।

शांति से एक साथ रहना मतभेदों को स्वीकार करने और दूसरों को सुनने, पहचानने, सम्मान करने और सराहना करने की क्षमता रखने के साथ-साथ शांतिपूर्ण और एकजुट तरीके से जीने के बारे में है।

इस वर्ष का ध्येय अंत जातिवाद है---शांति बनाएं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि यह 24 घंटे के संघर्ष विराम की अहिंसक अवधि के माध्यम से शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित एक तारीख है इसका मकसद दुनिया भर में युद्ध और शत्रुता को कम करते हुए शांति का विस्तार करना है। इस दिन की स्थापना वर्ष 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।

उद्देश्य- देशों और लोगों को शत्रुता रोकने के लिए आमंत्रित करना तथा शांति से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता फैलाना।

इतिहास

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की स्थापना 1981 में की गई थी। इसके लगभग

20 साल बाद, 2001 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से मतदान करके अहिंसा एवं संघर्ष विराम काल के रूप में इस दिन को नामित किया गया।

शुरुआत में यह दिन सितंबर के तीसरे मंगलवार को मनाया जाता था लेकिन साल 2001 के बाद इसे बदलकर 21 सितंबर तय कर दिया गया। तभी से हर साल 21 सितम्बर को वर्ल्ड पीस डे मनाया जाता है।

क्यों मनाया जाता है?

इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य अहिंसा और संघर्ष विराम के माध्यम से विश्व में शांति कायम करना है। इसके साथ ही मानवता के लिए सभी मतभेदों से ऊपर उठकर शांति के लिए प्रतिबद्ध होने और शांति की संस्कृति के निर्माण में योगदान करना भी इसका मुख्य मकसद है।दुनिया भर के सभी देशों और लोगों के भीतर शांति के आदर्शों को मजबूत करने और युद्ध को कम करने लिए यह ख़ास तौर पर समर्पित है।

इस साल अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस 2022 की थीम 'जातिवाद खत्म करें, शांति का निर्माण करें' रखी गई है। जो सही मायने में शांति प्राप्त करने के लिए ऐसे समाज के निर्माण की आवश्यकता को दर्शाता है, जिसमें लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाता हो चाहे उनकी जाति कोई भी हो।

विचार

शांति भीतर से आती हैइसकी तलाश बाहर मत करो।-----गौतम बुद्ध

शांति अपने आप में ही, एक पुरस्कार है। -महात्मा गाँधी

शांति, राजनीतिक या आर्थिक बदलाव से नहीं मिल सकती, बल्कि मानवीय स्वभाव में बदलाव से मिल सकती है। -सर्वपल्ली राधाकृष्णन

हृदय के अन्दर शांति की शुरुआत एक मुस्कराहट से होती है -मदर टेरेसा

साहसी लोग शांति की लिए, क्षमा करने से भी घबराते नहीं है। -नेल्सन मंडेला

हम केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि समस्त विश्व के लिए शांति और शांतिपूर्ण विकास में ही विश्वास रखते हैं। -लाल बहादुर शास्त्री

वह जो सभी इच्छाएं त्याग देता है और 卐मैं卐 और 卐मेरा卐 की लालसा और भावना से मुक्त हो जाता है उसे शान्ति प्राप्त होती है। -भगवत गीता

जो व्यक्ति द्वेषपूर्ण विचारों से मुक्त रहता हैं, वह निश्चित रूप से शांति को प्राप्त करता हैं। -गौतम बुद्ध

संयुक्त राष्ट्र सभी देशों को इस ख़ास दिन पर शत्रुता को रोकने के लिए आमंत्रित करता है, और शांति से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता फैलाते हुए इस दिन को मनाता है।

सफेद कबूतर- सफेद रंग को शान्ति का प्रतीक माना जाता है इसलिए क्क्ड्ढ्ढ ष्ठ्ड4 मनाने के लिए इस दिन शान्ति के दूत सफेद कबूतरों को उड़ाकर विश्वभर में शांति का संदेश दिया जाता है।

शांति की घंटी- अमेरिका के न्यूयोर्क शहर में स्थित संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र शांति घंटी बजा कर यह दिन मनाया जाता है। इसके एक ओर 'विश्व में शांति हमेशा बनी रहे' लिखा है।

यह घंटी सभी महाद्वीपों ( अफ्रीका को छोड़कर ) के बच्चों द्वारा दान किए गए सिक्कों को मिला कर बनाई गई है, जिसे जापान के यूनाइटेड नेशनल एसोसिएशन ने गिफ्ट में दिया था।

ऐसा कहा जाता है की यह घंटी युद्ध में मनुष्य की कीमत की याद दिलाती है।

विश्व शांति की स्थापना हेतु विभिन्न उपाय

पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने दुनियाभर में शान्ति एवं अमन की स्थापना हेतु पांच मूल मंत्र दिए, जिन्हें 'पंचशील का सिद्धांत' भी कहा जाता है। यदि हर कोई इन पांच मूल मंत्रो को अमल लाये तो विश्व में कभी अशांति नहीं होगी।

# क्या हिन्दू महिलाओं पर पाबंदियों के लिए मुस्लिम हमलावर ज़िम्मेदार हैं?

राम पुनियानी

आरएसएस का जन्म स्वाधीनता आन्दोलन से उपजे जातिगत और लैंगिक समानता की स्थापना के अभियान की खिलाफत में हुआ था। उस समय भारत एक राष्ट्र के रूप में उभर रहा था और इस प्रक्रिया से सामंती पदक्रम कमज़ोर हो रहा था और जाति, वर्ग और लिंग से ऊपर उठ कर सभी को समान अधिकार देने की बात हो रही थी। इसी की प्रतिक्रिया में मुस्लिम और हिन्दू राष्ट्रवादी उभरे, जो धर्म के नाम पर सामाजिक ऊंचनीच को बचाए रखना चाहते थे। हिन्दू राष्ट्रवादी आरएसएस ने भारत के स्वर्णिम अतीत की काल्पनिक कथा गढ़ी। वह उस काल को गौरवशाली बताता है जब सामाजिक व्यवस्था मनुस्मृति के कानूनों से संचालित थी। उसका दावा है कि हिन्दू मूल्य महान हैं। वे सभी जातियों को बराबरी का दर्जा देते हैं और महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। मुस्लिम आक्रान्ताओं और लुटेरों के देश पर हमलों से उन गौरवशाली मूल्यों का पतन हुआ। हिन्दू समुदाय में महिलाओं को उच्च दर्जा हासिल था परन्तु मुस्लिम हमलावरों की हरकतों के चलते, महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबन्ध लगाना हिन्दुओं की मजबूरी बन गई और इसी कारण सती प्रथा का जन्म हुआ। हिन्दू महिलाओं पर बंदिशों के पीछे के कारण को समझाने के लिए हिन्दू राष्ट्रवादियों ने यह मिथक गढ़ा। यही दावा हाल में आरएसएस सह कार्यवाह ( महासचिव ) कृष्ण गोपाल ने नारी शक्ति संगम के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। भारत में महिलाएं कैसे सशक्त से निशक्त हुईं, इसे समझाते हुए उन्होंने कहा, 卐12वीं सदी के पहले तक महिलाएं काफी हद तक आजाद थीं परन्तु मध्यकाल ( मध्यकालीन भारत ) में हालात बदल गए। वह बहुत कठिन समय था...पूरा देश गुलामी से जूझ रहा था...महिलाएं खतरे में थीं। लाखों महिलाओं को अगवा कर दूसरे देशों में बेच दिया गया। ( अहमद शाह ) अब्दाली, ( मुहम्मद ) गौरी और ( महमूद ) गजनी यहाँ से महिलाओं को ले गए और उन्हें बेच दिया...वह हमारे देश के अपमान का दौर था। तो हमारी महिलाओं की रक्षा के लिए हमारे समाज ने उन पर कई तरह की रोकें लगा दीं।

शत्रु राजा के राज्य में लूटपाट करना और पराजितों को गुलाम बनाना केवल मुस्लिम आक्रान्ताओं तक सीमित नहीं था। हिन्दू और अन्य राजाओं ने भी विजित इलाकों को लूटा, महिलाओं को अगवा किया और पुरुषों को गुलाम बनाया। चोल राजा, श्रीलंका से बड़ी संख्या में लोगों को गुलाम बनाकर लाये थे। छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना, कल्याण राज्य को जीतने के बाद वहां से धन-दौलत के अलावा, वहां के मुस्लिम शासक की बहू को भी अपने साथ ले गयी थी। जिन पाबंदियों की बात कृष्ण गोपाल कर रहे हैं, वे दक्षिण एशिया में मुस्लिम राजाओं के कदम रखने के पहले से हिन्दू महिलाओं पर लागू थीं। सती प्रथा, जिसके अंतर्गत हिन्दू विधवाओं को उनके पति की चिता पर जिंदा जला दिया जाता था, भी पहले से भारत में विद्यमान थी।

प्राचीन भारत में भी महिलाएं संपत्ति और शिक्षा के अधिकारों से वंचित थीं। प्राचीन ग्रंथों में सती प्रथा का वर्णन है। महाभारत के अनुसार, पाण्डु की पत्नी माद्री सती हुईं थीं। इसी तरह, भगवान कृष्ण के पिता वासुदेव की चारों पत्नियाँ भी अपने पति की चिता पर सती हो गईं थीं। सच तो यह है कि पितृसत्तामकता और अपने वंश की श्रेष्ठता का अभिमान, महिलाओं के दमन और सती प्रथा की जड़ में थे। रोमिला थापर के अनुसार, पितृसत्तामक समाज में महिलाओं की पराधीनता, कुल के सम्मान की रक्षा और महिलाओं की यौनिकता पर नियंत्रण सती प्रथा के उदय के पीछे के प्रमुख कारक थे। विद्या देहेजिया के अनुसार, सती प्रथा क्षत्रिय कुलीन वर्ग में जन्मीं और अधिकांश मामलों में हिन्दुओं के योद्धा वर्ग तक सीमित रही। उत्तर-गुप्त काल में, व्यापार-व्यवसाय में गिरावट, महिलाओं के स्थिति में गिरावट का कारण बनी। उनके शिक्षा प्राप्त करने पर रोक लगा दी गयी, बाल विवाह होने लगे और विधवा पुनर्विवाह पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। इसी के कारण सती जैसी भयावह प्रथा को बढ़ावा मिला। अपनी पुस्तक 卐वीमेन- हर हिस्ट्री卐 में चंद्रबाबू और थिल्गावती ने इस स्थिति का सारगर्भित वर्णन किया है- लड़कियों को बहुत कम या न के बराबर स्वतंत्रता हासिल थी। लड़कियों की शादी बहुत छोटी आयु में कर दी जाती थी....उन्हें शिक्षा तक पहुँच नहीं थी...और सती प्रथा के पालन को श्रद्धास्पद माना जाता था।

अब आरएसएस इस स्थिति से कैसे निपटे? आरएसएस केवल पुरुषों का संगठन है। इसने राष्ट्र सेविका समिति नामक एक संगठन बनाया ज़रूर है परन्तु वह आरएसएस के अधीन है। इस संगठन के नाम से यह जाहिर है कि वह इस मुद्दे पर हिन्दू राष्ट्रवादी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस संगठन के नाम से 'स्वयं' शब्द गायब है। राष्ट्र सेविका समिति अपनी महिला अनुयायियों को क्या सिखा रही है यह संघ परिवार की कई महिला नेत्रियों के कथनों से जाहिर है। समिति का नेतृत्व, महिलाओं को पराधीन रखने के पक्ष में है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयाराजे सिंधिया ने रूपकुंवर सती काण्ड के बाद, सती प्रथा के समर्थन में संसद के समक्ष प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उस समय संसद, सती प्रथा पर रोक लगाने के लिए नया कानून बनाने पर विचार कर रही थी। विजयाराजे के अनुसार, सती एक गौरवशाली परंपरा है और हिन्दू महिलाओं को सती होने का अधिकार है। समिति की एक अन्य शीर्ष नेता, मृदुला सिन्हा जो बाद में गोवा की राज्यपाल बनीं ने सेवी पत्रिका को अप्रैल 1994 में दिए गए एक साक्षात्कार में हिन्दू महिलाओं को यह सलाह दी थी कि वे पति के हाथों पिटाई को स्वीकार करें। उन्होंने दहेज़ प्रथा का बचाव किया और महिलाओं का आव्हान किया कि जब तक बहुत ज़रूरी न हो, वे घर से बाहर जाकर काम न करें। आरएसएस के पूर्व प्रचारक प्रमोद मुत्तालिक की राम सेने ने मंगलौर में पब से लौट रही लड़कियों की पिटाई लगाई थी। वैलेंटाइन्स डे पर युवा युगलों पर हमले, संघ परिवार के सदस्य बजरंग दल की गतिविधियों का हिस्सा रहा है। सन 2020 में 10 नवम्बर को, गोवा पुलिस ने एक विधि महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक शिल्पा सिंह के खिलाफ इसलिए एफआईआर दर्ज की थी क्योंकि उन्होंने विवाहित हिन्दू स्त्रियों द्वारा पहने जाने वाले मंगलसूत्र की तुलना, पालतू कुत्ते के पट्टे से की थी। संघ की विद्यार्थी शाखा एबीवीपी ने महाविद्यालय प्रशासन से शिल्पा सिंह की शिकायत भी की थी। भाजपा सरकार ने गीता प्रेस, गोरखपुर को 2023 के गाँधी शांति पुरस्कार से नवाज़ा है। यह प्रकाशक उन्हीं मूल्यों का पैरोकार है जिन्हें संघ परिवार बढ़ावा देना चाहता है। अपनी पुस्तकों के ज़रिये यह संस्थान जाति और लैंगिक मसलों पर मनुमृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करना चाहता है। इस प्रकाशक की कई पुस्तकें, हिन्दू महिलाओं को पुरुषों के अधीन रहने की सलाह देती हैं। इनमें से कुछ हैं हनुमान प्रसाद पोद्दार की 'नारी शिक्षा', स्वामी रामसुखदास की 'गृहस्थ में कैसे रहें?卐 और जय दयाल गोयनका की 'स्त्रियों के लिए कर्त्तव्य शिक्षा' और 'नारी धर्म'।

इसके अलावा, संघ परिवार ने काल्पनिक 'लव जिहाद' के नाम पर हिन्दू महिलाओं को नियंत्रित करने और मुसलमानों को निशाना बनाने का अभियान चलाया हुआ है। इन संस्थाओं के प्रतिनिधि, घर-घर जाकर हिन्दू परिवारों के यह सन्देश दे रहे हैं कि वे अपनी लड़कियों और बहनों पर 'नज़र रखें卐। चाहे वह 1920 हो या 2009, हिन्दू दक्षिणपंथियों के अभियान का आधार पितृसत्तामक मूल्य होते हैं। इनमें भोली-भाली हिन्दू महिलाओं को मुस्लिम पुरुषों के हाथों शिकार होते दिखाया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रदर्शनी में पेंट व मूंज के उत्पाद बनेंगे पहचान

अमेठी। नोएडा के एक्सपो मार्ट में 21 से 25 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अमेठी के भी उत्पाद दिखेंगे। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जाने वाला गाय के गोबर का पेंट और ओडीओपी (एक जनपद - एक उत्पाद) के तहत मूंज उत्पाद का स्टाल लगाया जा रहा है। बुधवार को नोएडा में जिले में पांच स्टॉल लग चुके हैं। बृहस्पतिवार से 25 सितंबर तक इन परंपरागत उत्पादों की बिक्री के साथ ही प्रदेश में अमेठी के उत्पादों की चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में अमेठी की कई कंपनियों अपने उत्पाद का प्रदर्शन कर रही हैं। बृहस्पतिवार से आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में पांच स्टॉल की बुकिंग कराई गई है। जायस के छोटा गोरियाना निवासी मुन्नी देवी अपने हाथ से बनाए गए मूंज उत्पादों का प्रदर्शन ट्रेड शो में करेंगी। जामो के धर्मगतपुर निवासी रामगोपाल के हाथों से बनी मूंज की डलिया लोगों को लुभाएगी। भादर ब्लॉक के भवापुर गांव की महिलाओं द्वारा छुट्टा मवेशियों के गोबर से बनाए जाने वाला पेंट दीवारों की शोभा बढ़ाने के साथ ही गोवंश की समस्या का सकारात्मक हल उपलब्ध कराएगा। मूंज और गोबर के पेंट के नवाचारी उत्पादों के साथ ही सीटेड द्वारा लेदर उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई जाएगी जबकि अल्वी पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पैकेजिंग उत्पाद का दर्शन किया जाएगा। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष संजय सिंह का कहना है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। इससे यहां के उद्यमियों को और बेहतर अवसर मिलेगा। नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जिले के लिए पांच बुक कराए गए हैं। सभी लोग नोएडा पहुंच चुके है। स्टॉल सजावट का काम चल रहा है। कल से 25 सितंबर तक स्टॉल से उत्पादों की बिक्री करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व उद्यमी अपने उत्पादों से करेंगे।

## राशन मॉडल शॉप की राह में जलभराव का रोड़ा

अमेठी। ग्राम पंचायतों में स्थापित सरकारी राशन की दुकानों को मॉडल शाप की तरह बनाया जाएगा। जलभराव के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। तीन ग्राम पंचायतों में काम ठप पड़ा है। जबकि जिला प्रशासन ने भूमि आवंटन के साथ खर्च होने वाली 64.24 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। मनरेगा के तहत जिले के 13 ग्राम पंचायतों में सरकारी राशन की दुकानों को मॉडल शाप की तरह बनाने की कार्रवाई शुरू की गई है। मॉडल शॉप बन जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। रोजमर्रा के सामान यहां से मिल सकेंगे। निर्माण की कवायद शुरू की गई लेकिन, इसमें बारिश के कारण दिक्कत आ गई। ददरा, शाहगढ़ व इन्हौना ग्राम पंचायत में जलभराव के कारण काम प्रभावित चल रहा है। उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा अशोक कुमार सिंह ने कहा कि राशन की दुकानों को मॉडल शाप बनाने के लिए 13.62 लाख रुपये मजदूरी पर 50.62 लाख रुपये मैटेरियल सहित कुल 64.24 लाख रुपये की धनराशि खर्च करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कहा कि जलभराव के चलते निर्माण कार्य प्रभावित है। वहां पानी सूखने के बाद कार्य कराया जाएगा। कहा कि अन्य ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

## बिफरे कर्मचारी और कांग्रेसी, प्रदर्शन

अमेठी। मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित होने का विरोध तेज हो गया है। अस्पताल की सभी सेवाएं बंद होने से तैनात 400 कर्मचारियों के भविष्य को लेकर संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को संजय गांधी चिकित्सालय कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अभिनव कनौजिया को दिया। कांग्रेसियों ने भी डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में जवाब देने को सीएमओ अधिकृत हैं, जो कार्रवाई हुई है वह सीएमओ के स्तर से हुई है। कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के गांव राम शाहपुर निवासी अनुज शुक्ला की पत्नी दिव्या शुक्ला की मौत के मामले में संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी मुद्दे पर बुधवार को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की। कर्मियों ने निलंबन समाप्त करने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर संघ ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। कहा है कि संजय गांधी अस्पताल में वह बीते 35 वर्षों से कार्यरत हैं। अस्पताल पर कार्रवाई से यहां के कर्मचारियों की आजीविका पर संकट पैदा हो गया है। संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कर्मचारी संघ के हितों की रक्षा के लिए आर पार की लड़ाई होगी। यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो वह न्यायालय की शरण से साथ अनशन करेंगे। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारियों के सामने सबसे बड़ा संकट परिवार के भरण पोषण का है। संजय सिंह परिहार ने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस मौके पर विनोद कुमारी सिंह, चंद्रभान पांडेय, विपिन श्रीवास्तव, फूलचंद तिवारी, शांति देवी, रामेश्वर विश्वकर्मा, मुरलीधर, गुड्डी रानी, राधेश्याम, राजेश यादव, राम प्रकाश, रीता, सुमन, माधुरी पाल समेत अन्य सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ओपीडी से इमरजेंसी तक पुलिस की तैनाती की गई है।

## डेंग के पांच और संदिग्ध मरीज मिले

अमेठी। असैदापुर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में बुधवार को मरीजों की भीड़ रही। 1149 मरीजों में से 411 बुखार से बीमार मिले। वहीं, डेंगू के पांच संदिग्ध मरीज मिले हैं। संयुक्त जिला अस्पताल की ओपीडी में कुल 1149 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जिसमें बुखार के 411, खांसी 82, सर्दी 76, जुकाम 74, लूज मोशन 83, पेटदर्द 76, शरीर में पानी की कमी के 80 व अन्य फ्लू के तीन मरीज थे। मरीजों की भीड़ के कारण व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। चिकित्सकों के कमरों के सामने मरीजों की कतार लगी हुई है। चिकित्सकों की मानें तो वर्तमान में मौसम में बदलाव हो रहा है। बीते दिनों हुई बारिश में भीगने के कारण अब लोगों की समस्या बढ़ रही है। मरीजों की भीड़ के कारण एक महिला मरीज स्ट्रेचर पर होने के कारण डॉक्टर को दिखाने में देर लग रही थी। मनोचिकित्सक डॉ. बीबी सिंह की नजर पड़ी तो वह बाहर आकर उसका उपचार कर रवाना किए। सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार हो रहा है। बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शेषधर द्विवेदी ने बताया कि एनएस वन कार्ड की जांच में पांच संदिग्ध डेंगू के मरीज मिले हैं। इसमें जगदीशपुर में तीन व गौरीगंज अमेठी में एक एक मरीज हैं। सभी का सैंपल एकत्र कराकर एलाइजा जांच के लिए भेजा गया है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस पर मवेशी से टकराई बाइक, न्यायिक कर्मी की मौत

बाजार शुकुल (अमेठी)। थानाक्षेत्र से गुजरे पूर्वांचल एक्सप्रेस पर भटमऊ के पास बुधवार की शाम मवेशी से बाइक टकराने से उन्नाव कोर्ट के कर्मी की मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई घायल हो गया। हालात गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देते हुए मामले में वैधानिक कार्रवाई में जुटी है। आजमगढ़ जिले के महराजगंज थाना के चाढ़पुर गांव निवासी मनोज यादव (30) उन्नाव में जिला एवं सत्र न्यायालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत है। मनोज का चचेरा भाई शुभम यादव (20) 18 सितंबर को प्रतियोगी परीक्षा देने कानपुर गया था। बुधवार को मनोज और शुभम बाइक से आजमगढ़ घर जा रहे थे। थानाक्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी. 68 के समीप भटमऊ गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर मनोज की मौत हो गई। शुभम की हालात नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसओ अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि शव व बाइक को कब्जे में लिया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि बाइक चला रहे घायल शुभम ने हेलमेट लगाया था, जबकि पीछे बैठे मनोज ने हेलमेट नहीं लगाया था।

## स्कूली वाहनों के कागज पूरे करवाएं, अंतिम चेतावनी

अमेठी। जिले के 289 निजी स्कूलों के 305 वाहनों के कागज अधूरे हैं। किसी के परमिट पूरा नहीं है तो किसी में अन्य कमियां। परिवहन विभाग ने स्कूलों को कई बार नोटिस दी लेकिन, सुधार नहीं हो रहा है। अब स्कूलों को अंतिम नोटिस भेजी गई है। एक सप्ताह में कागज सही न कराने पर संबंधित वाहन का पंजीकरण निलंबित करने की चेतावनी दी है। एआरटीओ कार्यालय ने स्कूली वाहनों के अभिलेखों की जांच की। जांच पड़ताल में 289 स्कूलों के 305 वाहनों के अभिलेख अधूरे मिले। किसी की परमिट का कागज अधूरा मिला तो किसी का नवीनीकरण नहीं मिला। स्वस्थता प्रमाण पत्र भी पूरा नहीं हुआ। परिवहन विभाग ने इन स्कूलों को अंतिम नोटिस देते हुए कहा कि प्रकरण स्कूली बच्चों के जीवन से जुड़ा हुआ है। एक सप्ताह में वाहनों के सभी प्रपत्र पूर्ण करने को कहा गया है। ऐसा न होने पर वाहनों का रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश सिंह ने बताया कि स्कूली वाहनों को बिना मानकों के नहीं चलने दिया जाएगा। 305 स्कूली वाहनों का फिटनेस नहीं हुआ है। इनको सात दिन का अंतिम मौका दिया गया है।

बिना प्रपत्र पूर्ण संचालित 305 स्कूली वाहनों के नंबरों की सूचना प्रवर्तन दल की टीमों को उपलब्ध करा दी गई है। अगर यह अनफिट वाहन संचालित मिले तो उन्हें तत्काल सीज करते हुए स्कूल के प्रबंधकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुण्ठा में सम्पन्न हुआ ''सेवा से संतृप्तिकरण'' अभियान

बहराइच। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल के तहत ब्लाक महसी अन्तर्गत न्याय पंचायत नथुवापुर की ग्रा.पं. हरदीगौरा, बम्भौरी, नथुवापुर, गंगापुरवा, रमुवापुर खुर्द, गदामारकला व सिसैय्याचूरामणि, न्याय पंचायत ऐरिया की ग्रा.पं. बभनौटी शंकरपुर, फत्तेपुरवा, ऐरिया, भगवानपुर, मेथौरा, लोधौनी, करेहना एवं बैकुण्ठा तथा न्यायं पंचायत मुन्सारी की ग्रा.पं. टिकुरी, बरूआबेहड़, पिपरा, मुरौव्वा व कायमपुर में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुण्ठा में आयोजित शिविर का विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया तत्पश्चात भाजपा जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह ''गोलू'', अरुणेंद्र सिंह अंकित, मंडल अध्यक्ष संजय त्रिवेदी, सर्वजीत सिंह गुड्डू, प्रमुख तेजवापुर के प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय व अन्य पार्टी पदाधिकारियों, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी महसी राकेश कुमार मौर्या, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी जे.पी. त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आमजन को प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रयास करें कि कोई भी ग्रामवासी शिविर से निराश होकर न लौटे। विधायक श्री सिंह ने डीएम के इस अभिनव पहल व शिविर के कान्सेप्ट की सराहना करते हुए कहा कि दूर-दराज के क्षेत्र में निवास करने वाले आमजन के लिए सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान पात्रों को योजनाओं से अच्छादित करने के लिए अच्छी पहल है।

श्री सिंह ने आमजन का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिंह ने संगम प्रेरणा समूह की अध्यक्ष पिंकी पांडेय व सचिव राम सहेली को रू. 38.50 लाख की धनराशि का डैमो चेक, 41 सास-बहुओं को गिलास, प्लेट व मच्छरदानी, कन्या जन्मोत्सव के तहत 25 महिलाओं व बच्चों को उपहार, 10 क्षय रोगियों को पोषण किट, 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 05 बच्चों को अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व आवास की चाभी, दैवीय आपदा अन्तर्गत 02 परिवारों को अहेतुक सहायता के चेक के साथ-साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया।

शिविर के दौरान विद्युत, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, ग्राम्य विकास, राजस्व, बैंक, कृषि, श्रम, महिला कल्याण, श्रम, समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कौशल विकास, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, आपूर्ति, पंचायत राज विभाग, जल निगम, पुलिस, लोक निर्माण इत्यादि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के माध्यम से न्याय पंचायतों के पात्र ग्रामवासियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित किया गया। विधायक श्री सिंह ने शिविर को सम्बोधित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए ग्रामवासियों का आहवान किया कि योजनाओं का लाभ उठाये।

उल्लेखनीय है कि अपरान्ह में

### विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने किया शिविर का उदघाटन



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना व अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर दिन भर की कारगुज़ारी के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी महसी राकेश कुमार मौर्या, सीओ महसी जे.पी. त्रिपाठी, पीडी डीआरडीए राजकुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## दिवाली-छठ के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू, ट्रेनों में सीटें फुल; त्योहार पर विशेष ट्रेन चलाने पर विचार

आगरा। आगरा में दिवाली-छठ के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। यहां से संचालित ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। अब रेलवे त्योहार पर विशेष ट्रेन चलाने पर विचार कर रहा है। उत्तर प्रदेश के आगरा में रेलवे स्टेशन की खिड़कियों पर टिकट बुक कराने वालों की भीड़ लगने लगी है। यह बुकिंग दशहरा, दिवाली और छठ पर्व के लिए ट्रेनों में कराई जा रही है। टिकटों की बुकिंग के लिए मारामारी है। ट्रेनों में सीटें रिजर्व कराने के लिए वेटिंग चल रही है।

त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे विशेष ट्रेन चलाने और कोच बढ़ाने की योजना बना रहा है। नवंबर में दशहरा, दिवाली और छठ पर्व के लिए लोगों ने टिकट की बुकिंग शुरू कर दी है। सचखंड एक्सप्रेस, पंजाब मेल और झेलम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में टिकट के रिजर्वेशन के लिए वेटिंग है। सबसे ज्यादा स्लीपर कोच में बुकिंग के लिए मारामारी है।

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे त्योहार पर विशेष ट्रेन और ट्रेनों में अतिरिक्त कोच बढ़ाएगा। रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि त्योहार पर लोग पहले से ही रिजर्वेशन कराते हैं। जरूरत पर विशेष ट्रेन भी चलाई जाएगी।

खजुराहो-कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस में 3-टियर कोच बढ़ाया

रेलवे ने ट्रेन संख्या 11841 में खजुराहो स्टेशन से बृहस्पतिवार से और गाड़ी संख्या 11842 में कुरुक्षेत्र स्टेशन से 22 सितंबर से एक अतिरिक्त एसी 3-टियर कोच स्थायी तौर पर लगाया गया है। वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। इसमें 2 एसएलआर, 10 सामान्य श्रेणी कोच, 5 स्लीपर क्लास कोच, 3 एसी थ्री टियर कोच, एक-एक एसी टू टियर कोच और एसी फर्स्ट क्लास कोच शामिल हैं।

बांदीकुई रेल फाटक 23 से बंद

आगरा मंडल के आगरा-बांदीकुई रेल खंड के भरतपुर हेलक के बीच फाटक संख्या 43 पर अनुरक्षण कार्य के चलते 23 सितंबर की सुबह 7 बजे से 24 सितंबर की शाम 7 बजे तक गेट बंद रहेगा। यहां से गुजरने वाले यातायात को फाटक संख्या 42 और 47 से गुजारा जाएगा।

## किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

अल्मोड़ा। सल्ट थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी एक किशोर ने नेपाली मूल की किशोरी के टेंट में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर उसे पीटा। इस घटना में वह बेहोश हो गई तो किशोर मौके से फरार हो गया। नाबालिग को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने किशोर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे परिजनों के संरक्षण में सौंपा है। पुलिस के अनुसार किशोरी अपने मजदूर भाई के साथ सल्ट में रहती थी। बीते मंगलवार को वह टेंट में अकेली थी।

इसी बीच स्थानीय निवासी एक किशोर टेंट में पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने उसे पीट दिया। इस घटना में वह बेहोश हो गई तो वह मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसे बेहोश देखा तो 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी देवायल पहुंचाया। उपचार के बाद उसे होश आया तो उसने आपबीती बताई। इस पर पीड़ित के भाई ने किशोर के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने किशोर को पकड़कर उसे परिजनों के संरक्षण में दिया।

## ऑनलाइन गेमिंग में खतरा ही खतरा... जामताड़ा और मेवात के गैंग बना रहे शिकार, बेटिंग में गंवाए 70 लाख

आगरा। क्रिकेट विश्वकप से पहले आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन गेमिंग-बेटिंग से धोखाधड़ी मामले में 9 एप और 27 अवैध वेबसाइट ब्लॉक कर दी हैं। 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। 1600 करोड़ का ट्रांजेक्शन और 4.2 करोड़ होल्ड कराए हैं। सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों ने ठगी का जाल फैला रखा है। ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग एप संचालित कर ठगी की जा रही है। गेम में पॉइंट बनाने और इनाम जीतने का झांसा देकर धोखाधड़ी की जा रही है। अधिकृत एप और वेबसाइट पर रकम मिलने की उम्मीद ज्यादा होती है, लेकिन अवैध एप और साइट पर एक बार रकम जाने के बाद वापस मिलना मुश्किल होता है। इसमें खतरा ही खतरा रहता है। बच्चों से लेकर बड़े तक गेम की दुनिया में अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं। क्रिकेट, फुटबाल ही नहीं, लूडो, रेसिंग, फाइट से संबंधित कई गेम ऑनलाइन खेले जा रहे हैं। इन पर रिवार्ड और इनाम की चाहत लुटवा देती है। अधिकृत कंपनी के एप और साइट के विज्ञापन आते हैं। इन पर टैक्स भी लगता है। इनकी आड़ में अवैध तरीके से कई एप विदेशी सर्वर पर संचालित होकर ठगी कर रहे हैं। एक बार खेलने पर रकम दे दी जाती है। जब लत पड़ जाती है तो जीत नहीं होती।

जामताड़ा और मेवात के गैंग

केवल एप ही नहीं लोगों से अलग-अलग तरीके से साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं। झारखंड के जामताड़ा और हरियाणा के मेवात में सक्रिय साइबर ठग लोगों को कभी कॉल करते हैं तो कभी मैसेज भेजकर ठगी का शिकार बनाते हैं। बैंक अधिकारी, पेंशन बाबू, कंपनी अधिकारी, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, बनकर ठगी करते हैं। पुलिस केस दर्ज कर लेती हैं लेकिन अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं।

बेटिंग में लगाकर गवां दिए 70 लाख

साइबर सेल ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश की तो ऐसे लोग भी मिले, जिनके खातों से 70 से 80 लाख रुपये जमा कराए गए थे। शुरुआत में इन लोगों को रकम दी गई थी। मगर, बाद में ज्यादा रकम लगाने पर कोई पैसा नहीं मिला। ऑनलाइन एप चलने के दौरान लगने वाली रकम को भी दिखाया जाता था।

साइबर सेल की सलाह

साइबर सेल के प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि लोगों को ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग से बचना चाहिए। मोबाइल पर आने वाले लिंक पर क्लिक नहीं करें। अगर, कोई घर बैठे रुपये कमाने का लालच दे रहा है तो समझ जाएं ठगी होने वाली है। इसलिए झांसे में नहीं आए।

प्रमुख बिंदु

6 हजार से अधिक एकाउंट होल्ड और ब्लॉक

18 हजार वर्चुअल पेमेंट एकाउंट ब्लॉक

4.2 करोड़ रुपये खातों में कराए फ्रीज

25 लाख से 27 करोड़ तक का एक एकाउंट में ट्रांजैक्शन

4 से 80 करोड़ रुपये रोजाना खातों में लेनदेन

1600 करोड़ से अधिक एक साल में खातों में आए

इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते हैं लिंक

अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले की जांच में खुलासा हुआ कि विदेशी ठग एप और वेबसाइट का लिंक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते थे। डाउनलोड करने पर सब्सक्रिप्शन फीस के रूप में 500 रुपये तक लिए जाते थे। इसके बाद लाइव क्रिकेट मैच, फुटबॉल, रग्बी खेल दिखाकर रकम लगवाई जाती थी। पुलिस ने गृह मंत्रालय सहित सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से संपर्क किया। इसके बाद एप और साइटों को बंद कराया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि एक वेबसाइट बंद होने पर साइबर अपराधी सप्ताह भर में नई तैयार कर लेते हैं। इसलिए पुलिस इन पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

पुलिस टीम को 50 हजार का इनाम

खुलासा करने वाली टीम में साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सुल्तान सिंह, निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, थाना शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक सिंह, साइबर सेल के एसआई सुबोध मान, सचिन धामा, मुख्य आरक्षी विजय तोमर, मनोज कुमार, सनी कुमार कर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल रहे। पुलिस आयुक्त ने टीम को 50 हजार रुपये का इनाम दिया है।

## गाय के दूध और पकी दाल के सैंपल भरे

अंबाला सिटी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा ने जिले में कई जगहों पर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों, मिठाई की दुकानों, दूध की डेयरियों, फलों, सब्जियों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान डेयरी रामपुर मोड़ अंबाला छावनी से गाय के दूध, रमन फूड हट महेशनगर अंबाला छावनी से पकी दाल और राजमा, जायका मुरादाबादी चिकन बिरयानी राय मार्केट छावनी से चिकन कोरमा के सैंपल लिए। खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला करनाल में जांच के लिए भेजे। निरीक्षण के दौरान जो खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं थे, उनको नष्ट कराया गया। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश देते हुए ताजा और शुद्ध खाद्य पदार्थ, मिठाई बेचने की सलाह दी। सभी खाद्य पदार्थ ढककर रखें और कटे हुए फल न बेचें, मिठाई को ढक कर रखें।

## ट्रक की चपेट में आई कोचिंग से लौट रही छात्रा, दर्दनाक मौत, परिजनों ने काटा बवाल

बलिया। नगरा थाना क्षेत्र के रेकुँवा निवासी परमानन्द यादव की दो बेटियां शिल्पी और पिंकी सुबह नगरा कोचिंग में पढ़ने आई थीं। दोनों बहन कोचिंग से अपने घर एक ही साइकिल से जा रही थीं। साइकिल 16 वर्षीय पिंकी चला रही थी और बड़ी बहन शिल्पी पीछे बैठी थी। अभी गड़वार मोड़ स्थित शहीद गेट के पास पिंकी सामने से आ रहे ट्रक को देख नहीं पाई। बलिया के नगरा में कोचिंग से वापस साइकिल से घर जा रही दसवीं की छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। छात्रा के परिजनों की घटनास्थल पर पुलिस से नोंकझोंक भी हुई।

नगरा थाना क्षेत्र के रेकुंवा निवासी परमानन्द यादव की दो बेटियां शिल्पी और पिंकी सुबह नगरा कोचिंग में पढ़ने आई थीं। दोनों बहन कोचिंग से अपने घर एक ही साइकिल से जा रही थीं। साइकिल 16 वर्षीय पिंकी चला रही थी और बड़ी बहन शिल्पी पीछे बैठी थी। अभी गड़वार मोड़ स्थित शहीद गेट के पास पिंकी सामने से आ रहे ट्रक को देख नहीं पाई। साइकिल असन्तुलित होते ही सामने से आ रहे ट्रक के पिछले चक्के के नीचे दब गई। इससे मौके पर ही मौत हो गयी। शिल्पी साइकिल असन्तुलित होते ही कूद गई जिससे बाल बाल बच गयी। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और छात्रा के परिजनों को दी। परिजनों से पहुंचने से पहले पुलिस ने शव को बलिया भेज दिया। दुर्घटना स्थल पर पहुंचते ही परिजनों की पुलिस से नोंकझोंक शुरू हो गई। परिजन पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि पुलिस जानबूझकर छात्रा के शव को देखने नहीं दिया।

## पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली रैली में शामिल होंगे कार्मिक

अल्मोड़ा। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर धौलादेवी विकासखंड के कार्मिकों ने ऑनलाइन बैठक कर एक अक्तूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली को सफल बनाने पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुरानी पेंशन बहाली मंच के धौलादेवी ब्लॉक मंत्री नितेश कांडपाल ने कहा कि नई पेंशन योजना में कार्मिकों के मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले कर उनका भविष्य असुरक्षित कर दिया गया है। कार्मिकों के जीवन का सहारा पेंशन उन्हें हर हाल में मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्मिक अब अपनी इस मांग को लेकर जागरूक हो रहे हैं। बैठक में ब्लॉक संयोजक राजू महरा, डॉ. गिरजाभूषण जोशी, त्रिवेंद्र सिंह, मनोज बिष्ट, भोला दत्त पंत, जीवन साह, त्रिभुवन बिष्ट, मोनिका वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## क्रिकेट विश्वकप से पहले बड़ा एक्शन, ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एप पर चला चाबुक

आगरा। क्रिकेट विश्वकप से पहले आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन गेमिंग-बेटिंग से धोखाधड़ी मामले में 9 एप और 27 अवैध वेबसाइट ब्लॉक कर दी हैं। 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। 1600 करोड़ का ट्रांजेक्शन और 4.2 करोड़ होल्ड कराए हैं। ये चीन सहित अन्य विदेशी सर्वर पर संचालित हो रही थी। क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑनलाइन सट्टे के नाम पर रकम हड़पने वाले विदेशी ठगों पर आगरा कमिश्नरेट की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गेमिंग-बेटिंग के 9 एप और 27 वेबसाइट ब्लॉक कर दिए गए हैं। भारतीयों को ठगने के लिए एप और बेबसाइट चीन सहित अन्य विदेशी सर्वर पर संचालित हो रहे थे। जिनके जरिये लोगों को शुरुआत में जीत की रकम देकर झांसे में लिया जाता था। इसके बाद बड़ी रकम लेने के बाद ठगी की जाती थी। पुलिस ने 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खातों को फ्रीज कर 4.2 करोड़ रुपये होल्ड कराए हैं। इनमें एक साल में 1600 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। रकम क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश ट्रांसफर की जाती थी।

पुलिस लाइन में बुधवार को सट्टेबाजी के ऑनलाइन खेल की लाइव डेमो के साथ पुलिस ने जानकारी दी। प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का पूरा खेल विदेशी सर्वर से चल रहा है। पुलिस को पता चला था कि स्टार इंडिया कंपनी के अधिकृत हॉस्टार, लाइव कंटेंट, लाइव गेम को थर्ड पार्टी एप एकबैट व वेब पोर्टल के माध्यम से चोरी कर दिखाए जाते हैं। इस संबंध में जून में थाना शाहगंज में मुकदमा लिखा गया था। साइबर सेल की टीम तेलंगाना और आंध्र प्रदेश तक गई। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि चीन, वियतनाम, फिलिपींस, रूस आदि के सर्वर के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग की जाती है। अवैध बेटिंग, गेमिंग कराकर किराये के बैंक और वर्चुअल खातों से करोड़ों की रकम ट्रांसफर की जाती है।

इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते हैं लिंक

अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले की जांच में खुलासा हुआ कि विदेशी ठग एप और वेबसाइट का लिंक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते थे। डाउनलोड करने पर सब्सक्रिप्शन फीस के रूप में 500 रुपये तक लिए जाते थे। इसके बाद लाइव क्रिकेट मैच, फुटबॉल, रग्बी खेल दिखाकर रकम लगवाई जाती थी। पुलिस ने गृह मंत्रालय सहित सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से संपर्क किया। इसके बाद एप और साइटों को बंद कराया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि एक वेबसाइट बंद होने पर साइबर अपराधी सप्ताह भर में नई तैयार कर लेते हैं। इसलिए पुलिस इन पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

बेटिंग में लगाकर गवां दिए 70 लाख

साइबर सेल ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश की तो ऐसे लोग भी मिले, जिनके खातों से 70 से 80 लाख रुपये जमा कराए गए थे। शुरुआत में इन लोगों को रकम दी गई थी। मगर, बाद में ज्यादा रकम लगाने पर कोई पैसा नहीं मिला। ऑनलाइन एप चलने के दौरान लगने वाली रकम को भी दिखाया जाता था।

साइबर सेल की सलाह

साइबर सेल के प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि लोगों को ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग से बचना चाहिए। मोबाइल पर आने वाले लिंक पर क्लिक नहीं करें। अगर, कोई घर बैठे रुपये कमाने का लालच दे रहा है तो समझ जाएं ठगी होने वाली है। इसलिए झांसे में नहीं आए।

पुलिस टीम को 50 हजार का इनाम

खुलासा करने वाली टीम में साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सुल्तान सिंह, निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, थाना शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक आलोक सिंह, साइबर सेल के एसआई सुबोध मान, सचिन धामा, मुख्य आरक्षी विजय तोमर, मनोज कुमार, सनी कुमार कर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल रहे। पुलिस आयुक्त ने टीम को 50 हजार रुपये का इनाम दिया है।

## जिले के शिक्षकों ने बदायूं में किया प्रदर्शन

बलिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जनपदों से शिक्षक ने बदायूं पहुंच कर अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के खिलाफ जांच कराकर उनको निलंबित किए जाने और जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा पर की गई कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की गई। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट ने धरना स्थल पर पहुंचकर धरनारत लोगों को बताया कि जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा का निलंबन निरस्त कर दिया गया है और निरस्तीकरण आदेश की प्रति भी संगठन को उपलब्ध कराया। धरना में वक्ताओं ने एक स्वर में डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरण आनंद की कार्य पद्धति के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिसका वहां उपस्थित हजारों अध्यापकों ने पुरजोर समर्थन किया। बीएसए के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि बीएसए के विरुद्ध प्रशासन की जांच आख्या शासन को प्रेषित कर दी गई है। जिसपर शीघ्र कार्रवाई की संस्तुति की गई है। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने धरना सभा में आए प्रदेश के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से अध्यापकों को प्रताड़ित किए जाने के विरोध में शीघ्र ही लखनऊ में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्राथमिक शिक्षक के जनपद इकाई के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह और जिलामंत्री डां राजेश पांडेय के नेतृत्व में डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा जिंदाबाद और बीएसए बदायूं को बर्खास्त करो के नारे के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। धरना सभा में अजय मिश्र, ज्ञानेंद्र प्रसाद गुप्त, जितेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र प्रताप यादव, सुशील कुमार, सुनील सिंह, सुशील चौबे, सन्तोष सिंह, अनिल श्रीवास्तव, संतोष चौबे आदि रहे।

## ऑनलाइन सट्टा-विदेशों में मास्टरमाइंड... भारत में फैले हैं एजेंट, क्यूआर कोड से लेनदेन

आगरा। अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले की जांच में खुलासा हुआ कि मास्टरमाइंड विदेशों में है। भारत में एजेंट फैले हैं। मास्टरमाइंड पहले वेबसाइट या एप बनाते हैं। अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे देश के सर्वर का इस्तेमाल करते हैं, जिसकी भारत के साथ संधि नहीं होती है। अवैध बेटिंग-गेमिंग साइट व एप से करोड़ों की ठगी के मास्टरमाइंड विदेशों में बैठे हैं। वो पहले वेबसाइट एप तैयार कराते हैं। रकम लेने के लिए भारत में एजेंट के माध्यम से फर्जी खाते खुलवाते हैं। एजेंट इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर लोगों को घर बैठे रकम कमाने का लालच देते हैं। मास्टरमाइंड 70, एजेंट 27 से 29 और खाताधारक एक से तीन प्रतिशत तक रकम पाते हैं। साइबर सेल ने बताया कि धोखाधड़ी करने वाले मास्टरमाइंड विदेशों में बैठे हैं। वो पहले वेबसाइट या एप बनाते हैं। अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे देश के सर्वर का इस्तेमाल करते हैं, जिसकी भारत के साथ संधि नहीं होती है। पैसा लेने के लिए एकाउंट की जरूरत होती है।

एकाउंट के लिए मल्टीलेवल मार्केटिंग मॉडल तैयार करते हैं। इसमें हर राज्य और शहर में एजेंट बनाए जाते हैं। चेन सिस्टम की तरह एक से लेकर सैकड़ों की संख्या में एजेंट खाते खोलने का काम करते हैं। मुख्य एजेंट खाते में आने वाली रकम का 27-29 प्रतिशत लेते हैं, जबकि सब एजेंट को इसमें से ही रकम दी जाती है। खाताधारक को 1 से 3 प्रतिशत तक रकम दी जाती है। लोगों को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर लिंक भेजे जाते हैं। इसमें घर बैठे पैसा कमाने का झांसा दिया जाता था। एक सप्ताह में खाते से रकम निकाली जाती है। इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देने वाला अपना नाम एडम, जार्ज, डेविड बताता है। वह खातों का संचालन अपने पास ले लेता है। इसमें किसी व्यक्ति का आमने-सामने संपर्क नहीं होता है। मास्टरमाइंड 70 प्रतिशत तक रकम लेते हैं।

क्यूआर कोड से लेनदेन

किसी भी ऑनलाइन भुगतान के लिए पेमेंट गेटवे की जरूरत होती है। मगर, अवैध बेटिंग और गेमिंग एप के लिए वर्चुअल एकाउंट बनाया जाता है। क्यूआर कोड से भुगतान लिया जाता है। छह से सात दिन में खाता खाली कर दिया जाता है। इसके बाद बंद हो जाता है।

जामताड़ा और मेवात के गैंग

केवल एप ही नहीं लोगों से अलग-अलग तरीके से साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं। झारखंड के जामताड़ा और हरियाणा के मेवात में सक्रिय साइबर ठग लोगों को कभी कॉल करते हैं तो कभी मैसेज भेजकर ठगी का शिकार बनाते हैं। बैंक अधिकारी, पेंशन बाबू, कंपनी अधिकारी, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, बनकर ठगी करते हैं। पुलिस केस दर्ज कर लेती हैं लेकिन अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं।

बेटिंग में लगाकर गवां दिए 70 लाख

साइबर सेल ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश की तो ऐसे लोग भी मिले, जिनके खातों से 70 से 80 लाख रुपये जमा कराए गए थे। शुरुआत में इन लोगों को रकम दी गई थी। मगर, बाद में ज्यादा रकम लगाने पर कोई पैसा नहीं मिला। ऑनलाइन एप चलने के दौरान लगने वाली रकम को भी दिखाया जाता था।

साइबर सेल की सलाह

साइबर सेल के प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि लोगों को ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग से बचना चाहिए। मोबाइल पर आने वाले लिंक पर क्लिक नहीं करें। अगर, कोई घर बैठे रुपये कमाने का लालच दे रहा है तो समझ जाएं ठगी होने वाली है। इसलिए झांसे में नहीं आएं।

# संक्षिप्त समाचार

## विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, हत्या का लगाया आरोप

बदायूं। कस्बा बगरैन में मंगलवार की रात प्रीति ( 25 ) का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पिता ने एसएसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव गरुईया निवासी मीहलाल का कहना है कि उन्होंने करीब चार साल पहले बेटी प्रीति की शादी बगरैन के सीताराम के साथ की थी। उन्होंने शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह आए दिन प्रीति का उत्पीड़न करते थे। इसलिए वह बेटी को अपने घर ले आए थे। करीब छह माह बाद उन्होंने पंचायत के बाद ही बेटी को ससुराल भेजा। फिर भी उन्होंने बेटी को मारने की कोशिश की। प्रीति फिर मायके आ गई तो दोबारा पंचायत बाद प्रीती को ससुराल भेजा, लेकिन मंगलवार रात उसकी ससुराल में मौत हो गई। हालांकि उन्हें बताया गया कि प्रीति ने फंदे से लटककर जान दे दी है, लेकिन उन्हें इस पर विश्वास नहीं है। मीहलाल ने बेटी के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। बुधवार सुबह मायके वाले बगरैन पहुंचे तो प्रीति का शव जमीन पर रखा हुआ था। सूचना पर थाना पुलिस पहुंच गई और शव का पोस्टमार्टम कराया। मायके वाले शव को साथ लेकर और वहीं उसका अंतिम संस्कार किया। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट में दिया धरना

बागपत। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कलक्ट्रेट प्रभारी को मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने, कर्मचारियों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का एक माह में भुगतान करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने, कर्मचारियों के एरियर का भुगतान करने, जून और दिसंबर में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बेतन वृद्धि देकर पेंशन का निर्धारण करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर पांच, दस और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर मासिक बैठक का आयोजन कराया जाए। साथ ही वरिष्ठ नागरिक पेंशनर को निगम की बसों में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करने, पेंशन से आयकर की कटौती न करने की मांग की। इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष डॉ यशवीर सिंह तोमर, जिलामंत्री सुरेंद्र पाल, जगमोहन शर्मा मौजूद रहे।

## महायोजना -2031:आपत्तियों का निस्तारण, अनुमोदन के लिए शासन को भेजी

अलीगढ़। महायोजना-2031 पर आईं पर 570 आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है। कुछ आपत्तियों का स्वीकार कर महायोजना में शामिल किया। शासन से भी कुछ खामियां चिह्नित की गईं। इसके आधार संशोधित महायोजना अनुमोदन और मंजूरी के लिए शासन को भेज दी गई है। इसे शीघ्र मंजूरी मिलने और अक्तूबर माह से नई महायोजना लागू किए जाने की संभावना जतायी जा रही है। शहरवासी इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। कई भवन निर्माण कार्य भी इसी के इंतजार में अटके हुए हैं। नई महायोजना लागू होने के बाद एडीए की भी आय बढ़ेगी और भवन निर्माण के लिए पास होने वाले नक्शों की संख्या में वृद्धि होगी। जिले में पहली बार 1980 से 2001 तक के लिए महायोजना 2001 लागू की गई थी। इसमें शहर के आठ किमी दायरे वाले 203 गांवों एवं हरदुआगंज नगर पंचायत को शामिल किया गया था। 2008 में शासन स्तर से एडीए का दायरा बढ़ा दिया गया। 407 नए गांव एवं पांच नगर पंचायतों को शामिल किया गया। बढ़े हुए क्षेत्रफल के लिए महायोजना में कोई संशोधन नहीं हुआ। अब पहली बार 10 साल के लिए महयोजना 2031लागू की जा रही है। एडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि शासन की ओर से मिलीं आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है।शासन के अनुमोदन होते ही उसे लागू कर दिया जाएगा।

## कंटेनर में भरकर ले जाए जा रहे 24 गोवंश बरामद

अलीगढ़। गांव खेड़ा खुशखबर के पास रेलवे लाइन के किनारे एक बंद बाडी कंटेनर में भरे 24 गोवंश बरामद हुए हैं।थाना पुलिस के अनुसार गो तस्कर कंटेनर छोड़कर भाग निकले। यह गोवंश तस्करी कर ले जाए जा रहे थे। उन्हें ठूसकर कंटेनर में भरा गया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि गश्त के दौरान खेरेश्वर मार्ग पर गांव खेड़ा खुशखबर के पास रेलवे लाइन के किनारे बंद बाडी कंटेनर खड़ा मिला। उसके अंदर से पशुओं के चीखने की आवाजें आ रही थीं। लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कंटेनर को नादा वाजिदपुर स्थिति गोशाला में ले जाया गया। कंटेनर के अंदर से 24 गोवंश निकले, जिन्हें ठूसकर भरा गया था। नादा वाजिदपुर गोशाला संचालक सुधीर ठाकुर की सुपुर्दगी में सभी गोवंश को सौंपा गया है।

## विधायक बिष्ट के खिलाफ चौरतरफा खोला मोर्चा

अल्मोड़ा। विपिन त्रिपाठी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ हुए विवाद के बाद विधायक मदन बिष्ट के खिलाफ लोगों का आक्रोश कम नहीं हो रहा है। पहले भाजपा तो अब यूकेडी और राज्य आंदोलनकारियों ने भी उनके खिलाफ आवाज बुलंद की है। द्वाराहाट में राज्य आंदोलनकारियों ने विधायक बिष्ट पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया और बाद में एसडीएम सुनील कुमार के माध्यम से राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने जमकर नारे भी लगाए। बुधवार को पूर्व विधायक पुष्पेष त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधायक बिष्ट के खिलाफ प्रदर्शन कर त्रिमूर्ति चौक पर धरना दिया। पूर्व विधायक त्रिपाठी ने कहा कि विधायक बिष्ट ने निदेशक के आवास पर जाकर उन्हें धमकाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है जो अमर्यादित है। कहा कि कॉलेज परिसर में कई छात्राएं रहती हैं। उनका और उनके समर्थकों का नशे में परिसर में घुसना निदंनीय है। उन्होंने कहा कि एक विधायक की यह कारस्तानी क्षमा योग्य नहीं है। धरना और प्रदर्शन में यूकेडी के ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर संगेला, राज्य आंदोलनकारी संगठन अध्यक्ष मनोज आधिकारी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख चंदन नेगी, कैलाश फुलारा, बिपिन पंत, दान सिंह, गोपाल रौतेला, बीरेंद्र बजेठा, कला कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## गणेश पूजा के साथ नंदादेवी मेला शुरू

अल्मोड़ा। नगर में बुधवार से प्रसिद्ध सात दिवसीय नंदादेवी मेला शुरू हो गया है। देर शाम गणेश पूजा के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। बृहस्पतिवार को फलसीमा पहुंचकर कदली वृक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। सप्तमी पर शुक्रवार को नंदा सुनंदा की मूर्तियों का स्थानीय कलाकार निर्माण करेंगे। बुधवार को नंदा देवी मेले का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि यह मेला हमें विरासत में मिला है। यह हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजे है।

इसे आगे बढ़ाना युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। इस दौरान मंदिर के पुजारी तारा दत्त जोशी, प्रमोद ने पूजा संपन्न कराई। स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नंदादेवी मंदिर परिसर और एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिनका आनंद लेने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मनोज वर्मा, मुख्य संयोजक मनोज सनवाल, मुख्य सांस्कृतिक संयोजक तारा चंद्र जोशी, किशन गुरुरानी, दिनेश गोयल, परितोष जोशी, वैभव पांडे, संतोष मिश्रा, हरीश कनवाल, अर्जुन बिष्ट, संजय साह रिक्खू, दिनेश मठपाल आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीते दो रजत पदक

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने हैदराबाद में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि अंडर-17 बालिका मिश्रित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अल्मोड़ा की मनसा और गायत्री की जोड़ी तेलंगाना की तन्वी रेड्डी और तमिलनाडु की रेशिका की जोड़ी से 18-21 और 15-21 से पराजित हुई और इस जोड़ी को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। वहीं अंडर-17 मिश्रित युगल के फाइनल मुकाबले में अल्मोड़ा के सिद्धार्थ रावत और पिथौरागढ़ के एंजेल पुनेरा की जोड़ी को भार्गव राम अंगेला और प्रगति परिदा की जोड़ी ने 21-14, 16-21, 14-21 से हराया। उन्होंने कहा कि चारों खिलाड़ी 17 अक्तूबर को चीन के चेंगडू में आयोजित होने वाली एशिया सब जूनियर चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तरांचल बैडमिंटन संघ की अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, कोच डीके सेन, लोकेश नेगी, दीपांक वर्मा, बलजीत सिंह आदि ने खुशी जताई हैं।

# व्यापारी को एसडीएम ने मारे थप्पड़, कैमरे में कैद हुआ घटनाक्रम; अधिकारी को मुख्यालय से किया गया संबद्ध

बरेली। व्यापारी का आरोप है कि एसडीएम ने उसकी बात न सुनकर गाली देते हुए उस पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। व्यापारी का कहना है कि एसडीएम उसे घसीटते हुए अपनी गाड़ी में बैठाकर तहसील ले गये। तहसील ले जाकर उसे छोड़ दिया और जब वह घर जाने लगा तब उसे फिर पकड़कर पीटा। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के बिल्सी में सीमेंट व्यापारी की दुकान पर गए एसडीएम ने किसी बात पर व्यापारी पर जमकर थप्पड़ बरसाए। पूरा घटनाक्रम दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। गुरुवार को व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद एसडीएम को बिल्सी से हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया, साथ ही मामले की जांच एडीएम एफआर को दी गई है। मोहल्ला संख्या छह निवासी सीमेंट व्यापारी मोहित वार्ष्णेय पुत्र पन्नालाल का कहना है कि बीती बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह बाईपास मार्ग स्थित अपने प्रतिष्ठान के काउंटर पर बैठकर कैश का मिलान कर रहा था। इसी दौरान एसडीएम बिल्सी जीत सिंह राय अपने अर्दली और दो होमगार्ड के साथ वहां आए और उससे बदरपुर की गाड़ी के बारे मे पूछताछ करने लगे। उसने अपने प्रतिष्ठान पर हाल ही में कोई गाड़ी न उतरने की बात कहते हुए सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा। आरोप है कि इस पर एसडीएम ने उसकी बात न सुनकर गाली देते हुए उस पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। व्यापारी का कहना है कि एसडीएम उसे घसीटते हुए अपनी गाड़ी में बैठाकर तहसील ले गये। तहसील ले जाकर उसे छोड़ दिया और जब वह घर जाने लगा तब उसे फिर पकड़कर पीटा। इस कारण उसे काफी चोट आई। दुकान में हुआ पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हो गया। शाम को व्यापारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने पर एसडीएम को बिल्सी से हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया, साथ ही मामले की जांच एडीएम एफआर को सौंपी गई है। व्यापारी के साथ हुई इस घटना से अन्य व्यापारियों में भी काफी रोष है।

## ससुराल में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

अलीगढ़। पत्नी को बुलाने ससुराल पहुंचे युवक की तबीयत बिगड़ गई। बुधवार को उपचार के दौरान अलीगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। युवक के पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। 18 सितंबर को मानपुर खुर्द निवासी 23 वर्षीय चर्चित कुमार पुत्र रूद्र सिंह अपनी ससुराल सासनी के गांव नगला फतेला में अपनी पत्नी पल्लवी को बुलाने गए थे। बुधवार की सुबह पेट दर्द की शिकायत पर गंभीर हालत में ससुराल वाले उन्हें अलीगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान चर्चित कुमार की मौत हो गई। सूचना पर युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के अनुसार घटना थाना सासनी से संबंधित है।

# कई मोहल्लों से नहीं निकला पानी, लोग परेशान

बाराबंकी। शहर में आई जलप्रलय को आठ दिन बीत चुके हैं, फिर भी सात वार्डों के करीब डेढ़ दर्जन मोहल्लों में पानी भरा हुआ है। यहां के लोग पानी में बेंच, नाव के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर पानी के साथ बहकर आया कूड़ा सड़ रहा है, जिससे आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। नगर पालिका की ओर से जलनिकासी को लेकर किए गए इंतजामों पर रुक-रुक कर हो रही बारिश बाधा डाल रही है। निचले इलाकों में बारिश के कारण बार-बार पानी भर रहा है। शहर के बड़ेल, कोठीडीह, दशहराबाग, मकदूमपुर, लक्ष्मणपुरी, बनवा पल्हरी, आलापुर के करीब डेढ़ दर्जन मोहल्लों में पानी भरा हुआ है। नगर पालिका की ओर से अलग-अलग 24 स्थानों पर पंप लगाकर जलनिकासी का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मंगलवार को हुई बारिश से निचले इलाकों में फिर पानी भर गया है।नई आबादी वाले श्रीरामजानकीनगर, लच्छूनगर समेत अन्य मोहल्लों में पानी सूखने के बाद राहत की उम्मीद नजर आने लगी थी, लेकिन बारिश मुसीबत बनकर सामने आ रही है। शांतिनगर, ककरहिया, खलरिया, कृष्णानगर, उज्जवलनगर के लोग तमाम प्रयासों के बाद भी जलनिकासी नहीं करा पाए हैं। आठ दिनों से यह लोग पानी के बीच से ही होकर गुजर रहे हैं। हजाराबाग, खलरिया में कहीं बेंच लगाकर तो कहीं नाव के सहारे आवागमन हो रहा है। ईओ संजय शुक्ला ने बताया कि शहर में सफाई के साथ ही बचाव व राहत के कार्य कराए जा रहे हैं।

## गैंगस्टर के तीन मामलों में पांच आरोपियों की 01.01 करोड़ की संपत्ति जब्त

बस्ती। पुलिस ने गिरोह बनाकर अवैध शराब का धंधा करने के वाले और लूट मामले में शामिल रहे पांच आरोपियों की एक करोड़ एक लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर लिया। इनमें दो मामला अवैध शराब बनाकर उसका धंधा करने और एक लूट के मामले में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी। परशुरामपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र के सेवरा पट्टी गांव में 2020 में अवैध शराब बनाने के अड्डे पर छापेमारी की थी। जिसमें भारी मात्रा में शराब और उसे बनाने के उपकरण बरामद किए गए थे।

इस मामले में सेवरापट्टी गांव के झगरू उर्फ लाल बहादुर , सुनील केवट, ओमप्रकाश व बंगाली उर्फ अमर को गिरफ्तार किया गया था। इन सभी पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी। छानबीन में पाया गया कि इन चारों ने अपराध से काफी संपत्ति अर्जित किया है। बुधवार को चारों की मिलाकर अनुमानित 82 लाख रूपये की संपत्ति जब्त की गई। इसी तरह परदेसी निवासी बरहपुर पांडेय को भी अवैध शराब बनाने के मामले में गैंगस्टर के तहत निरुद्ध किया गया था। उसकी अनुमानित 20 लाख रूपये की संपत्ति जब्त की गई।

जब्त करने की तीसरी कार्रवाई लूट और लूट की साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सौरभ सिंह निवासी सिरसहवा के विरुद्ध की गई। उसके खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। पुलिस को उसकी संपत्ति तो नहीं मिली मगर उसके बैंक खाते में जमा एक हजार रुपये जब्त किया। एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि तीनों स्थानो से एक करोड़ एक लाख एक हजार की सम्पत्ति का जब्तीकरण किया गया है।

## मुखबिरी का आरोप लगा युवक को पीटा

यमुनानगर। पुलिस मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों ने कैंप निवासी हेमंत से मारपीट की। पुलिस ने मामले में पांच युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य पर केस दर्ज किया है। आदर्श नगर कैंप निवासी हेमंत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त मन्नी के घर पर जम्मू कालोनी में गया था। सोमवार की रात को वह और मन्नी जेकेएस स्कूल के पास खड़े थे तभी वहां जम्मू कॉलोनी निवासी राका, पाची, गामा, शुभम, सन्नी और अन्य युवक आए। आरोपी उसे अपने साथ एक्टिवा पर बिठाकर गोयल भट्ठा की ओर लेकर गए। आरोपियों ने उसे धमकी देते हुए कहा कि वह पुलिस का मुखबिर है। वह उसे इसका मजा चखाएंगे। इस दौरान आरोपियों ने उसे जमकर पीटा। बाद में उसे स्कूल के पास छोड़कर फरार हो गए।

## बदलेगा शास्त्री कॉलोनी की सड़कों का स्वरूप, लगेंगे दो करोड़

अंबाला। शास्त्री कॉलोनी के लोगों को जल्द ही नई सड़कों की सौगात मिलेगी। गृहमंत्री के निर्देश पर यहां सीमेंट और कंक्रीट के मिश्रण से सड़कों को बनाया जाएगा, जोकि 20 से 25 साल तक खराब नहीं होंगी। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़कों की रुपरेखा के लिए नगर परिषद सदर ने योजना तैयार कर ली है और इन सड़कों के निर्माण को लेकर निविदा भी जारी कर दी है। सड़कों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को काफी फायदा होगा। बारिश के दिनों में पानी की निकासी भी उचित तरीके से हो पाएगी। मौजूदा समय में शास्त्री कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़कें बनी हैं। इनमें से अधिकांश का स्तर ऊंचा-नीचा हो गया है।

नाइट फूड स्ट्रीट के साथ खाली रास्ते पर सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। अभी यह सड़क इंदिरा पार्क तक बनी हुई है, अब इसे सड़क का विस्तार विजय रत्न चौक तक किया जाएगा ताकि इस रास्ते से भी वाहन आवागमन कर सकें। इस योजना पर भी लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस सड़क के तैयार होने से बाजार आने वाले लोगों को काफी फायदा होगा और वो राय मार्केट के पीछे और गांधी मार्केट के पीछे अपने वाहनों को खड़ा कर सकेंगे। इसी रास्ते से वो मल्टीलेवल पार्किंग तक भी पहुंच पाएंगे।

50 लाख से भरे जाएंगे गड्ढे

छावनी के रिहायशी क्षेत्रों सहित अन्य सड़कों पर हो चुके गड्ढों को भरने का कार्य भी नगर परिषद द्वारा करवाया जाएगा। इस पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च होंगे। इस योजना को पूरा करने के लिए निविदा लगाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है जोकि आगामी कुछ दिनों में पूरी कर ली जाएगी।

बाजार की सड़कों की खुली निविदा

लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अंबाला छावनी के बाजारों की सड़कों की निविदा खुल गई है। इसमें तीन एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। अब तीनों एजेंसियों को दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। जो एजेंसी नियमों की पालना में अव्वल रहेगी, उसे सड़कों के निर्माण की निविदा जारी कर दी जाएगी। इस प्रकिया में लगभग 10 दिन का समय लग जाएगा।

शास्त्री कॉलोनी में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। वहीं इंदिरा पार्क के बाहर नाले से लेकर विजय रत्न चौक तक भी सड़क बनाई जाएगी। इसी प्रकार बाजार की जिन सड़कों का निर्माण किया जाना है। उनकी निविदा खोल दी गई है। इसमें तीन एजेंसियों ने रूचि दिखाई है। दस्तावेज और नियम पूरा करने वाली एजेंसी को यह ठेका जारी किया जाएगा। इसमें 10 दिन का समय लगेगा।

मंदीप सिंह, कार्यकारी अधिकारी, नप सदर।

# बिजली कर्मचारियों का वर्क सस्पेंड, भटकते रहे लोग

अंबाला। छावनी एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले केंद्रीय परिषद वर्कर यूनियन के मार्गदर्शन में सब डिविजन नंबर एक में बिजली कर्मचारियों ने वर्क सस्पेंड कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों के काम पर नहीं होने के चलते लोग भटकते नजर आए। कुर्सियां खाली दिखी। ऐसे में काफी देर तक लोग बिजली निगम से जुड़े अपने काम को लेकर प्रतीक्षा करते दिखाई दिए। हालांकि चार घंटे के प्रदर्शन के बाद कर्मचारी काम पर लौटे तब लोगों के काम हो सके। इसके बाद अधिकतर लोग अपने काम करवाए बिना ही लौट गए। यहां पर सबसे अधिक शिकायतें पीपीपी में गलत तरीके से मीटरों को जोड़ने को लेकर दिखाई दी।

गलत केस दर्ज करने का आरोप

जिसमें सब यूनिट नंबर वन के प्रधान तिलक सिंह ने बताया की पुलिस द्वारा एक गलत एफआइआर इंडस्ट्री एरिया सब डिविजन के कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज की गई थी। उस एफआइआर के खिलाफ अंबाला छावनी की सभी 6 सब डिविजन में सुबह 9 बजे से लेकर 1 बजे तक वर्क सस्पेंड करके धरना प्रदर्शन किया गया।

काम से छुट्टी लेकर आई महिला

रंगिया मंडी निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि वह कोठियों में काम करती है और वह अपनी मालकिन से छुट्टी लेकर बिजली बोर्ड कार्यालय में आई थी। क्योंकि उसका बिजली का बिल 10 हजार रुपये आया है और उसे इस बिल को ठीक करवाना था, लेकिन यहां आने के बाद पता चला कि कर्मचारी धरने पर बैठे है और वह एक घंटे से धरना प्रदर्शन खत्म होने का इंतजार कर रही है। इससे पहले भी 15 दिन पहले वह एक चक्कर लगा चुकी है।

दिहाड़ी तोड़कर बिजली बोर्ड पहुंची महिला

भगवान देवी ने बताया कि उसका 18 हजार का बिजली का बिल आया है। इस बिल को ठीक करवाने के लिए वह बिजली बोर्ड कार्यालय में आई तो देखा कि कार्यालय में सभी कुर्सियां खाली पड़ी और कोई कर्मचारी नहीं है। पिछले डेढ़ घंटे से वह कर्मचारियों के आने को इंतजार कर रही है। लेकिन अभी तक कोई नहीं और अब वह वापस अपने घर चल जाएगी।

तारावती ने बताया कि दो महीने पहले उसका और पड़ोसियों का बीपीएल राशन कार्ड कट गया था। जब सीएससी से चेक कराया तो उसमें तीन मीटर जुड़े थे। इसके लिए महिला ने डेढ़ महीना पहले बिजली बोर्ड कार्यालय में शिकायत दिए हो गया है। सभी पड़ोसियों के बिल भी ठीक हो गया और राशन कार्ड भी ठीक हो गया, लेकिन उसका बिल ठीक नहीं हुआ है। आज भी उसके नाम तीन मीटर जुड़े हुए हैं जबकि उसके घर में बिजली का मीटर पति के नाम है, लेकिन बिजली का बिल उसके नाम से जोड़ दिया है।

## राजू नेपाल ने पंजाब के राजू को पटखनी देकर जीता दंगल

बस्ती। क्षेत्र के गौरियानैन गांव में सरयू नदी के तट पर बुधवार को गणेश चतुर्दशी के मौके पर मेले का आयोजन हुआ। इसमें स्व. बाबा राममणि पांडेय मंदिर में सुंदरकांड के बाद उनकी स्मृति में आल्हा आयोजित किया गया। परिसर में आयोजित दंगल में 40 से अधिक पहलवानों ने दांव पेच आजमाया। राजू नेपाल व राहुल पंजाब के बीच हुआ मुकाबला काफी रोमांचक भरा रहा। इसमें राजू ने जीत दर्ज की। शिवानंद संतकबीरनगर व मुन्ना गाजीपुर के बीच का मुकाबला बराबरी पर रहा। दंगल प्रतियोगिता में प्रदेश के मेरठ, गोरखपुर, आजमगढ़, प्रतापगढ़, जौनपुर, दिल्ली बहराइच, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात से पहुंचे करीब 60 पहलवानों ने हिस्सा लिया। दूसरी ओर मेले में बड़ी संख्या में खिलौने, चाट-पकौड़ी, जिलेबी, फुलकी आदि की दुकानें सजी रहीं।

## नई दिल्ली से माता वैष्णो देवी के बीच चलेंगी चार स्पेशल ट्रेनें, इस तरह रहेगा शेड्यूल

अंबाला सिटी। श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए वातानुकूलित श्रेणी के कोच वाली यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और उधमपुर (शहीद कैप्टन तुषार महाजन) स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

रेल यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ की निकासी के लिए रेलवे ने नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच दो जोड़ी ट्रेनों के संचालन का फैसला किया है। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि ट्रेन नंबर 04071 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल 29 सितंबर को को नई दिल्ली से रात 11.30 बजे चलकर अगले दिन पूर्वाह्न 11.25 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04072 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन एक अक्टूबर को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से शाम 6.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6.25 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

वातानुकूलित श्रेणी के कोच वाली यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और उधमपुर (शहीद कैप्टन तुषार महाजन) स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

उक्त समय सारिणी के अनुसार वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच वाली स्पेशल ट्रेन नंबर 04081 का 30 सितंबर को और 04082 का 2 अक्टूबर को संचालन किया जाएगा।

## दंपती ने खाया विषाक्त पदार्थ, पति की मौत; पत्नी मेडिकल कॉलेज रेफर

बस्ती। प्रभारी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह जहर खाने का मामला लग रहा है, लेकिन जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा। घटना में पति की मौत हो गई है, जबकि पत्नी को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बस्ती जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रुधौली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 शास्त्री नगर के मध्यनगर में गुरुवार की सुबह सात बजे दंपती जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पति की मौत हो गई, वहीं पत्नी को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना के बारे में छानबीन करने में जुट गई। रुधौली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत रुधौली के मध्यनगर के नवल किशोर ( 30 ) व उनकी पत्नी आरती ( 27 ) सुबह जहरीला पदार्थ खाने से हालत गंभीर होने लगी। अगल-बगल के लोगों द्वारा घटना की जानकारी होने पर परिवारजनों द्वारा आनन-फानन सीएचसी रुधौली ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए दंपती को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। दोपहर लगभग एक बजे घटना के बाद सूचना पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के पिता गबोधर उर्फ बाबूराम से जानकारी हासिल किया। बाबूराम ने बताया कि घर के पीछे बने झोपड़ी में जहरीला पदार्थ की पुड़िया एक स्टील व प्लास्टिक का गिलास पाया गया। मृतक के दो बेटे दस वर्षीय अनुराग, आठ वर्षीय सत्यम और एक दो वर्ष की बेटी है। प्रभारी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह जहर खाने का मामला लग रहा है, लेकिन जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित होने पर बांटी मिठाई

अल्मोड़ा। नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नए संसद भवन के उद्घाटन और लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने वाला बिल पेश करने पर खुशी जताते हुए मिठाई बांटी। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। बुधवार को महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लीला बोरा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता चौघानपाटा में एकत्र हुए। उन्होंने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। लीला बोरा ने कहा कि गणेश चतुर्थी पर नए संसद भवन का शुभारंभ कर मोदी सरकार ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का बिल पेश कर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि इससे राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी और महिला सशक्तीकरण अभियान सार्थक होगा। कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं का सम्मान हुआ है। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया।

# रधुलीपीपल जीआईसी बदहाल, विभाग ने लगाया लाल निशान

अल्मोड़ा। प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट पद्मश्री प्रो. एमसी पंत सहित देश को कई प्रतिभाएं देने वाला ताड़ीखेत विकासखंड का रधुलीपीतल इंटर कॉलेज बदहाली की मार झेल रहा है। हालात ये हैं कि यह विद्यालय भवन कब ध्वस्त हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। दीवारों पर पड़ीं दरारें इस ओर साफ इशारा कर रही हैं और भवन पर खतरे का निशान लगाकर जिम्मेदारी निभा दी गई है। ऐसे में यहां 75 विद्यार्थी खतरे के बीच पढ़ने के लिए मजबूर हैं। वर्ष 1960 में खोले गए इंटर कॉलेज रधुलीपीपल में गंगोड़ा, पीपली, अम्याड़ी, कुनकोली, तड़ी ज्यूली, बग्वाली सहित आसपास के 25 गांवों के विद्यार्थी सुनहरे भविष्य के सपने लिए पहुंचते हैं। इस इंटर कॉलेज से पढ़कर कई प्रतिभाओं ने देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन 63 साल बाद भी इस विद्यालय का नया भवन नहीं बन सका है और पुराना भवन जर्जर हो चुका है। विद्यालय भवन की छत जर्जर और दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने से इसके गिरने का खतरा बना हुआ है। विभाग ने जर्जर भवन की दीवार पर खतरे का निशान लगाते हुए कई बार इसके ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव भेजा, जिसे अब तक सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में विद्यार्थी जान जोखिम में पढ़ने के लिए मजबूर हैं।

85 प्रतिशत घट गई छात्रसंख्या

रानीखेत। जर्जर हो चुके विद्यालय भवन में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए अभिभावक उन्हें यहां भेजने से दूरी बनाने लगे हैं। ऐसे में यहां की छात्र संख्या हर सत्र में घट रही है। हालात यह हैं कि बीते 11 सालों में यहां की छात्र संख्या में 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। विभागीय आकड़ों के मुताबिक वर्ष 2012 में यहां छात्र संख्या 500 थीं जो अब घटकर केवल 75 रह गई है, जबकि यहां सभी शिक्षकों की तैनाती है। संवाद

प्रयोगशाला के बिना विज्ञान का कैसे मिलेगा ज्ञान

रानीखेत। इंटर कॉलेज में कक्षा 11 और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला नहीं है। इन कक्षाओं में पढ़ने वाले 25 विद्यार्थियों को बगैर प्रयोगशाला के विज्ञान का ज्ञान नहीं मिल रहा है। ऐसे में विद्यार्थी परेशान हैं और अभिभावक उनके भविष्य को लेकर चिंतित। संवाद

इस विद्यालय से पढ़े हैं मशहूर कैंसर स्पेशलिस्ट पद्मश्री प्रो. एमसी पंत

रानीखेत। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोलॉजी विभाग के पूर्व प्रमुख और पद्मश्री डॉ. एमसी पंत ने इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट, उत्तराखंड के सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज, स्वामी राम इंस्टीट्यूट में कैंसर विभाग की स्थापना डॉ. पंत के प्रयास से संभव हुई। उन्होंने कैंसर रोग विषय पर 12 से अधिक पुस्तकें लिखीं हैं जो आज भी इसके उपचार में सहायक बन रही हैं।

# विवि ने अपने 8 कोर्सों में शुरू की प्रवेश प्रक्रिया

अलीगढ़। अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गजों के मंच पर दो साल पहले 14 सितंबर 2021 को किया गया। तब से लेकर विवि के अपने कैम्पस कोर्स के बारे में छात्रों को इंतजार था। अलीगढ़ के राज्य विश्वविद्यालय राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी ने अपने 8 परास्नातक कोर्सों में प्रवेश लेने की घोषणा कर दी है। इन कोर्सों में आज 20 सितंबर से वेब रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। 10 अक्टूबर से इन पाठ्यक्रमों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गजों के मंच पर दो साल पहले 14 सितंबर 2021 को किया गया। तब से लेकर विवि के अपने कैम्पस कोर्स के बारे में छात्रों को इंतजार था। आखिरकार विवि के कुलपति प्रो चंद्रशेखर ने अपने 8 कोर्सों में एडमिशन लेने की घोषणा कर दी। यह कोर्स परास्नातक हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति प्रो चंद्रशेखर ने बताया कि शासन से विवि को 43 विभाग शुरू करने की अनुमति मिल गई है। इनमें से सबसे पहले 8 विभाग शुरू किए जा रहे हैं, जिसमें एक-एक परास्नातक कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। जिसमें 6 फैकल्टी होंगी।

इन कोर्सों में प्रवेश हुए शुरू

एमए हिंदी

एमए समाजशास्त्र

एमए राजनीति शास्त्र

एलएलएम

एमकॉम

एमएससी कृषि-कृषि प्रसार

एमएससी कृषि-कृषि अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी

एमएससी गणित

ये है प्रवेश की प्रक्रिया

विवि कुलसचिव डॉ महेश कुमार ने बताया कि कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया वेब रजिस्ट्रेशन से शुरू होगी। वेब रजिस्ट्रेशन विवि के वेबसाइट 222.ह्द्धश्चह्यह्यह्व.ड्डष्.द्बठ्ठ पर 20 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेंगे। वेब रजिस्ट्रेशन 300 रूपए से होगा। वेब रजिस्ट्रेशन के बाद 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर प्रातः 11 से अपरान्ह 4 बजे तक अपने शैक्षणिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि विवि के दोदपुर स्थित कैम्प कार्यालय पर जमा करने होंगे। उसके बाद प्रवेश के लिए मेरिट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर प्रवेश होंगे। प्रवेश में आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। 10 अक्टूबर से पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

शहर में ही चलेंगी कक्षाएं

अभी चूंकि विवि का कैम्पस निर्माणाधीन है, इसलिए प्रवेश के बाद शहर के एक संस्थान में कक्षाएं चलेंगी। जहां पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## मंदिर में मूर्ति में रंग पोतकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

अलीगढ़। टप्पल थाना क्षेत्र के गांव करनपुर में मंदिर में मूर्ति में रंग पोतकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। सूचना पर थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपने हाथों से मूर्ति पर लगाए गए रंग को साफ किया। एक ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। सुबह लोग मंदिर पहुंचे तब मूर्ति में रंग लगा देखकर आक्रोशित हो गए। हिंदू राष्ट्रीय सेना के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूर्व में भी इसी मंदिर में इसी तरह से मूर्तियों पर रंग पोतकर माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी। यह दूसरी बार है जब मूर्ति में रंग पोतकर लोगों की भावना से खिलवाड़ और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। उन्होंने ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि टोना-टोटका करने जैसा मामला लग रहा है। मूर्ति के पास लाल कपड़े में नारियल व प्रसाद मिला है।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में सजे ताला-हार्डवेयर के स्टॉल

अलीगढ़। प्रदेश के उद्योगों और ओडीओपी उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पहली बार इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा। इस ट्रेडशो में 39 स्टॉल अलीगढ़ के लगे हैं। इन स्टॉल को दो दिन पहले ही उद्योग विभाग के सहयोग से सजा दिया गया है। प्रदेश के निर्माता व निर्यातकों को वैश्विक स्तर मंच मुहैया कराने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से इस शो का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री स्तर से लगातार इसकी सफलता के लिए प्रदेश भर में प्रयास किए गए। इसी प्रयास के क्रम में अलीगढ़ से 39 स्टॉल पहुंचे हैं। जिनमें अधिकतर ताला हार्डवेयर व आर्टवेयर से जुड़े हैं। शो में देश विदेश से आने वाले उद्यमी एक दूसरे से अपने व्यापार के बढ़ावे को लेकर संवाद करेंगे और यहां के उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर बात होगी। इसके लिए उद्यमियों के साथ उद्योग विभाग की एक टीम भी वहां पहुंची हुई है।

-ओडीओपी से मॉडर्न ओवरसीज, देवेश एंटरप्राइजेज, आन्या ओवरसीज, मै.राजपूत लॉक्स, केवी एंटरप्राइजेज, वरुण पैकेजिंग इंडस्ट्री, संजय कुमार-तरुण कुमार, पीपी एस इंटरनेशनल, वोल्फ एंटरप्राइजेज, अर्पित एक्सपोर्ट, मस्कट मैटल, मै.स्टेलियन प्रोडक्ट, मै.आरके इंटरप्राइजेज, मै.किशु लॉक्स एंड हार्डवेयर, मै.सदानी ओवरसीज, मै.आरडेंट फिटिंग, मै.नोवा लॉक्स, मै.वाहइट सेल्स, मै.मीनाक्षी ट्रेडिंग कंपनी, मै.मेटक्राफ बिल्डवेयर प्रा.लि., एसकेवी इंटरप्राइजेज, नंद हैंडीक्राफ्ट हॉल नंबर नौ में और जो हार्डवेयर व लॉक्स फर्म शामिल हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मौत बनकर टूटा हाईटेंशन तार, युवक की मौत

आजमगढ़। सिधारी थाना अंतर्गत आजमगढ़-निजामाबाद मोड़ पर बिजली के 11 हजार वोल्ट का तार सरेराह टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर एक राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची सिधारी थाना पुलिस ने झुलसे व्यक्ति को तत्काल अस्पताल भेजकर भर्ती कराया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आजमगढ़-निजामाबाद मार्ग पर स्थित एकरामपुर मोड़ के पास बुधवार को दिन में डेढ़ बजे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन लाइन का तार अचानक से टूट कर बीच सड़क पर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार गुड्डू यादव (35) निवासी वजहुद्दीनपुर हैंगापुर थाना सिधारी की झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं दूसरे बाइक सवार राहगीर राजेंद्र (55) निवासी तिलहुआ थाना गंभीरपुर झुलस गया। तार टूट कर गिरने और दो लोगों की चपेट में आकर झुलसने से मौके पर हड़कंप मच गया। कुछ देर के लिए भगदड़ सी स्थिति उत्पन्न हो गई। तार में करंट होने के चलते झुलस रहे लोगों को कोई बचाने भी आगे नहीं आ सका। सिधारी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में लाइट कटवाने के बाद झुलसे राजेंद्र को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा कर भर्ती कराया गया।

## खड़ी ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, दो युवकों की मौत

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के अहीरौली कृतमलपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक में एक अनियंत्रित बाइक घुस गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में शामिल एक युवक का जन्मदिन था और वह अपने साथी के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने किसी ढाबे पर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अहिरौली कृतमलपुर गांव के पास सड़क किनारे एक लोडेड ट्रक खड़ी थी। शाम लगभग पांच बजे भीरा गांव निवासी अनंत (21) अपने मित्र निलेश (22) के साथ बाइक से किसी ढाबे पर जाने के लिए घर से निकला। बुधवार को अनंत का जन्मदिन था। जिसकी पार्टी मनाने के लिए वह ढाबे पर जा रहा था। अभी दोनों अहिरौली कृतमलपुर गांव के पास ही पहुंचे थे कि पहले से सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक अनियंत्रित होकर घुस गई। इस हादसे में निलेश की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं अनंत गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल अनंत को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अनंत जहां दो भाईयों में बड़ा था, तो वहीं निलेश दो बहनों का इकलौता भाई था।

## 25 से ज्यादा सड़कों को निगल गई गंगा-रामगंगा

बदायूं। गंगा और रामगंगा नदियों की बाढ़ से लोक निर्माण विभाग की कई सड़कें जगह-जगह से उखड़ गई हैं। विभाग की ओर से इनका आकलन कराया जा रहा है, लेकिन अभी बाढ़ के पूरी तरह से शांत न होने की वजह से सटीक आकलन संभव नहीं है। ऐसे में सामान्य स्थिति होने पर ही आकलन कराया जाएगा। अभी तक करीब 25 सड़कों को बाढ़ से प्रभावित पाया गया है। जिले में दो माह तक गंगा नदी ने कहर बरपाया था। रामगंगा नदी ने भी खूब तबाही मचाई। हालांकि अब रामगंगा भी शांत होती नजर आ रही है, लेकिन अभी भी सड़कों और खेतों पर पानी भरा हुआ है। बाढ़ की वजह से लोक निर्माण विभाग की तमाम सड़कें जगह-जगह से टूट चुकी हैं, जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनेंगी। इसको ध्यान में रखते हुए गंगा नदी के शांत होने पर विभाग ने इन सड़कों का आकलन कराने की तैयारी की थी। पीडब्ल्यूडी मनीष सिंह ने बताया कि 25 से ज्यादा सड़कें बाढ़ की वजह से खराब हुई हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का सही आकलन गंगा और रामगंगा नदियों में बाढ़ सामान्य होने के बाद ही संभव हो पाएगा।

## एक घंटे की बारिश से शहर लबालब

बदायूं। शहर में बुधवार दोपहर को अचानक काले घने बादल छा गए और तेज बारिश होने लगी। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से शहर का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा होगा, जहां जलभराव न हुआ हो। जलभराव के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया। नगर पालिका की लापरवाही बारिश में लोगों के लिए मुसीबत बनी रही। नाला सफाई समय से और सही से न होने के कारण बारिश का पानी घंटों तक सड़कों पर ही भरा रहा। इससे लोगों को गंदे पानी के ही बीच से होकर निकलना पड़ा। पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे से बारिश शुरू हो गई और करीब साढ़े 12 बजे तक हुई। शहर के मोहल्ला पनवाड़ी, छह सड़क, शिव मंदिर चौराहा, नेकपुर, जोगीपुरा, कलक्ट्रेट परिसर और जिला अस्पताल परिसर भी इससे अछूता नहीं रहा। सड़कों पर पानी भरा होने के कारण लोगों को घरों तक से निकलना मुश्किल हो गया। दरअसल, तेज बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया। जैसे ही बारिश बंद हुई वाहनों का निकलना शुरू हुआ और वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण कुछ ही देर में सड़कों पर जाम लग गया।

जलभराव खत्म हुआ तो कीचड़ ने किया परेशान

बारिश की वजह से हुए जलभराव से लोग परेशान थे, लेकिन जलभराव खत्म होने के बाद गलियों की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई। वहां पर इस कदर कीचड़ फैल गई। पूरे दिन लोग गलियों में नहीं निकल पाए।

## लाभार्थियों की सूची नाम काटने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

बदायूं। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थियों सूची से पात्रों के नाम हटाने से गुस्साए ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि सचिव और एडीओ ने मिलकर यह काम किया है। इसके बाद उन्होंने बीडीओ को ज्ञापन दिया। विकास खंड दहगवां के गांव रदनौल अजीजपुर के प्रधान योगेंद्र कुमार ने बीडीओ सतीश सैनी को दिए ज्ञापन में सचिव चंद्रकेश भारती और एडीओ पंचायत पर आरोप लगाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों के नाम नत्थू, तेजपाल, धर्मवीर, जयप्रकाश, सुनिश, धर्मपाल आदि शामिल थे। इन दोनों ने इन लाभार्थियों के नाम काट दिए हैं।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेंगी बिल्सी की छह छात्राएं

बदायूं। नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज की छह छात्राएं शाहजहांपुर जिले में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेंगी। इसके लिए कॉलेज के प्रबंधक सुरेश बाबू गुप्ता और प्रधानाचार्य पीके शर्मा ने सभी को हरी झंडी देकर रवाना किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं हर वर्ष विभिन्न खेलों की वजह से संचालित होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसका परिणाम है कि कॉलेज से छात्र-छात्राएं मंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। 21 सितंबर से शाहजहांपुर में तीन दिनों के लिए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छात्राएं शिवानी, नंदनी, पल्लवी, निराली, दीक्षा और नीतू रवाना हो गई हैं। उनके साथ कॉलेज के कोच वरुण कुमार सिंह और अंतिमा सोलंकी गए हैं।

## जिले के किसानों को भा रही गन्ने की मिठास, बढ़ गया 17 फीसदी रकबा

आजमगढ़। जिले के किसानों को अब गन्ने की मिठास भाने लगी है। नकदी फसल माने जाने वाले गन्ने के प्रति किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल जिले में 8865.718 हेक्टेयर में उत्पादन था। इस बार 10439.316 हेक्टेयर हो गया है। यानी कुल 17.75 प्रतिशत गन्ना क्षेत्रफल बढ़ गया है। गन्ने की खेती के प्रति किसानों के इस रुझान का श्रेय गन्ना विभाग को जाता है। जिन्होंने किसानों को जागरूक कर उन्हें गन्ने की खेती करने के लिए प्रेरणा दी।

जनपद में गन्ने की खेती का क्षेत्रफल 8865.718 हेक्टेयर था। जिसमें किसान अपनी खेती करते हैं। गन्ना विभाग में कुल 46953 गन्ना किसान पंजीकृत है। उक्त किसानों में मात्र 16296 गन्ना किसान गन्ने की खेती करते हैं और प्रत्येक वर्ष गन्ना कटाई के बाद चीनी मिल को सप्लाई करते हैं। बाकी के किसानों द्वारा गन्ने की सप्लाई नहीं की जाती है। गन्ने की खेती से किसानों का मोह भंग हो रहा था लेकिन गन्ना विभाग ने काफी प्रयास किया और गांव-गांव जाकर लोगों को गन्ने की खेती करने के लिए प्रेरित किया। जिसका नतीजा रहा कि जिले में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ गया है। पेराई सत्र 2021-22 में 50.47 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य था लेकिन गन्ने की सप्लाई कम होने के कारण 24.29 लाख क्विंटल गन्ना पेराई हुई थी। सत्र 2022-23 में भी 50.47 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य था। जिसमें 28.38 लाख क्विंटल पेराई हुई। विभाग की माने तो सर्वेक्षण वर्ष 2022-23 में 8865.718 हेक्टेयर क्षेत्रफल था। जिसमें 622 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ने की उपज हुई थी। सर्वेक्षण के अनुसार इस बार अधिक किसानों ने गन्ना की खेती की है। विभागीय आंकड़ों की माने तो सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 में गन्ने की खेती का क्षेत्रफल बढ़कर 10439.316 हेक्टेयर हो गया है। यानी इस बार 17.75 प्रतिशत गन्ना क्षेत्रफल बढ़ा है। इस बार गन्ने की उपज 661.16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हो गई है। गन्ना की खेती से किसानों का मोह भंग हो रहा था।

# शिक्षकों के धरने से आधा शहर जाम, तीन घंटे रेंगते रहे वाहन

बदायूं। मालवीय आवास पर शिक्षकों के धरना-प्रदर्शन के कारण बुधवार दोपहर आधा शहर जाम हो गया। शहर में इंदिरा चौक से लेकर कचहरी तिराहा और लालपुल तिराहे तक बड़ा जाम लग गया। जाम में सरकारी वाहनों के अलावा एंबुलेंस भी फंसी रहीं। आसपास की छोटी सड़कों पर भी वाहन फंस रहे। सुबह करीब 11 बजे से दोपहर दो बजे तक वाहन रेंग-रेंगकर निकलते रहे। पुलिस कर्मियों को जाम खुलवान में पसीने छूट गए। कचहरी तिराहे के नजदीक मालवीय आवास पर बुधवार को शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। शुरुआती दौर में जो शिक्षक प्रदर्शन में शामिल हुए थे, उन्होंने अपने वाहन कचहरी तिराहे से जिला अस्पताल रोड किनारे लगा दिए थे। धीरे-धीरे शिक्षक वाहनों से पहुंच रहे थे। करीब 11 बजे कचहरी तिराहे पर जाम लग गया। हालांकि इसकी सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस एक वाहन हटवा रही थी कि तब तक दो वाहन आकर लाइन में लग जा रहे थे।

धीरे-धीरे करके वाहनों की कतार रजिस्ट्री कार्यालय तक पहुंच गई, लेकिन उसके बाद भी पुलिस जाम नहीं खुलवा सकी। हालात देखकर पुलिस ने आंबेडकर पार्क के नजदीक बैरियर लगवा दिया, जिससे जिला अस्पताल की ओर से और वाहन नहीं आएं। परशुराम चौक और रोडवेज की ओर से आने वाले वाहनों को वन विभाग रोड पर मोड़ दिया गया। इधर, कचहरी तिराहे पर लगा जाम भामाशाह चौक और बाद में इंदिरा चौक तक पहुंच गया। इससे वन विभाग रोड भी जाम हो गया। वहीं, कचहरी तिराहे से लेकर लालपुल तिराहे तक सड़क जाम हो गई। इसमें एंबुलेंस, रोडवेज बसें और अन्य सरकारी व निजी वाहनों के अलावा टेंपो, ई-रिक्शा आदि फंस गए। कुछ वाहनों को जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के बीच सड़क पर निकालने की कोशिश की गई तो वहां भी जाम लग गया।

जिला अस्पताल के सामने वाली गली, जेल के पिछली दीवार की सड़क तक पर जाम लग गया। हालांकि सभी तिराहे-चौराहे पर पुलिस कर्मी, होमगार्ड और यातायात पुलिसकर्मी जाम खुलवाने में लगे थे। दोपहर दो बजे तक वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। तब कहीं जाकर जाम खुल सका। इससे तमाम वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। पुलिस भी कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा सकी।

## बंद घर का ताला तोड़ नकदी व जेवरात चोरी

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के बंद घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित को घटना की जानकारी मंगलवार को तब हुई जब वह घर पर आया। उसने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुरखीपुर गांव निवासी विपिन भारती बीते 14 सितंबर को घर पर ताला बंद कर अपने मामा के घर मां के साथ चला गया था। मंगलवार को विपिन घर आया और देखरेख कर फिर मामा के घर लौट गया था। बुधवार की सुबह विपिन के चाचा के पुत्र ने घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस सूचना पर विपिन बुधवार की सुबह घर पहुंचा तो अंदर का हाल देख कर उसके होश ही उड़ गए। पीड़ित के अनुसार चोरों ने पूरा घर खंगाल डाला था। आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे आठ हजार रुपये नकदी व लगभग नौ लाख कीमत के जेवरात व अन्य कीमती सामान गायब थे।

## फर्जी नामांकन रोकने को तैयार की जा रही विद्यार्थियों की यूनिक आईडी

बदायूं। फर्जी नामांकन पर रोक लगाने के लिए अब विद्यार्थियों की यूनिक आईडी तैयार की जा रही है, जो प्रेरणा पोर्टल पर भी अपलोड की जा रही है। जिले के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त और वित्त विहीन विद्यालयों के कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

इसको लेकर प्राथमिक विद्यालय सिरसा में बैठक का आयोजन किया है, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। कादरचौक ब्लॉक की न्याय पंचायत बाराचिर्रा में संकुल शिक्षक मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय सिरसा में हुई। नोडल शिक्षक संकुल जमीर अहमद ने बताया कि विद्यालय में ऐसे छात्र-छात्राएं हैं, जिनमें दो या दो से अधिक भाई-बहन हैं, लेकिन वह किस विद्यालय में नामांकित हैं, यह पता नहीं चल रहा है। ऐसे में उनके नामांकित विद्यालय का यू-डायस कोड /स्टूडेंट यूनिक आईडी प्रेरणा पोर्टल पर फीड किया जाना है।

इससे फर्जी नामांकन रोकने में भी काफी मदद मिलेगी। संकुल शिक्षक परमानंद ने बताया कि कक्षा एक के लिए स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, कक्षा दो से आठ तक अलग-अलग चीजें संचालित की जा रही है। इस पर शिक्षक विशेष ध्यान रहे।

बैठक के बाद कक्षा-कक्ष में टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। बैठक के बाद सभी शिक्षकों ने गूगल फॉर्म भरा। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मोहिनी गुप्ता, अल्पेश कुमार वैश्य, परमानंद, गजेंद्र पाल सिंह, मोहिनी गुप्ता, राधिका माहेश्वरी, कुसुम लता आदि मौजूद रहे।

## सोत नदी में मिला युवक का शव, हत्या कर फेंके जाने की आशंका, नहीं हुई शिनाख्त

बदायूं। उसहैत थाना क्षेत्र में पक्का पुल के नीचे सोत नदी में एक युवक का शव पड़ा मिला। उसकी पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह सोत नदी में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव दो-तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा था और सड़-गल गया। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बुधवार सुबह कुछ स्थानीय लोग पक्के पुल की ओर घूमने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह लोग घूमते हुए पुल के नीचे चले गए, जहां सोतनदी में एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया।

कुछ ही देर में मौके पर तमाम लोग इकट्ठे हो गए। लोगों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया। बताते हैं कि शव पानी में पड़े रहने के कारण गल गया और काफी फूल गया।

थाना पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोग उसकी पहचान नहीं कर पाए। लोगों को आशंका है कि शायद युवक की हत्या की गई है।

उसके बाद शव को यहां फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवा दिया है। शिनाख्त के लिए आसपास थानों में सूचना भेजी गई है। गुमशुदा लोगों की भी छानबीन कराई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

# आजमगढ़ के लाल ने केबीसी में मचाया धमाल- मैकेनिक के बेटे जसलीन बने करोड़पति, बताया कैसे की तैयारी ?

आजमगढ़। आंवक गांव निवासी जसलीन साधारण परिवार से है। उसके पिता रामसूरत मोटर मैकेनिक है। जसलीन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर सका और शहर के एक कपड़े के शोरूम पर बतौर सेल्समैन काम करता था।

केबीसी में उसका नाम आया तो वह प्रतिभाग करने चला गया। कौन बनेगा करोड़पति के 15वें एपीसोड में जिले के जसलीन ने एक करोड़ का इनाम जीता है। जसलीन की सफलता पर परिजनों व ग्रामीणों में खुशी व्याप्त हो गई है। इनाम जीतने के बाद घर लौटने पर उसका जहां जोरदार स्वागत किया गया तो वहीं जसलीन ने इनाम के पैसों से सबसे पहले अपने कच्चे मकान को पक्का कराने की बात कही है। जसलीन कुमार मूलरूप से जिले के रानी की सराय ब्लाक अंतर्गत आवंक गांव का निवासी है। आंवक गांव निवासी जसलीन साधारण परिवार से है। उसके पिता रामसूरत मोटर मैकेनिक है। जसलीन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर सका और शहर के एक कपड़े के शोरूम पर बतौर सेल्समैन काम करता था। केबीसी में उसका नाम आया तो वह प्रतिभाग करने चला गया। 15वें एपिसोड में उसने एक करोड़ का इनाम जीता। केबीसी जीत कर घर लौटने पर जसलीन का परिजनों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। प्रधान जाहिद खान ने कहा कि यह गांव ही नहीं जिले के लिए गौरव का पल है। जसलीन ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा शहर के नवीन सरस्वती शिशु मंदिर से हुई। समाचार पत्रों के माध्यम से सामान्य ज्ञान को मजबूत किया।

उसने बताया कि केबीसी के एक करोड़ रुपये और सात करोड़ रुपये के सवाल के लिए वह नोटबुक बनाता था। हॉटसीट तक पहुंचने में उसे 12 साल लग गए। उसने कहा कि वह जनता था कि केबीसी के हॉट सीट पर पहुंच कर ही वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकता है।

अमिताभ ने दी अपनी जैकेट

जसलीन ने बताया कि जब वह मुम्बई केबीसी प्रोग्राम में पहुंचा तो सेट पर तापमान काफी कम था। जिसमें उसे ठंड लग रही थी। उसने यह बात अमिताभ बच्चन को बताया तो उन्होंने अपनी जैकेट उतार कर उसे दे दिया। उसने कहा कि अमिताभ बच्चन से जैकेट मिलना व उनके द्वारा गले लगाए जाने का पल उसके जिंदगी का सबसे अनमोल पल होगा।

उसने बताया कि कच्चा मकान पक्का कराने के साथ ही कागज का दोना और पत्तल बनाने वाली मशीन खरीदकर स्टार्टअप शुरू करने की भी योजना है।

# नाटक के जरिए दिखाई बोंदू अहीर की कहानी, पढ़ें- स्वतंत्रता संग्राम में क्या रहा योगदान ?

आजमगढ़। भारत की आज़ादी की लड़ाई में बहुत से नायक हुए हैं जिनके अमूल्य साहस और अमिट बलिदान के बूते ही हम आज आज़ाद हैं, लेकिन इन महान विभूतियों के साथ देश के लगभग हर जिले-शहर में बहुत से ऐसे वीर भी शहीद हुए हैं जिनकी चर्चा इतिहास के पन्नों में धूल-धूसरित पड़ी है। आजमगढ़ में 18 से 24 सितंबर तक चलने वाल आजमगढ़ महोत्सव की दूसरी निशा का बोंदू अहीर नाटक के नाम रही। जिसमें सूत्रधार संस्थान के कलाकारों ने अभिषेक पंडित के निर्देशन में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को नमन किया। भारत की आज़ादी की लड़ाई में बहुत से नायक हुए हैं जिनके अमूल्य साहस और अमिट बलिदान के बूते ही हम आज आज़ाद हैं, लेकिन इन महान विभूतियों के साथ देश के लगभग हर जिले-शहर में बहुत से ऐसे वीर भी शहीद हुए हैं जिनकी चर्चा इतिहास के पन्नों में धूल-धूसरित पड़ी है। ऐसा ही एक नाम आजमगढ़ के 17वीं वाहिनी के सूबेदार रामदीन के बेटे बोंदू अहीर का है। जिन्होंने अपनी बहादुरी व चतुराई से सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में जिला आजमगढ़ के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करवाया। यह नाटक इसी गुमनाम क्रान्तिकारी वीर पर आधारित है जिसने 03 जून, 1857 को ईस्ट इंडिया कम्पनी का सबसे बड़ा खजाना लूटते हुए आज़ादी के गदर में शामिल होने का एलान किया। इनके साथ इनके पुत्र रामटहल और होने वाले दामाद माधो सिंह ने भी मातृभूमि की आज़ादी में बड़ी ही बहादुरी के साथ अपनी आहुति दी। आजमगढ़ के तत्कालीन 17वीं वाहिनी पैदल सेना के तमाम देश भक्त सिपाहियों के सहयोग से बोंदू अहीर ने गोरखपुर से आजमगढ़ होते हुए बनारस जा रहे सात लाख रुपये के भारी-भरकम खजाने को लूटा और लूट के बाद उस खजाने का बहुत सारा हिस्सा नाना साहब को दिया। बोंधू सिंह के नेतृत्व में 17वीं बटालियन ने आज़मगढ़, फैजाबाद से लेकर कानपुर तक की लड़ाई लड़ी। अग्रेजों के द्वारा 1857 ई0 के स्वतंत्रता संग्राम को कुचले जाने के बाद भी भारत मां का यह वीर सपूत वेश बदलकर जीता रहा। इस नाटक ने लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में लोगों द्वारा की गई कुर्बानियों की याद ताजा कर दी।

## नगर में धूमधाम से निकाली अमृत कलश यात्रा

बड़ौत। नगर पालिका परिषद बड़ौत के तत्वावधान में बुधवार को शासन के निर्देशों पर नगर के मुख्य रास्तों से अमृत कलश यात्रा निकाली गई। वार्ड नंबर 14 के न्यू राम नगर मोहल्ले में लेफ्टिनेट दिनेश शर्मा के मकान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा झंडा, मेरी माटी मेरा देश के बैनर व कलश लेकर चल रहे थे। इसमें लोगों ने मिट्टी व चावल डाले। कलश यात्रा नगरपालिका में संपन्न हुई। कार्यक्रम में अर्बन विशेषज्ञ लोकेश कुमार, सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, मोहित शर्मा, निशांत शर्मा आदि शामिल रहे। उधर, बिनौली में भी ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण कर ग्राम पंचायत सचिवालय में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान घर-घर जाकर मिट्टी, चावल एकत्र किए गए।

## एसबीआई बैंक कराएगा परिषदीय स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प

शामली। भारतीय स्टेट बैंक स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कराएगा और यदि कोई बैंक में कायाकल्प के लिए आवेदन करता है तो उसको मेरठ ब्रांच में भेजा जाएगा। जिसके बाद मेरठ से संबंधित स्कूल को बजट जारी किया जाएगा, जिससे वहां का कायाकल्प होगा। बैंक द्वारा स्कूलों में फर्नीचर, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, रंगाई पुताई आदि कार्यों पर बजट खर्च कर छात्र-छात्राओं को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

परिषदीय व उच्च प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत काफी जर्जर हो रही है और सरकार से भी समय से बजट नहीं आ पाता है। ऐसे में कई विभागों व बैंकों द्वारा उनका कायाकल्प कराकर वहां छात्र-छात्राओं के लिए व्यवस्था की जाती है। इसके लिए स्कूलों के प्रधानाध्यापकों या फिर अधिकारियों को भारतीय स्टेट ऑफ इंडिया बैंक में आवेदन करना होता है। जिसके बाद बैंक द्वारा उनके आवेदन को मेरठ ब्रांच में भेज देते है। स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में क्या-क्या कार्य होना है और किसलिए यह बजट चाहिए उसका भी अवलोकन करना होता है। स्कूलों में फर्नीचर, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, रंगाई पुताई आदि कार्यों के लिए ही बैंक से बजट जारी किया जाता है। संबंधित ब्रांच मैनेजर स्कूल से आने वाले आवेदन को अपने कार्यालय भेज देते है। जहां से बजट आने के बाद स्कूलों का कायाकल्प करा दिया जाता है। शामली स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच मैनेजर ने बताया कि अभी तक ब्रांच में पांच आवेदन आए है और अभी आवेदन मांगे गए है।

## ग्राहकों को लेकर दो पक्षों में चल रहा था विवाद, घर में घुसकर पिता-पुत्र पर फायरिंग, मौत

आजमगढ़। सरदहा बाजार में रसीद और दिनेश की आमने सामने कपड़े की दुकान है। ग्राहकों को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता रहता था। इस बात को लेकर दोनों ही एक दूसरे से रंजिश रखते थे। बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए।

महराजगंज थाना क्षेत्र के सरदहा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। इस घटना में एक पक्ष द्वारा चलाई गई गोली से दूसरे पक्ष के पिता और पुत्र घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मामला दो वर्गों के बीच होने के कारण सूचना मिलते ही मौके पर काफी संख्या में पुलिस पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन में जुट गई।

जानकारी के अनुसार सरदहा बाजार में रसीद और दिनेश की आमने सामने कपड़े की दुकान है। ग्राहकों को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता रहता था। इस बात को लेकर दोनों ही एक दूसरे से रंजिश रखते थे। बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए।

इस दौरान दिनेश पक्ष से गोली चला दी गई। गोली रसीद (55) और उसके बेटे शोएब (22) को लगी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं मामला दो पक्षों का होने के कारण एसपी अनुराग आर्य खुद भी मौके पर पहुंच गए और बाजार में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

## मांगों को लेकर 15 अक्तूबर को लखनऊ में धरना देंगे शिक्षक

अमीनगर सराय। जनता हायर सेकेंडरी स्कूल पूठड़ में माध्यमिक शिक्षण संघ (शर्मा गुट) की बैठक हुई। इसमें संघ के पदाधिकारियों ने सरकार की शिक्षक विरोधी नीति का विरोध किया। बैठक में 15 अक्तूबर को लखनऊ में होने वाले धरने को सफल बनाने का आह्वान किया गया। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की शिक्षण विरोधी नीति के कारण शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। वेतन वितरण अधिनियम और सेवा सुरक्षा को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर शिक्षकों को सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराना होगा। मांगों को लेकर 15 अक्तूबर को लखनऊ में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से धरने को सफल बनाने के लिए लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में जिला मंत्री सतवीर सिंह, प्रधानाचार्य लोकेश कुमार, गौरव शर्मा, अरविंद शास्त्री, संतोष कुमार, सचिन कुमार, कपिल मौजूद रहे।

# आढ़ती के गोदाम में गरीबों का चावल, एफआईआर

बदायूं। शहर में चार माह पहले एक आढ़ती के गोदाम से पकड़ा 331 बोरी चावल खाद्य विभाग की जांच में सरकारी राशन का निकला है। पूर्ति विभाग ने डीएम के आदेश पर आढ़ती के गोदाम में सील कर चावल कब्जे में ले लिया। पूरा चावल एक राशन विक्रेता को सुपुर्द कर दिया गया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रजनीश उपाध्याय ने आढ़ती रतनप्रकाश गुप्ता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मामला 25 मई, 2023 का है। रात में पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि लोटनपुरा तिराहे पर स्थित आशीष ट्रेडिंग कंपनी से एक ट्रक में राशन का चावल लादा जा रहा है। विभागीय टीम ने मौके पर जाकर ट्रक को घेर लिया था। ट्रक में चावल की 188 बोरियां लादी जा चुकी थीं। बाकी गोदाम में थीं। पूर्ति विभाग के अनुसार यह ट्रेडिंग कंपनी शहर के आढ़ती रतन प्रकाश गुप्ता की है।

गल्ला मंडी में वह अपनी आढ़त चलाते हैं, लेकिन लोटनपुरा तिराहे पर उनका गोदाम बना हुआ है। राशन का चावल इसी गोदाम में भरा जाता था और रात में दूसरे स्थानों पर भेज दिया जाता था। पूर्ति विभाग के अधिकारियों की सूचना पर खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने मौके पर मिलीं पांच बोरियों का वजन कराया। उनका वजन करीब 63 किलो से 65 किलो के बीच पाया गया। साथ ही खाद्य विभाग की टीम ने चावल के दो नमूने लिए थे। उन्हें जांच के लिए लखनऊ लैब भेज दिया गया था। उस दौरान पूरा चावल ट्रक से उतरवाकर आढ़ती के गोदाम में ही सील करा दिया गया था। बताते हैं कि लखनऊ भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट आ गई है। उसमें आढ़ती के यहां से पकड़ा गया चावल सरकारी राशन का बताया गया। इस रिपोर्ट के आधार पर पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने डीएम मनोज कुमार के आदेश पर सोमवार को गोदाम पहुंचकर चावल कब्जे में ले लिया और उसे एक राशन विक्रेता के हवाले कर दिया गया। मंगलवार रात क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रजनीश उपाध्याय ने आढ़ती रतन प्रकाश गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। जांच रिपोर्ट के आधार पर माना जा रहा है कि आढ़ती सरकारी राशन के चावल की खरीदफरोक्त करता था।

आढ़ती ने दिया था बयान- लखीमपुर खीरी से खरीदता है चावल

जब पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने आढ़ती रतन प्रकाश गुप्ता के गोदाम पर छापा मारा था।

तब आढ़ती ने अपने पक्ष में बयान दिया था, उसका कहना था कि वह यह चावल लखीमपुर खीरी जिले से खरीदता है और इसका व्यापार करता है, लेकिन खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट में उसकी चोरी पकड़ी गई। वह लखीमपुर खीरी नहीं, बल्कि कोटेदारों या अन्य सूत्र से राशन का चावल खरीद रहा था।

## बागपत जिला अस्पताल में चिकित्सकों का हंगामा, सहारनपुर में चार माह पुराने शव की हुई पहचान

बदायूं। मेरठ में यदि हाउस टैक्स नहीं वसूला गया तो राजस्व अधिकारियों पर ही गाज गिरेगी। परीक्षितगढ़ में एक तीन वर्ष की बच्ची को पालतु जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। बच्ची अस्पताल में भर्ती है। सहारनपुर के गागलहेड़ी में चार माह पूर्व काली नदी पुलिस चौकी क्षेत्र मे मिले शव की शिनाख्त हुई। मृतक युवक कस्बे का निकला। पुलिस हत्या के कारणों की जांच मे जुटी। जानकारी के अनुसार 29 मई की सुबह को भगवानपुर रोड स्थित चौरादेव जाने वाले रास्ते पर एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला था। शव के गले को बेल्ट से बाध कर एक पेड़ से उलझा कर बाध रखा था। सुबह के समय किसानो के वहा पहुंचने पर शव का पता चला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शव की शिनाख्त का पुलिस द्वारा कई बार प्रयास किया गया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

अब दोबारा इस केस पर पुलिस ने काम करते हुए दोबारा से इस शव की पहचान की कोशिश की तो ये शव गागलहेड़ी निवासी सन्नी उम्र 25 वर्ष पुत्र जनेश्वर प्रसाद के रूप मे हुई। इस शव की शिनाख्त परिजनों ने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की। वही परिजनों ने सन्नी की गुमशुदगी उसी समय गागलहेड़ी थाने पर दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर ने बताया की पुलिस ने 302 का मुकदमा शव मिलने के बाद ही दर्ज कर लिया था। अब शिनाख्त होने के बाद हत्या के कारणों की जांच की जाएगी।

*बागपत जिला अस्पताल में चिकित्सकों का हंगामा*

बागपत जिला अस्पताल के दो चिकित्सको के घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के खिलाफ कार्रवाई नही होने पर चिकित्सक भड़क गए। जिस पर चिकित्सको ने हड़ताल कर दी, जिस कारण मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौट गए। उधर चिकित्सको ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक राजसिंह समेत दो घरों में बुधवार को चोरों ने ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए थे। जिसके बाद स्टाफ नर्स ऋतु के घर का दरवाजा तोड़ते हुए एक चोर को लोगो ने पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी बाइक छोड़कर भाग गया था। पकड़े गए चोर के खिलाफ कार्रवाई नही होने और भागने वाले चोर की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुरुवार सुबह जिला अस्पताल के चिकित्सको ने हड़ताल कर दी। जहां आने वाले मरिजो को उपचार नहीं मिला और वापस जाना पड़ा। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार ने चिकित्सकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन चिकित्सक नहीं माने और पुलिस का घेराव कर हंगामा जारी रखा। जहां चिकित्सको ने 72 घण्टे में चोरी का खुलासा और बरामदगी नही होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी।

## सामुदायिक शौचालय अधूरा, भुगतान हुआ पूरा

आजमगढ़। क्षेत्र के अंडिका गांव में अधूरे सामुदायिक शौचालय को कागजों में पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया। तीन साल बाद भी शौचालय आधा-अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ब्लॉक के अधिकारियों से की, लेकिन अभी तक न तो इसकी जांच कराई गई और न ही दोषियों पर कार्रवाई ही की गई। स्वच्छता को लेकर ब्लॉक के अधिकारी कितने गंभीर हैं, इसको अंडिका गांव में देखा जा सकता है। शौच के लिए ग्रामीणों को खुले में न जाना पड़े, इसके लिए तीन साल पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण शुरू हुआ था। तत्कालीन सचिव व ग्राम प्रधान ने इसको पूरा नहीं कराया। दो कक्ष वाले इस सामुदायिक शौचालय में न तो गड्ढे का निर्माण कराया गया और न ही शौचालय के अंदर सीट लगाई गई। कमरे की फर्श, छत नहीं बन पाया है। आरोप है कि तत्कालीन सचिव व ग्राम प्रधान ने कागजों में पूर्ण दिखाकर 3.75 लाख का भुगतान करा लिया है। ग्राम प्रधान मिथिलेश यादव ने कहा कि यह मेरे कार्यकाल का मामला नहीं है।

## व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में पिता-पुत्र की गोली मार कर हत्या

आजमगढ़। थाना क्षेत्र के सरदहां बाजार में बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में पिता-पुत्र की गोली मार कर हत्या कर दी गई। दो समुदायों के बीच का मामला होने से मौके पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कई थानों की फोर्स के साथ आईजी व एसपी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों शवों को पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। सरदहां बाजार निवासी रसीद अहमद (55) कपड़ा व्यवसायी था। उसका परिवार भी दुकान के पीछे स्थित मकान में रहता है। वहीं बगल में ही एक नया मकान भी रसीद बनवा रहा था। दुकान के सामने दूसरी पटरी पर स्थित एक अन्य कपड़ा व्यवसायी से उसकी व्यवसाय को लेकर काफी दिनों से रंजिश चली आ रही थी। रोज की भांति रसीद बुधवार की सुबह अपनी दुकान खोल कर साफ-सफाई कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन लोग आए और दुकान में घुस कर उसे गोली मार दी। मौके पर मौजूद रसीद का पुत्र शोएब (22) जान बचा कर बगल के निर्माणाधीन मकान में भागा तो बदमाशों ने उसे भी दौड़ा लिया और ताबड़तोड़ उस पर भी फायरिंग कर दी। इसके बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। अचानक हुई गोलीबारी की घटना से कस्बे में हड़कंप मच गया। पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई।

दो समुदायों के बीच का मामला होने के चलते आईजी अखिलेश कुमार, एसपी अनुराग आर्य व पीएसी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजवा दिया। मृतक रसीद को तीन पुत्र व चार पुत्रियां थीं। वहीं शोएब तीन भाई व चार बहनों में सबसे छोटा था। पुलिस हत्याकांड की जांच पड़ताल में जुटी है। काफी पहले से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। पूर्व में पुलिस ने कार्रवाई भी की थी।

# बीजेपी की बैठक में यूपी में हारी हुई 14 सीटों को जीतने के लिए बनी रणनीति

## इस बार निशाने पर रायबरेली और मैनपुरी भी

लखनऊ- शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी की लोकसभा प्रवास योजना के तहत मैनपुरी, अंबेडकर नगर, लालगंज, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्रों के संयोजक, प्रभारी और विस्तारकों की बैठक आयोजित हुई। लोकसभा चुनाव 2019 में हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर 2024 में जीत के लिए भाजपा प्रत्येक बूथ पर प्रबंधन और सामाजिक समीकरण के हिसाब से चुनावी रणनीति बनाएगी। पार्टी प्रत्येक बूथ पर जीत से ही 80 लोकसभा क्षेत्रों में विजय के मंत्र के साथ काम करेगी। शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी की लोकसभा प्रवास योजना के तहत मैनपुरी, अंबेडकर नगर, लालगंज, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्रों के संयोजक, प्रभारी और विस्तारकों की बैठक आयोजित हुई।
बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर सूक्ष्म प्रबंधन और टीमवर्क से ही जीत का लक्ष्य प्राप्त होगा। कहा कि आगामी दिनों में शुरू हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में नए मतदाता बनवाने का लक्ष्य भी पूरा करना है। कहा कि प्रभारी मंत्री भी लोकसभा क्षेत्र दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद करें। कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर वहां समस्याओं का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि हारी हुई सीटों पर मंडल प्रवासी तैनात कर मंडल स्तर पर चुनावी योजना तैयार करें।

विश्वकर्मा, आयुष्मान और महिलाओं पर रहेगा फोकस

सुनील बंसल ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में अधिक से अधिक पात्र लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जोड़ें। आयुष्मान भव: योजना का लाभ भी अधिक से अधिक लोगों को दिलाएं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये महिला वोट बैंक को साधने की योजना बनाएं। कहा कि, चुनाव में जीत के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद तथा प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य तथा कार्यक्रम का निर्धारण आवश्यक है। बैठक में लोकसभा प्रवास योजना के केंद्रीय सदस्य आशीष सूद, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित थे। संचालन कलस्टर इंचार्ज मुकुट बिहारी वर्मा ने किया।

मैनपुरी और रायबरेली भी जीतनी है

14 लोकसभा सीटों में मैनपुरी और रायबरेली ही ऐसी सीट हैं जहां भाजपा को अब तक एक बार भी जीत नहीं मिली है। बैठक में 2024 में इन दोनों सीटों पर भी कमल खिलाने पर मंथन हुआ।

80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा करेंगे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अनुकूल माहौल बना है। पार्टी 2024 सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा करेगी।

सोशल इंजीनियरिंग मजबूत करें

सुनील बंसल ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समीकरण के हिसाब से योजना बनाएं। पिछले चुनाव में जिन समाज के वोट नहीं मिले हैं उनका वोट हासिल करने की रणनीति बनाएं।

बूथ स्तर पर तैयार होगी सामाजिक और राजनीतिक योजना

प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान, बूथ विजय का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। आगामी दिनों में सभी सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर बूथ स्तर तक की कार्ययोजना तैयार होगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन कर भरी हुंकार

अमेठी। गौरीगंज शहर स्थित ब्लॉक सभागार में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने के साथ मानदेय बढ़ोतरी को लेकर चार अक्टूबर को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा, जो भी समस्याएं हैं, उनको दूर करने के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष गीतांजलि मौर्या ने जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक की। कहा कि राज्यकर्मचारी का दर्जा व मानदेय बढ़ोतरी हमारा हक है इसे हम लेकर रहेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी कर लें। चार अक्तूबर को दिल्ली पहुंचे। संचालक उमेश कुमार ने कार्यकत्रियों की ग्रेच्युटी का मुद्दा उठाया।

# रक्तदाता धरा के प्रत्यक्ष भगवान-ओलम्पियन अशोक ध्यानचंद

## ० अयोध्या में 22 राज्यो के रक्तदानियो ने किया रक्तदान ० देश के 201 रक्त वीरों को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान




त्रिगुट संवाददाता

अयोध्या। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में राष्ट्रीय रक्तदाता महाकुंभ का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन व मेजर ध्यान चंद खेल उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें देश के 22 राज्य व यूपी के 70 जिलों के रक्तवीरो ने रक्तदान कर महादानी बनें। कैम्प में मित्र देश नेपाल के 4 व देश 7 दिव्यांग रक्त वीरों ने भी रक्त दान किया। इस मौके पर देश में 201 रक्त वीरों और संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया जो रक्तदान के लिए जन मानस में जागरुकता फैला रहे है। मेडिकल कालेज दर्शन नगर व जिला चिकित्सालय अयोध्या की टीम द्वारा लोगों का रक्तदान संपन्न हुआ।

उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी व हॉकी के पूर्व विश्व विजेता रहे अशोक ध्यानचंद जी व सिगरामऊ स्टेट की महारानी डॉ अंजू सिंह व सहजनवा नगर पालिका अध्यक्ष संजू सिंह मौजूद रही। अध्यक्षता समाज सेवी निशा किन्नर व संचालन दिलीप दूबे ने किया। रक्तदाताओं का उत्तर वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद जी ने कहा कि रक्तदाताओं का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और रक्तदाता धरा के प्रत्यक्ष भगवान जो अपने खून से दूसरों के प्राण बचाते है। विशिष्ट अतिथि महारानी डॉ अंजू सिंह ने कहा कि रक्त की जरुरत कब, किसे और कहा पड़ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, लिहाजा हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए जिससे खून के अभाव में किसी की मौत न हो। समारोह पूर्व अतिथियों का स्वागत संस्था संरक्षक राजेश चौबे जी अन्नपूर्णा रसोई के, अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, वृद्ध आश्रम से जुड़े अमरेश चंद मिश्र , उद्यमी प्रतीक कुमार वैश्य, उपाध्यक्ष विजय वर्मा , आशीष फाउन्डेशन के इंद्र प्रीत सिंह वेदी, इनर व्हील क्लब मैत्री की पूर्व अध्यक्ष रत्ना जायसवाल, आशीष फाउन्डेशन के इंद्रप्रीत सिंह बेदी , मिन्हाज सुगरा ने माल्यार्पण करके किया। समापन पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने उपस्थिति लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वामन द्वादशी मेले की 40 युवाओं के हाथों में कमान

अंबाला सिटी। उत्तर भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेला इस बार भव्य होगा। मेले का इतिहास 100 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। अबकी बार मेले के आयोजन को लेकर 40 से 50 युवाओं के हाथों में कमान है। यह युवा स्टेज से लेकर शोभायात्रा और हिंडौलों के लिए जिम्मेदारी देखेंगे। श्री सनातन धर्म सभा प्रधान व मेला संयोजक नरेश अग्रवाल ने बताया कि यह मेला 1913-14 से अंबाला शहर में होता आ रहा है। यह उत्तर भारत का ऐतिहासिक मेला है। सभा 1913 से ही मेला आयोजन करती आ रही है, मगर 1963 में सभा पंजीकृत हुई थी। पहले ग्रामीण एरिया समेत दूर-दूर जगहों से भी मेला देखने के लिए लोग पहुंचते थे। मेले के दिन कुश्ती का आयोजन भी होगा। सभा मेले को भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारी कर रही है। इस बार पिछले वर्षों के मुकाबले मेला ज्यादा भव्य होगा।

शोभायात्रा में पहुंचेंगे पांच मशहूर बैंड

सबसे ज्यादा आकर्षक का केंद्र जबलपुर का श्री श्याम अंतराष्ट्रीय बैंड रहेगा। यह बैंड धार्मिक और देशभक्ति की धुन से आकर्षक का केंद्र होगा। इसके अलावा आगरा, दिल्ली, गुरुग्राम और अंबाला के बैंड भी मेले में अपनी प्रस्तुति देंगे।

गायक हेमंत बृजवासी भी बढ़ाएंगे मेले की शोभा

श्री सनातन धर्म सभा प्रधान एवं मेला संयोजक नरेश अग्रवाल ने बताया कि 24 सितंबर की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें मशहूर गायक हेमंत बृजवासी भजनों की प्रस्तुति देंगे। 25 सितंबर को श्रद्धालु हिंडौलों के दर्शन करेंगे और 25 सितंबर रात को ही आतिशबाजी होगी। आतिशबाजी के लिए सहारनपुर से कलाकार आएंगे। इसी दिन कार्यक्रम में वृंदावन से वंदना श्री से अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में रासलीला और फूलों की होली खेली जाएगी।

श्री सनातन धर्म सभा अंबाला शहर की ओर से आयोजित ऐतिहासिक मेला वामन द्वादशी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बारे में सभा के सभी सदस्यों ने मिलकर झंडा पूजन का कार्य संपन्न किया। इसके साथ मेले का पंडाल बंधना शुरू हो गया। झंडा पूजा विधि विधान के साथ सभा के प्रधान व मेला संयोजक नरेश अग्रवाल, सह संयोजक अरविंद अग्रवाल लक्की ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर की। साथ ही बुधवार को श्री वामन भगवान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का भी दूसरा दिन रहा और रवि अग्रवाल ने परिवार के साथ प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा की पूजा की। इस बार पंडाल का कार्य राजपुरा और लाइट का काम करनाल से करवाया जा रहा है और इस बार पंडाल व लाइट का बहुत ही भव्य रूप निकल कर आएगा।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ढाई लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी

अंबाला सिटी। डिजिटल मार्केटिंग कंपनी में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से ढाई लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी अंबाला को दी शिकायत में शहर के सेक्टर 10 निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि उसे शातिर ठग ने मुंबई की डिजिटल मार्केटिंग कंपनी में पार्ट टाइम जॉब का आफर दिया। इसके बाद उसने ऑनलाइन जॉब शुरू कर दी। जॉब के दौरान शातिर ठग ने बताया कि उसे गूगल पर रेस्टोरेंट की हिस्ट्री देखकर रिव्यू लिखना है। साथ ही उसे स्टार रेटिंग पर कमेंट भी करना है। इसके बाद रिव्यू लिखना और स्टार रेटिंग पर कमेंट लिखना शुरू कर दिया। आरोपी बाद में पीड़ित से रुपये भी अलग-अलग स्कीम में निवेश कराने लगा। पीड़ित ने पांच दिन के भीतर ढाई लाख रुपये निवेश कर दिए मगर रुपये वापस नहीं आए। इसके बाद भी शातिर ठग ने छह लाख रुपये लगाने की बात कही, यहीं से पीड़ित को शक हो गया। इस मामले में थाना सेक्टर 9 अंबाला सिटी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भारत में हाई बीपी पर नियंत्रण पाकर रोक सकते है 46 लाख मौतें

## ० डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में खुलासा, 67 मिलियन से अधिक लोगों को इलाज की जरूरत

नई दिल्ली ( ईएमएस )। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में यदि समय पर सही इलाज दिया जाएगा तो 2040 तक 46 लाख मोतों को रोका जा सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार भारत हाई बीपी की बीमारी पर नियंत्रण पाने में सक्षम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान हाई बीपी के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव पर अपनी पहली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क हाई बीपी से पीड़ित हैं। 50 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल करने के लिए, हाई बीपी से पीड़ित 67 मिलियन से अधिक लोगों का प्रभावी ढंग से इलाज करने की आवश्यकता होगी। कुल 37 प्रतिशत भारतीयों में हाई बीपी की समस्या पाई गई है। पुरुषों में 32 प्रतिशत और महिलाओं में 42 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित हैं। कुल पीड़ितों में से 30 प्रतिशत लोगों को ही इलाज मिल पाता है। जबकि महिलाओं में 35 प्रतिशत और पुरुषों में 25 प्रतिशत को इलाज का लाभ मिला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत लोगों का हाई बीपी नियंत्रण में है जिसमें महिलाओं में 19 प्रतिशत और पुरुषों में 11 प्रतिशत है। अनियंत्रित हाई बीपी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और समय से पहले मौत का कारण माना जाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि देश में हृदय रोगों से होने वाली 52 प्रतिशत मौतों का कारण हाई बीपी हो सकता है। विश्व स्तर पर हाई बीपी दुनिया भर में तीन वयस्कों में से एक को प्रभावित करता है। हाई बीपी से पीड़ित हर पांच में से चार लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर देश कवरेज बढ़ा सकते हैं, तो 2023 और 2050 के बीच 76 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा कि हाई बीपी को सरल, कम लागत वाली दवा के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन हाई बीपी वाले पांच में से केवल एक व्यक्ति ने ही इसे नियंत्रित किया है। उम्र बढ़ने और जेनेटिक्स कारणों से भी हाई बीपी का खतरा बढ़ सकता है। ज्यादा नमक वाला खाना, शारीरिक रूप से सक्रिय न होना और बहुत अधिक शराब पीने जैसे परिवर्तनीय जोखिम भी हाई बीपी के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव जैसे स्वस्थ खाना, तंबाकू छोड़ना और अधिक सक्रिय रहना हाई बीपी को कम करने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाई बीपी की रोकथाम, शीघ्र पहचान और प्रभावी प्रबंधन स्वास्थ्य देखभाल में सबसे अधिक लागत प्रभावी हस्तक्षेपों में से एक है और इसे प्राथमिक देखभाल स्तर पर अपनाना चाहिए।

## गन्ना समिति गोण्डा मे चल रहे सट्टा प्रदर्शन मेले के दूसरे दिन आयीं 89 शिकायते



जनक राम वर्मा

अलावल देवरिया ( गोंडा )- गन्ना समिति गोण्डा मे चल रहे दस दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले के दूसरे दिन कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 28 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों का जाँच के उपरांत निस्तारण संभव होगा।यहाँ यह ध्यातव्य है कि उक्त मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने गुरुवार को फीता काटकर किया था। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि उक्त मेला 30 सितम्बर चलेगा और यह आपत्ति निस्तारण का अंतिम अवसर है, इसके उपरांत किसी प्रकार की शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी । उन्होंने किसानों से किसानों से अपील की, कि जिन किसानों की उपज जिले की औसत से अधिक हो, वह 30 सितम्बर अपना आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ जमा कर दें। मेले मे सभी क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक,चीनी मिल कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न



सुशील श्रीवास्तव

सादुल्लाह नगर ( बलरामपुर )। आगामी त्यौहार गणेश पूजा एवं बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक थाना प्रांगण मे क्षेत्रीय बुद्धजीवियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक सादुल्ला नगर बृजानंद सिंह के आयोजन में थाना क्षेत्र के पुजारियों, पूजा पण्डाल व्यवस्थापकों/ सम्भ्रान्त व्यक्तियो/ग्राम प्रधानो व झांकी/जुलूस के आयोजकों तथा डीजे मालिकों के साथ उपस्थिति लोगो से त्यौहार के संबन्ध में विवाद /समस्या के बारे में पूछा गया तो किसी के द्वारा कोई समस्या /विवाद नही बताया गया। सभी से त्यौहार को सकुशल सपन्न कराये जाने की अपील की गयी। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में सहयोग की बात कही।

अधिकारियों ने सभी से त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने भाई चारा बनाए रखते हुए सकुशल संपन्न कराये जाने की बात कही।अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरूक किया।सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाना/112 पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया। तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई उससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया।

## मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेश पूजा की धूम, रात्रि में रहता है भारी भीड़



त्रिगुट संवाददाता

अलावल देवरिया ( गोंडा )। मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेश पूजा की धूम रात्रि में भक्तों की लगती है भीड़। मोतीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 18 सितंबर से गणेश पूजा का कार्यक्रम शुरू हुआ जो 23 सितंबर को समाप्त होगा। इस बीच हर स्थान पर गणेश पूजा करने के लिए वह गणेश जी का दर्शन करने के लिए लोगों का जन सैलाब उम्र पड़ता है और लोग प्रसाद का चढ़ावा करते हैं तथा पूजा अर्चना भी करते हैं तथा अपने मनोकामनाएं पूरे होने की कामना गणेश भगवान से करते हैं। वही सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रात्रि में तैनात रहती है थानाध्यक्ष मोतीगंज कृष्ण गोपाल राय ने बताया की मोतीगंज बाजार सहित अनुष्ठानों पर जहां भी गणेश की मूर्ति रखी गई है। वहां पर दिन में कई बार पुलिस कर्मियों को भेज कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है और लोगों को गणेश पूजा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने मनाने की पुलिस द्वारा अपील की जा रही है। थानाध्यक्ष भी समय-समय पर जहां पर गणेश जी की मूर्ति रखी गई है जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है गणेश पूजा का कार्यक्रम 18 सितंबर से शुरू हुआ है और 23 सितंबर दिन शनिवार को समाप्त होगा इस बीच दूर दराज के भक्ति व क्षेत्र लोग आकर प्रसाद का चढ़ावा करते हैं और पूजा अर्चना भी करते हैं तथा गणेश भगवान से अपना हर दुख दूर करने की मिन्नतें करते हैं। लोग बताते हैं कि इस स्थान पर मांगी गई हर मनोकामनाएं पूरी होती है गणेश पूजा के मुख्य कार्यकर्ता डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि गणेश पूजा का आखिरी दिन 23 सितंबर शनिवार है और 23 सितंबर को गाजे बाजे के साथ गणेश जी की मूर्ति को अयोध्या ले जाकर विसर्जन किया जाएगा।

# आजादी का अमृत महोत्सव-एएमयू के अर्थशास्त्र विभाग ने रचा कीर्तिमान, 24 प्रतियोगिताओं में दिए 120 पुरस्कार

अलीगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव में हर कार्यक्रम के प्रति लगनशीलता इस बात से ही सिद्ध होती है कि कोविड काल भी एएमयू के अर्थशास्त्र विभाग को कार्यक्रम करने से रोक नहीं पाया। विभाग ने सितंबर 2021 से जून 2022 तक 14 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें 15 अगस्त 2022 को 52 पुरस्कार प्रदान किए। कोविड काल के बाद कार्यक्रमों की संख्या सर्वाधिक 120 तक पहुंच गई। केंद्रीय विश्वविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने आजादी का अमृत महोत्सव में पूरी शिद्दत से प्रतिभाग किया। यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव में कीर्तिमान स्थापित किया है। अर्थशास्त्र विभाग ने 11 सितंबर 2021 से लेकर 16 अगस्त 2023 तक 24 ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। जिसमें विभाग ने विजेताओं को 120 पुरस्कार प्रदान किए। इतनी प्रतियोगताएं और इतने पुरस्कार देने वाला अर्थशास्त्र विभाग शायद देश के केंद्रीय विश्वविद्यालय में सबसे आगे है।

कार्यक्रम संबोधन

एएमयू के अर्थशास्त्र विभाग में 22 अगस्त 2023 तक चेयरमैन रहे प्रो मोहम्मद अब्दुस सलाम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव को पूरे दिल से मनाया। जिसमें प्रो मोहम्मद अब्दुस सलाम ने बतौर संयोजक और डॉ शिरीन रईस ने सह संयोजिका का दायित्व निर्वाह किया। अर्थशास्त्र विभाग ने कोरोना काल में आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रंखला को 11 सितंबर 2021 में शुरू किया, जो अनवरत कोरोना काल के बाद 16 अगस्त 2023 तक जारी रही।

प्रो अब्दुस सलाम

कार्यक्रम संयोजक प्रो मोहम्मद अब्दुस सलाम ने आजादी का अमृत महोत्सव को शुरू करने के लिए सरकार की बहुत सराहना की। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हर कार्यक्रम को अर्थशास्त्र विभाग ने पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रमों ने छात्रों को अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए मदद की। साथ ही उन्हें देश के कल्याण और देश की आर्थिक नींव को मजबूत करने के लिए काम करने हेतु प्रेरित किया।

प्रोफेसर्स

कार्यक्रमों के संबंध में सह संयोजिका डॉ शिरीन रईस ने बताया कि विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत् 24 प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना एवं विशेष पुरस्कार सहित कुल 120 पुरस्कार प्रदान किए। इसके साथ ही 11 अन्य कार्यक्रम जैसे आउटरीच कार्यक्रम, विशेष व्याख्यान, केंद्रीय बजट की लाइव स्ट्रीमिंग, परीक्षा पे चर्चा की लाइव स्ट्रीमिंग, शैक्षिक फिल्मों की स्ट्रीमिंग आदि का आयोजन किया। इस प्रकार एएमयू के अर्थशास्त्र विभाग ने वर्ष 2021 से अगस्त 2023 तक आजादी के अमृत महोत्सव में कुल 35 कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रतिभागी सहित

आजादी के अमृत महोत्सव में हर कार्यक्रम के प्रति लगनशीलता इस बात से ही सिद्ध होती है कि कोविड काल भी एएमयू के अर्थशास्त्र विभाग को कार्यक्रम करने से रोक नहीं पाया। विभाग ने सितंबर 2021 से जून 2022 तक 14 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें 15 अगस्त 2022 को 52 पुरस्कार प्रदान किए। कोविड काल के बाद भी अर्थशास्त्र विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव में 16 अगस्त 2023 तक और प्रतियोगिताएं आयोजित कीं, जिसके कारण पुरस्कारों की संख्या शतक को पार करते हुए सर्वाधिक 120 तक पहुंच गई।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो महिला समेत तीन घायल

अंबाला सिटी। भाभी और चाची को साथ लेकर घर छोड़ने जा रहे बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना बलदेव नगर पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मोहाली डेराबस्सी झरमड़ी गांव निवासी प्रिंस कुमार ने बताया कि चार दिन पहले वह सुल्तानपुर स्थित नंद अस्पताल से अपनी बीमार भाभी रजनी देवी को दवाई दिलाने आया था। दवाई दिलाने के बाद बाइक पर भाभी व चाची को बैठाकर घर जा रहा था। वह सद्दोपुर फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहा था। उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों हाईवे पर गिर गए और घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से एमएम अस्पताल पहुंचाया।

# तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन




त्रिगुट संवाददाता

श्रावस्ती। लाल बहादुर शास्त्री कृषि इण्टर कॉलेज वीरगंज श्रावस्ती में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन आभा विकाश संस्थान बस्ती - उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वधान में आयोजित किया गया। 20 सितम्बर से 22 सितम्बर 2023 को इस अवसर पर प्रदर्शनी में रोचक भरी प्रतियोगिताओ का प्रदर्शन हुआ तथा बच्चों को ज्ञान और विज्ञान की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके ज्ञान की देवी मां शारदे की वंदना के द्वारा शुरुआत किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री जयचंद्र चौरसिया जी को बैच लगाकर माल्यार्पण, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रसस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। सर ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करके विज्ञान और अपने देश को अपना विशेष योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने आज के युग मे विज्ञान के योगदान के बारे में बच्चों को बताया। इन्होंने बताया कि आज के युग में बिना विज्ञान के जीवन संभव नहीं है जो कुछ भी है सब विज्ञान की देन है

मुख्य अतिथि श्री सुधीर सिंह जी को माल्यार्पण, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रसस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। सर ने सभी विद्यार्थियों को महान वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन ,विक्रम साराभाई के योगदान के बारे में जानकारी दी। इन्होंने बताया कि किस तरह से हमारे देश के महान वैज्ञानिकों ने कठिन परिश्रम के बाद सफलता प्राप्त की और किस तरह से अपना जीवन देश के प्रति समर्पित कर दिया। इन्होंने बच्चों अपने जीवन मे निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया । श्री संतोष कुमार शुक्ल जी का अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया। इन्होंने बच्चों के लिए प्रोत्साहित भाषण दिया। इनके द्वारा हमारे महान वैज्ञानिकों जैसे सर सी बी रमन , ए पी जे अब्दुल कलाम आदि के योगदान के बारे में और उनके द्वारा किए गए आविष्कारों के बारे मे बच्चों को जानकारी प्रदान की गयी । विद्यालय के अध्यापक श्री त्रयंबक मणि त्रिपाठी जी का अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया। इन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बताया कि आप सभी लोगों को रोगों से बचाव करने के लिए नियमित रूप से साफ सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए। सर ने बताया कि किस तरह से हमारे वैज्ञानिकों ने हवाई जहाज, बल्ब, भाप इंजन आदि का अविष्कार किया और विज्ञान के द्वारा हमारे समाज को अपना विशेष योगदान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विज्ञान के कुछ प्रयोगों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने वैरोमीटर, टेलीस्कोप, दूरवीन, चुम्बकीय पथ, पेरिस्कोप, पेंडुलम इत्यादि मॉडल का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं । सभी का स्वागत बैच लगाकर, प्रशस्ति पत्र द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिया, मॉडल प्रतियोगिता तथा कला एवम् पेंटिंग प्रतियोगिता करायी गई इन प्रतियोगिताओं में जिन बच्चों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया उन सभी बच्चों को इस कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। पूरा कार्यक्रम सतीश कुमार जी की देखरेख में संपन्न हुआ।







RNI No. 46071/85

स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक **टी.रजा रिज़वी** ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।

गोण्डा कार्यालय

फोन/फैक्स—05262—230683
मो0— 09415120085
लखनऊ कार्यालय—
फोन— 0522—4028445
मो0— 09415249085
:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com